दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    संपादक - डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227    वर्ष 8    अंक 183    शुक्रवार 4 जुलाई, 2025    Friday 4 July , 2025    मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12    मोब :9416406615,7404278000,9215537704







## बेटी ने पति के साथ मिलकर अपने पिता को मौत के घाट उतारा

राजकोट 3 जुलाई (निस): गुजरात के राजकोट जिले में एक चौंकाने वाली घटना हुई है, जहां एक बेटी और उसके पति ने मिलकर वृद्ध पिता की हत्या की। पिता के झगड़ों से परेशान होकर बेटी-दामाद ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। मामला राजकोट के पदाधरी तालुका के तरघाडी गांव का है। यहां मजदूरी करने वाला शख्स अपनी ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया प्रथम दो दिवसीय शहरी निकाय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

### लोकसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने दीप प्रज्वलन के साथ किया सम्मेलन का उद्घाटन

## विकसित राष्ट्र निर्माण में शहरी निकाय की अहम भूमिका: ओम बिरला






चंडीगढ़, 3 जुलाई (अमृतपाल सिंह): लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में शहरी निकाय की अहम भूमिका है। शहरी निकाय जन प्रतिनिधियों को नवाचार पद्धति, सशक्त मार्गदर्शन व व्यवहार कुशलता के साथ विकसित भारत के विजन 2047 को सामने रख अपना दायित्व निभाना होगा। उन्होंने कहा कि सभी संकल्प लें कि मेरा निगम, मेरा परिषद व मेरी नगर पालिका व मेरा शहर दुनिया के स्वच्छ व सुंदर शहरों में शुमार हो। लोकसभा अध्यक्ष गुरुवार को मानेसर स्थित आईकैट-2 परिसर सभागार में संवैधानिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका विषय पर आयोजित प्रथम दो दिवसीय राष्ट्रीय( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## रुसी नौसेना के डिप्टी हेड मेजर जनरल गुडकोव मारे गए

मास्को, 3 जुलाई (निस) रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में रूस को एक बड़ा सैन्य झटका लगा है। रूसी नौसेना के उपप्रमुख मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव की एक हमले में मौत हो गई। जानकारी अनुसार, यूक्रेनी सेना ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में स्थित कोरेनेवो कमांड पोस्ट को निशाना बनाया, जहां गुडकोव और अन्य सैनिक मौजूद थे। रूसी मीडिया रिपोर्ट्स और सैन्य टेलीग्राम चैनलों के अनुसार, इस हमले में गुडकोव के अलावा 10 अन्य रूसी सैनिक भी मारे गए हैं। इस हमले की पुष्टि रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र के गवर्नर ओलेग कोझेम्याको ने की है। उन्होंने बताया कि मेजर जनरल गुडकोव कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए हैं।

# हिमाचल के हमीरपुर व आसपास भी बादल फटने से भारी तबाही, कई घर तबाह, 13 शव मिले

### पंजाब,हरियाणा,दिल्ली समेत 10 इन राज्यों में बारिश का अलर्ट



मंडी 3 जुलाई (निस) हिमाचल के मंडी जिले में बारिश का जमकर कहर बरश रहा है। जमीन धसने और बादल फटने से यहां भारी नुकसान हुआ है। हालात ये हैं कि बाढ़ के सैलाब में 148 घर तिनके की तरह बह गए और 29 लोग लापता हो गए। इसमें से 13 शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि सैकड़ों लोग राहत शिविरों में रात बिताने को मजबूर हैं। जिले के 12 उपमंडलों में कुल मिलाकर 13 लोगों की मौत, 29 लोग लापता और 154 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। कुल 148 मकान, 104 गोशालाएं और 162 पशुओं की मौत की पुष्टि प्रशासन ने की है। मंडी आपदा प्रबंधन ने 2 जुलाई की शाम तक की रिपोर्ट जारी की है। इसमें पूरी जानकारी दी है। थुनाग उपमंडल में सबसे ज्यादा असर पड़ा और यहां 1 मौत और 11 लापता हैं। थुनाग में 40 मकानों और 30 वाहनों को नुकसान पहुंचा है और 6 पुल टूट गए हैं। प्रशासन की तरफ से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में 120 लोग, जीपीएस थुनाग 80 लोग को ठहराया गया है। वहीं,( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक,ऑपरेशन सिंदूर पर मचेगा सियासी घमासान



नई दिल्ली 3 जुलाई (निस): संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा, जो पहले तय कार्यक्रम से एक सप्ताह अधिक लंबा होगा। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस सत्र को आहूत करने के सरकारी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए 13 और 14 अगस्त को संसद की बैठक नहीं होगी। पहले यह सत्र 12 अगस्त को समाप्त होना था, लेकिन अब इसकी अवधि बढ़ाए जाने से सत्र में महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा की संभावना मजबूत हो गई है।

**परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी पर सरकार की नजर** - सरकार इस सत्र में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने संबंधी महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इसके तहत, परमाणु ऊर्जा अधिनियम, सिविल दायित्व अधिनियम, 2010 में संशोधन की योजना बनाई गई है। केन्द्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुरूप इन संशोधनों से निजी निवेश को सुगम बनाने का प्रयास होगा।

**इन मुद्दों पर घिर सकती है सरकार** - मानसून सत्र शुरू होने से पहले ही विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद में( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों मौत

मेरठ 3 जुलाई (निस): एक ही बाइक पर जा रहे परिवार के पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर हुए इस दर्दनाक हादसे में चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पांच लोगों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में सभी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पांचों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में मौत की खबर पर( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# हरियाणा ने विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का रखा लक्ष्य -मुख्यमंत्री

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को साकार करने की राह दिखाएगा स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन - नायब सिंह सैनी



चंडीगढ़, 3 जुलाई (अमृतपाल सिंह): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा को मिली है। इस सम्मेलन में हम सब अपने लोकतंत्र को मजबूत करने तथा राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर विचार मंथन कर रहे हैं। यह विषय हमारे लोकतंत्र की जड़ों को सींचने और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत- 2047 के विजन को साकार करने की राह दिखाता है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला और नर्सरी हैं। लोकतंत्र की जड़ें स्थानीय स्तर पर जितनी गहरी होंगी, हमारा राष्ट्र उतना सशक्त बनेगा। अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है तो आमजन को लगता है कि उसने अपने स्थानीय निकाय की बागडोर सही हाथों में सौंपी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित हरियाणा, विकसित नगरों से ही बनेगा। इसलिए, हमने हरियाणा में विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# लोकतंत्र हमारे लिए सिस्टम नहीं, संस्कार है - घाना की संसद में बोले पीएम मोदी

### घाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से पीएम मोदी किए गए सम्मानित,दोनों देशों के बीच हुए अहम समझौते





नई दिल्ली 3 जुलाई (निस): भारत की बढ़ती वैश्विक साख और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक कुशलता ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। पीएम मोदी को अब तक 24 देशों से सर्वोच्च सम्मान मिल चुके हैं, जो किसी भी भारतीय नेता के लिए रिकॉर्ड है। इनमें रूस का 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रू', यूएई का 'जायद मेडल', फ्रांस का 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर', मालदीव का 'रूल ऑफ इज्जुद्दीन' और नाइजीरिया, साइप्रस, फिजी जैसे देशों के प्रतिष्ठित पुरस्कार शामिल हैं। घाना की राजधानी अक्रा में देखने को मिला, जहां पीएम मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से नवाजा गया। यह सम्मान विदेशी नेताओं को बहुत कम दिया जाता है और यह भारत-घाना के मजबूत रिश्तों का प्रतीक है। 30 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की घाना यात्रा ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा किया। घाना की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत और घाना का रिश्ता सिर्फ कूटनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपसी विश्वास और साझा मूल्यों की नींव पर टिका है। यह सम्मान भारत की जनता के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने भारत-अफ्रीका सहयोग, सांस्कृतिक जुड़ाव और विकास की( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## संजीव अरोड़ा ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली

चंडीगढ़ 3 जुलाई (निस): पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की उपस्थिति में पंजाब राज भवन में एक सादे लेकिन प्रभावशाली समारोह के दौरान संजीव अरोड़ा को कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा ने राज्यपाल की अनुमति से समारोह की कार्यवाही संचालित की। शपथ लेने के बाद संजीव अरोड़ा ने शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिस पर राज्यपाल ने भी हस्ताक्षर किए।( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं, 2027 में गुजरात में बनाएंगे सरकार- केजरीवाल



अहमदाबाद 3 जुलाई (निस): आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब कांग्रेस के साथ उनका कोई गठबंधन नहीं है और 'इंडिया अलायंस' लोकसभा चुनाव के लिए बना था। केजरीवाल भले ही कांग्रेस के साथ गठबंधन खत्म करने का ऐलान किया पर अगले लोकसभा चुनाव को लेकर यह कहते हुए संभावनाएं खुली रखीं कि 2029 अभी दूर है।केजरीवाल गुरुवार को गुजरात में चुनावी तैयारी को देखने पहुंचे।उन्होंने गुजरात( **शेष पृष्ठ दो पर** )




## पृष्ठ एक का शेष...

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया प्रथम दो दिवसीय...** सम्मेलन में देश भर से आए जनप्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि श्री ओम बिरला ने दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत रूप से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण, उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल लोकसभा सचिवालय के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि शहरी निकाय जनप्रतिनिधि सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कदम बढ़ाएं तो वे निश्चित तौर पर शहरी क्षेत्र में ऊर्जावान बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश को नई दिशा देने में राष्ट्र की सबसे छोटी इकाई के रूप में कार्य कर रही शहरी निकाय मजबूती से अब आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज हम उज्ज्वल भविष्य के साथ भारत की लोकतांत्रिक संस्था को मजबूत करने के लिए कैसे आगे बढ़ें इसी सोच को चरितार्थ करने के लिए एकत्रित हुए हैं। इन दो दिन में राष्ट्र हित में शहरी निकाय प्रतिनिधि चर्चा, संवाद, नवाचार पद्धति व अपने कुशल सुझाव व अनुभवों को रखते हुए मिलकर नया भारत-विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में भागीदार बनेंगे।उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की अतुलनीय भूमिका है जहां जनप्रतिनिधि जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनका समाधान सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोकसभा, विधानसभा के साथ ही शहरी व पंचायती संस्थाएं आमजन से जुड़ाव का सशक्त माध्यम बनती हैं। जनहित के लिए लोकसभा व विधानसभा जहां नए कानून बनाती है और उनके क्रियान्वयन में कार्यपालिका की सक्रिय सहभागिता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्वशासन लोकतंत्र का मजबूत स्तम्भ है। लोकतंत्र को जड़ों तक पहुंचाने में नगरीय निकायों की भूमिका सबसे अहम है।

**लोकतंत्र हमारे लिए सिस्टम नहीं, संस्कार है - घाना ...** साझा यात्रा पर जोर दिया। मोदी और महामा के बीच एक संयुक्त बयान में चार प्रमुख समझौतों पर दस्तखत किए गए — साथ ही कई अहम घोषणाएं भी की गईं ।संयुक्त राष्ट्र ने भी उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से सम्मानित किया था। ये सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत और प्रभाव का परिचायक हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में भारत ने 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को अपनाते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत किया है। उनकी विदेश यात्राएं नए व्यापारिक अवसर, निवेश और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनी हैं। घाना का यह सम्मान भारत के वैश्विक नेतृत्व की भूमिका को रेखांकित करता है। पीएम मोदी ने न केवल भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया, बल्कि वे विकासशील देशों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। उनकी कूटनीति ने भारत को वैश्विक मंच पर एक भरोसेमंद और प्रभावशाली साझेदार बनाया है। यह सम्मान भारत के उभरते कद और विश्वास की गवाही है, जो आने वाले समय में और सशक्त होगा।

**लोकतंत्र हमारे लिए सिस्टम नहीं, संस्कार है -घाना की संसद में बोले पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना गणराज्य की संसद को संबोधित किया। घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करती है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में, मैं अपने साथ 1.4 बिलियन भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूँ। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी मिट्टी के नीचे जो कुछ है, बल्कि आपके दिल में जो गर्मजोशी और ताकत है, उसके लिए भी। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल शाम का अनुभव बहुत ही मार्मिक था, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति जॉन महामा से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना सम्मान की बात है...भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आज सुबह मुझे हमारे दूरदर्शी और राजनेता तथा घाना के प्रिय पुत्र डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने एक बार कहा था कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें उन अतिरंजित प्रभावों से कहीं अधिक बड़ी हैं जो हमें अलग रखती हैं। उनके शब्द हमारी साझा यात्रा का मार्गदर्शन करते रहते हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें। कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**

कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227

**हरियाणा ने विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की ...** को लाभ - लक्ष्य रखा है।

**5 अत्याधुनिक शहर बसाने की परियोजना पर हो रहा काम- मुख्यमंत्री**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि साइबर सिटी गुरुग्राम शहरी विकास का एक मॉडल है। इसके साथ लगते 180 किलोमीटर लंबे के.एम.पी. कॉरिडोर के साथ पंच ग्राम योजना के तहत ऐसे ही 5 अति आधुनिक शहर बसाने की परियोजना पर काम कर रहे हैं। यह योजना वर्ष 2050 तक 75 लाख जनसंख्या के लिए बनाई गई है।

**पीपीपी से योजनाओं का मिल रहा आमजन ( शेष पृष्ठ दो पर )**मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरुत योजना के तहत शहरों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। हरियाणा में सभी परिवारों का पहचान पत्र बनाया गया है और इससे सभी सरकारी योजनाओं को जोड़ दिया है। अब इन योजनाओं का लाभ नागरिकों को घर द्वार पर ही मिल रहा है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जिस स्वामित्व योजना को पूरे देश में लागू किया है, उस योजना को हरियाणा ने शत-प्रतिशत लागू कर दिया है। इसके साथ-साथ हरियाणा में नगर दर्शन पोर्टल की शुरुआत भी की गई है।

**शहरी निकाय को बनाया सशक्त** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों को सशक्त और पारदर्शी बनाना बेहद जरूरी है। इसके लिए हरियाणा में ई गवर्नेंस को तेजी से अपनाया जा रहा है। हरियाणा के हर निगम में डिजिटल पोर्टल के माध्यम से काम किया जा रहा है। एआई के माध्यम से समस्याओं के समाधान हो रहे हैं। संपत्ति कर, बिजली के बिल, ठोस कूड़ा प्रबंधन जैसे विषयों पर प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का मूल मंत्र है विकास भी और पर्यावरण भी। इसके लिए हमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, ग्रीन बिल्डिंग, सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को प्राथमिकता देनी होगी। हर नगर निकाय को एक ग्रीन एक्शन प्लान तैयार करना होगा। जल संकट से निपटने के लिए अमृत सरोवर और जल जीवन मिशन जैसे अभियानों को हरियाणा गति दे रहा है।

**हरियाणा ने कुंडली और मानेसर औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए 148 डोरमेट्री यूनिट्स का किया निर्माण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल मिशन नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों का हिस्सा बने। स्वच्छ भारत मिशन का पहला चरण जन-जागरूकता था, दूसरा चरण इन्फ्रास्ट्रक्चर है, अब तीसरा चरण संस्कार होना चाहिए। शहरों को कचरा मुक्त करने के लिए शत-प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन, बायो-सीएनजी और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि शहर स्लम मुक्त हो। गरीब को पक्का मकान, स्वच्छ पानी, अच्छी बुनियादी सुविधाएं और पूरा सम्मान मिले। इस दिशा में पी.एम. आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के लिए देश में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बन चुके हैं। हरियाणा में प्रथम चरण में कुंडली और मानेसर औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए 148 डोरमेट्री यूनिट्स का निर्माण किया है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को धरातल पर उतारने में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

**बेटी ने पति के साथ मिलकर अपने पिता को ...**बेटी और दामाद के साथ रहता था। अक्सर उनकी उपेक्षा को लेकर पिता और बेटी-दामाद के बीच झगड़े होते रहते थे। 30 जून को फिर से झगड़ा हुआ, इसके बाद बेटी खेता और दामाद गणपत अजनार ने अपने पिता हिम्मत सिंह की लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद, बेटी और दामाद ने पिता की हत्या को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की। उन्होंने पहले शव को पानी से नहलाया और साफ करने के बाद शव को सड़क किनारे फेंककर घर वापस चले आए।

**कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं, 2027 में गुजरात ...** जोड़ो अभियान को लेकर एक नंबर जारी किया और पार्टी के विस्तार योजना की जानकारी दी। केजरीवाल ने 2027 में गुजरात में सरकार बनाने का दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी का अब गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा कोई गठबंधन होता तो विसावदर में वह क्यों लड़ते? वह हमें हराने आए थे। बीजेपी ने कांग्रेस को भेजा था कि आप के वोट काटो। कांग्रेस ने ठीक से काम नहीं किया। इंडिया गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल पर केजरीवाल ने कहा कि वह इंडिया अलायंस लोकसभा के लिए था।

**संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक...** चर्चा की मांग तेज कर दी है। यह अभियान 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई से जुड़ा है। इसके साथ ही विपक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर भी सवाल उठाए हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराया है। यह अलग बात है कि सरकार ने इसका खंडन किया और कहा कि भारत ने कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है।

**दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही ...** परिवार में कोहराम मच गया। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि पांचों की पहचान रफीक नगर निवासी 36 वर्षीय दानिश और उसकी बेटियां पांच साल की समायरा, छह साल की माहिरा और तरताज की आठ साल की बेटी समर और सरताज के भाई वकील की आठ साल की बेटी माहिम के रूप में हुई है। पुलिस सीसीटीवी के माध्यमसे अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, कोतवाली नगर क्षेत्र में रफीकनगर माजिदपुरा के रहने वाला दानिश अपनी दो बेटियों के साथ दो अन्य बच्चों को लेकर बुधवार शाम एक ही बाइक से थाना हाफिजपुर के गांव मुर्शीदपुर में स्वीमिंग पूल में नहाने गए थे।

**संजीव अरोड़ा ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री के ...** शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, हरजोत बैंस, डॉ. बलबीर सिंह, डॉ. बलजीत कौर, हरदीप सिंह मुंडियां, महिंदर भगत, डॉ. रवजोत सिंह, बरिंदर गोयल, लालजीत सिंह भुल्लर, लाल चंद कटारूचक, गुरमीत सिंह खुड्डियां तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह में विभिन्न विधायक, पार्टी नेता, सिविल एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा नव नियुक्त मंत्री के पारिवारिक सदस्य भी उपस्थित थे।

**हिमाचल के हमीरपुर व आसपास भी बादल फटने से ...** वायुसेना ने यहां से दो गर्भवती महिलाओं को हेलिकॉप्टर से सुरक्षित निकाला है। करसोग उपमंडल में अब लोगों की 2 मौत हुई है और बुधवार को 30 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किया गया। यहा पर 27 मकान, 9 गोशालाएं ध्वस्त हो गई हैं। और 19 पशुओं की भी मौत हुई है। 1 छोटी पुलिया टूट गई है।फिलहाल, प्रशासन ने यहां पर 1,23,000 रुपए राहत राशि बांटी है।मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में आने वाले दिनों में भारी बरसात की संभावना नहीं है। वहीं दिल्ली में आज आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान गरज-चमक के साथ आंधी चल सकती है। हल्की बारिश होने के भी आसार हैं। आज दिल्ली का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने पूर्वी और मध्य भारत के लिए पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभग के अनुसार, 8 जुलाई तक विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। छह जुलाई तक सिक्किम, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं इस हफ्ते के अंत तक पूर्वी भारत के मेघालय, दक्षिण-पूर्व असम, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम में भयावह बारिश हो सकती है। उत्तर पश्चिम भारत के मौसम की बत करें तो मौसम विभाग का कहना है कि 8 जुलाई तक राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अलग-अलग इलाकों में भारी बरसात देखने को मिल सकती है।

# देशी मस्कट व जिंदा कारतूस के साथ युवक काबू ,पुलिस को आरोपी के बड़े हथियार सप्लायर नेटवर्क से जुड़े होने का शक



**पंचकूला,3 जुलाई ( सतीश मंगला ):** एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के नेतृत्व में कार्यरत क्राइम ब्रांच सेक्टर 26 की टीम को एक बड़ी सफलता उस समय मिली जब टीम ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को अवैध हथियार के साथ धर दबोचा। यह कार्रवाई उस समय की गई जब टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक गांव बागवाला की तरफ जाने वाली सड़क पर संदिग्ध अवस्था में खड़ा है और उसके पास अवैध हथियार होने की संभावना है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच-26 के प्रभारी इंस्पेक्टर दलीप सिंह ने अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और मौके पर मौजूद युवक को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान युवक की पहचान मोहम्मद कैफ पुत्र इंतकाब निवासी गांव बसेड़ा, जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। उसकी उम्र 20 वर्ष है। जब टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी टी-शर्ट के नीचे, कमर के पीछे एक देसी मस्कट छुपाई हुई मिली, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। इसके अलावा आरोपी के पास से एक जिंदा रौंद भी बरामद किया गया। पूछने पर आरोपी कोई वैध लाइसेंस अथवा हथियार से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। उक्त मामले में आरोपी के विरुद्ध थाना रायपुर रानी में शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1)(a) के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपी को आज माननीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार कर रहे है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी, जिसमें यह जानकारी जुटाने का प्रयास किया जाएगा कि उसके खिलाफ पूर्व में कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं या नहीं। इसके साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि आरोपी के पास यह हथियार कैसे और कहां से आया। क्या उसने किसी से खरीदा, या उसे किसी विशेष कार्य के लिए यह हथियार दिया गया था। यह भी जांच का विषय होगा कि आरोपी किसी को यह हथियार बेचने जा रहा था या किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। एसीपी क्राइम का मानना है कि इस तरह के मामलों के तार अक्सर किसी बड़े हथियार सप्लायर नेटवर्क से जुड़े होते हैं। इसलिए पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर आगे की कार्रवाई कर रही है। जिससे मुख्य सप्लायर या गिरोह तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

# समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के निस्तारण में पुलिस अधिकारी लाए तेजी पुलिस अधीक्षक- भूपेंद्र सिंह

## शिविर में अधिकारियों को ओर गंभीरता से कार्य करनें की जरूरत- नगराधीश



पानीपत, 3 जुलाई (हरप्रीत छत्तवाल) हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में जरूरतमंद लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि पुलिस विभाग से संबंधित जो भी समस्या जनता समाधान शिविर में दर्ज होती है निश्चित रूप से उन पर संज्ञान लिया जाता है। पुलिस अधीक्षक ने आम जन से भी अनुरोध किया की वे अपने आस-पास सफाई रखें व गर्मियों में फैलने वाली बीमारियों के बचाव को लेकर सावधानियां बरते। निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी ने कहा कि समाधान शिविर में अधिकारी समय की कीमत को पहचाने व लोगों की समस्याओं के प्रति और गम्भीरता दिखाएं। हर व्यक्ति इस उम्मीद के साथ समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंचता है कि उसका समाधान जरूर होगा। इस उम्मीद को बरकरार रखना है। सीईओ ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं पर अधिकारियों को ना केवल ध्यान देना है बल्कि उन पर मेहनत करके निश्चित समय अवधि में उनका समाधान भी करना है। नगराधीश टीनू पोसवाल समाधान शिविर में ने कहा कि समाधान शिविर इस विश्वास के साथ संचालित किया जा रहा है कि लोगों की समस्याओं का कम से कम समय में समाधान होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर में समय पर पहुंचकर जनता की समस्याओं का समाधान करें। समाधान शिविर में गुरूवार को फैमिली आईडी, क्रीड़ विभाग और पुलिस से सम्बंधित 78 पहुंची । कुछ समस्याएं रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी भी शिविर में पहुंची। प्रार्थी संदीप, विनोद, निशांत, और पंकज वासी पल्हेड़ी ने गांव के खेल स्टेडियम को साफ सुथरा करवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी ने संबंधित विभाग को कार्रवाई करने के लिए कहा। प्रार्थी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने हुडा ग्रीन बेल्ट पर से अवैध कब्जा हटवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया।प्रार्थी धर्मपाल वासी शास्त्री नगर, समालखा ने गली का निर्माण करवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। एक अन्य शिकायतकर्ता राजेंद्र वास शाहपुर ने खेत के ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिएप्रशासन से अनुरोध किया। निगम संयुक्त आयुक्त ने संबंधित विभाग को जांच के आदेश दिए। प्रार्थी कमलेश वासी कोहली बस्ती ने प्रशासन से बीपीएल राशन कार्ड बनवाने की गुहार लगाई। निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी ने डीएफएससी को जांच के निर्देश दिए। प्रार्थी सरोज बाला वासी वार्ड नंबर 5 ने बेटी की कन्यादान राशि दिलवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। निगम संयुक्त आयुक्त ने समाज कल्याण विभाग को जांच के आदेश दिए। इस मौक पर डीएसपी सतीश वत्स, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता करण बहल, एसडीएम सूबे सिंह, बिजली विभाग के एसडीओ मनोज कुंडू, कृषि विभाग के एसडीओ राधे श्याम, मत्स्य अधिकारी मदन मोहन आदि मौजूद रहे।

## मूनक से पक्का खेड़ा सड़क का निर्माण अधिकारियों द्वारा निरीक्षण

**मूनक, 3 जुलाई ( जयभगवान ):** गांव मूनक वाया बाल राजपूताना से होती हुई पक्का खेड़ा सड़क का कार्य कई वर्षों से रुका हुआ था। अब उसका निर्माण कार्य जोरों से शुरू किया गया है । यह सड़क कई गाँव को जोड़ती हुई निसिंग ,कैथल व असंध को जोडती हुई निकलती है। इस पर सैकड़ो की संख्या में वाहनों की आवा-जावी लगी रहती है। किसानों को अपनी फसल मंडी में डालने के लिए उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती थी । उनके वाहन कई बार खराब हो जाते थे। आज उस सड़क का निरीक्षण करने के लिए विभाग के एक्शन राजकुमार, एसडीओ संजीव कुमार तंवर ,जेई राजेंद्र अरोड़ा ने कार्य का निरीक्षण किया । पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ संजीव तंवर ने बताया कि यह सड़क की लंबाई लगभग 15 किलोमीटर व चौड़ाई 18 फुट की 5 करोड़ की लागत से इसको बनाया जाएगा। इसको जल्दी ही कार्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने मौके पर निरीक्षण लेते हुए कहां की जिन ग्रामीणों ने सड़क पर रेम्प बना रखे हैं उनको तोड़ा जाएगा । उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जल्दी से इनको हटा दिया जाए । अन्यथा इनको विभाग के द्वारा हटाया जाएगा । उन्होंने बताया कि इन रेम्प के कारण सड़क का पानी की निकासी नहीं हो पाती जिससे सड़क पर पानी खड़ा होने के कारण सड़क जल्दी टूट जाती है । फिर भी कोई कानून का पालन नहीं करता तो उन पर जुर्माना लगाकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गांव के सरपंच प्रतिनिधि ओम प्रकाश मौके पर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि यह समस्या काफी वर्षों से चली आ रही थी और इस पर थोड़ी सी बारिश में ही पानी खड़ा हो जाता था। इस रास्ते पर खंड कार्यालय ,थाना अनाज मंडी इसी रास्ते पर पड़ता है। जिनके कारण आवा जावी ज्यादा होती है । इस सड़क के कारण लोगों को ज्यादा आने-जाने में परेशानी रहती थी। इस दौरान ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन अजय कुमार, ग्राम सचिव नेत्रपाल राणा, दलवीर, सलिन्दर, राममेहर, मांगेराम, प्यारेलाल, महेंद्र मौजूद रहे।

**कार्यालय नगरपालिका निसिंग**

Email Id : secy-nissing@ulbharyana.gov.in
Telephone No 70150-08743

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एवं अन्य के रूप में विशेष अपील (सी) संख्या 8519/2006 में पारित दिनांक 29.09.2009 के आदेश के तहत निर्देश दिया कि उस तिथि के बाद सार्वजनिक सड़को, सार्वजनिक पार्कों या सार्वजनिक स्थानों आदि पर मंदिर, व मस्जिद या गुरूद्वारा आदि के नाम पर कोई अनाधिकृत निर्माण नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रारंभिक रूप से रिपोर्ट मांगने और कार्यान्वयन की निगरानी के बाद दिनांक 31.01.2018 के आदेश के तहत मामलों को प्रभावी तरीके से अपने आदेशों के कार्यान्यवन को सुनिश्चित करने के लिए संबधित उच्च न्यायालय को भेज दिया है। उक्त आदेशों के पालन में सरकारी भूमि, ग्रीन बेल्ट, सरकारी पार्क, सड़क, फुटपाथ इत्यादि पर बने अवैध संस्थान स्ट्रकचर, भवन आदि को तुरंत प्रभाव से हटा ले अन्यथा संबधित सक्षम अधिकारी द्वारा कानूनी कार्रवाई करते हुए उपरोक्त भवनों को तोड़-फोड कर हटा दिया जाएगा, जिसमें होने वाले हर्जा खर्चा के लिए उपरोक्त संस्थानो को चलाने वाले अनुयायी स्वयं जिम्मेवार होंगे। इसके अतिरिक्त संबंधित के विरूद्ध दंडात्मक एवं न्यायालय के आदेश की अवमानना की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगा।

**मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार**

**कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी**

Email Id:-secy-nilokheri@ulbharyana.gov.in
Telephone No 01745-247520

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एवं अन्य के रूप में विशेष अपील (सी) संख्या 8519/2006 में पारित दिनांक 29.09.2009 के आदेश के तहत निर्देश दिया कि उस तिथि के बाद सार्वजनिक सड़को, सार्वजनिक पार्कों या सार्वजनिक स्थानों आदि पर मंदिर, व मस्जिद या गुरूद्वारा आदि के नाम पर कोई अनाधिकृत निर्माण नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रारंभिक रूप से रिपोर्ट मांगने और कार्यान्वयन की निगरानी के बाद दिनांक 31.01.2018 के आदेश के तहत मामलों को प्रभावी तरीके से अपने आदेशों के कार्यान्यवन को सुनिश्चित करने के लिए संबधित उच्च न्यायालय को भेज दिया है। उक्त आदेशों के पालन में सरकारी भूमि, ग्रीन बेल्ट, सरकारी पार्क, सड़क, फुटपाथ इत्यादि पर बने अवैध संस्थान स्ट्रकचर, भवन आदि को तुरंत प्रभाव से हटा ले अन्यथा संबधित सक्षम अधिकारी द्वारा कानूनी कार्रवाई करते हुए उपरोक्त भवनों को तोड़-फोड कर हटा दिया जाएगा, जिसमें होने वाले हर्जा खर्चा के लिए उपरोक्त संस्थानो को चलाने वाले अनुयायी स्वयं जिम्मेवार होंगे। इसके अतिरिक्त संबंधित के विरूद्ध दंडात्मक एवं न्यायालय के आदेश की अवमानना की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगा।

**मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार**

# जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद कुमारी सैलजा ने अधिकारियों को सुनाई खरी-खोटी

## डीसी को कहा-नहरों की सफाई और घग्घर के तटबंधों की मजबूती की कमेटी गठित कर करवाई जाए जांच



**सिरसा,3 जुलाई ( ब्यूरो ):** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने वीरवार को बरनाल रोड़ स्थित पंचायत भवन में आयोजित जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों को नेशनल हाइवे के ड्रेनेज को लेकर खूब खरी खोटी हुई। सांसद ने कहा कि बहाने बनाने से काम नहीं चलेगा वे स्वयं देखकर आई है कि कोई सफाई नहीं हुई है, कोई मरम्मत नहीं है, मीडिया और अधिकारियों के साथ लेकर चलते है वे भी देख लेंगे कि कैसे काम हो रहा है। इसके साथ ही सांसद ने नहरों की सफाई और तटबंधों को मजबूत ने किए जाने को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की क्लास लगाई साथ ही कुमारी सैलजा ने उपायुक्त शांतनु शर्मा से कहा कि ये गंभीर मामला है, कमेटी गठित कर इसकी जांच करवाई जाए। लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, अधिकारियों ने तो मजाक बनाया हुआ है। इस मौके पर ऐलनाबाद के विधायक चौ. भरत सिंह बैनीवाल, कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, उपायुक्त शांतनु शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी मंचासीन थे जबकि महिला कांग्रेस की जिला प्रधान कृष्णा फोगाट, सरपंच संतोष बैनीवाल, राजकुमार शर्मा, नवीन केडिया, राजेश चांडीवाल आदि मौजूद थे। सांसद कुमारी सैलजा ने सबसे पहले नेशनल हाइवे-9 पर ड्रेनेज की व्यवस्था ठीक न होने, जलभराव से हादसे होने का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि हिसार से डबवाली के बीच 41 किमी क्षेत्र में ड्रेनेज ठीक करने के लिए करीब 150 करोड़ रुपये की राशि पांच साल के लिए आई पर देखकर नहीं लगता कि इस दिशा में कोई काम हुआ है। मौके पर मौजूद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सारा काम हो चुका है कही पर भी जलभराव नहीं होता है, इतना सुनते ही सांसद ने उन्हें सच्चाई से अवगत करवाया। नेशनल हाइवे-9 पर ड्रेनेज की व्यवस्था को लेकर अधिकारी के जवाब से सांसद कुमारी सैलजा गुस्से में आ गई। सांसद ने कहा कि वे स्वयं आज हिसार से सिरसा आते हुए देखकर आई है, नालों की सफाई नहीं है, कूड़े से अटे पडे है घास और झाडियां उगी हुई है, मरम्मत तक नहीं करवाई गई है कुछ स्थानों की वीडियोंग्राफी भी करवाई है, अगर तुम्हारी बात सही है तो मीडियाकर्मियों और अधिकाारियों को साथ लेकर चलते है ये भी देख लेंगे कैसे काम हुआ है, इस पर अधिकारी ने एकदम पलटते हुए कहा कि बरसात से पहले काम पूरा हो जाएगा, सांसद ने कहा कि अब कौन सी बरसात की बात कर रहे हो वह तो शुरू हो चुकी है। अधिकारी ने जल्द से जल्द काम पूरा करने का आश्वासन दिया। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि वे देख रही है कि अधिकारियों में काम करने की नीयत नहीं रही। सांसद ने कहा कि जो काम अभी तक नहीं हुआ है वह जल्द से जल्द हो जाना चाहिए, अगली बैठक में कोई बहाना नहीं चलेगा। घग्घर नदी के तटबंधों की मजबूती और नहरों की साफ सफाई को लेकर काफी गंभीर दिखाई दी, ये काम 30 जून तक पूरा हो जाना चाहिए था पर अधिकारी खानापूर्ति में लगे हुए है। सांसद ने पूछा- बाढ़ बचाव राहत को लेकर अब तक क्या क्या किया गया है? घग्घर नदी और उससे निकलने वाली नहरों के तटबंध मजबूत किए गए है या नहीं, तटबंधों की मजबूती के लिए कितने कट्टे ( बैग ) लिये गए और कितनों में मिट्टी भरी गई, बैग में भरी गई कहां से ली गई यह कार्य क्या मनरेगा के तहत कराया गया हां तो कितने मजदूरों ने कितने दिन काम किया? इस पर अधिकारियों ने जब कहा कि सफाई और तटबंधों की मजबूती का काम हो चुका है और कुछ जगह जारी है तो सांसद ने कहा कि क्षेत्र से शिकायत मिल रही है कि रत्ताखेडा खरीफ चैनल, रंगोई नाला, घग्घर-बणी, सदेवा-मम्मड लिंक चैनल, कर्मगढ़ माइनर, शेरांवाली माइनर, कसाबा माइनर की सफाई के नाम पर खानापूर्ति की गई है, कुछ नहरों की सफाई मनरेगा के तहत करवाई गई है पर अब भी नहरों में झाडियां खड़ी साफ दिखाई दे रही है। ऐलनाबाद नगर से गुजरने वाली ऐलनाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी गंदगी से अटी पड़ी है, क्या उसकी सफाई करवाई गई है तो गंदगी क्यों, अगर सफाई हुई है तो क्या मनरेगा के तहत करवाई गई, हर क्षेत्र से एक ही शिकायत मिल रही है कि मानसून से पहले नहरों और चैनल की साफ सफाई नहीं हुई, कही कही पर खानापूर्ति की गई है, सफाई कागजों में हुई है। सांसद ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों की जमकर क्लास ली साथ ही उपायुक्त शांतनु शर्मा से कहा कि इस मामले में कमेटी गठित कर जांच करवाई जाए कि नहरों की सफाई हुई या नहीं , तटबंध मजबूत हुए या नहीं, गुमराह करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।सांसद कुमारी सैलजा ने सिरसा में चतरगढ़पट्टी फाटक के पास रेलवे ओवर ब्रिज, कोर्ट रोड और कंगनपुर रोड पर अंडर ब्रिज बनाए जाने प्रस्तावित है इन तीनों के निर्माण के लिए क्या प्रगति है, कब तक निर्माण कार्य शुरू होगा। सिरसा जिला के गांव बाजेकां, खैरेकां और बुर्जभंगू के पास रेलवे लाइन पर अंडर ब्रिज बनाए जा सकते है जो बहुत जरूरी है क्योंकि लोगों का लाइन के आर-पार जाना आसान हो जाएगा। क्या रेलवे ने इस प्रकार को कोई प्रोजेक्ट बनाकर विभाग को भेजा है अगर हां तो अब तक क्या प्रगति है। इस पर रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आरओबी और यूआरबी का काम जल्द शुरू होगा, बुर्जभंगू के पास रेलवे लाइन पर अंडर ब्रिज बनाने को लेकर कहा कि मौके पर जाकर देखेंगे, इस पर सांसद ने कहा कि ये बात तो पिछली बैठक में भी कही गई थी अभी तक मौके पर क्यों नहीं गए। पिछले बैठक में कहा गया कि एनएस-9 पर डिंग मंडी, ओढां, साहुवाला प्रथम, चोरमार और सावंतखेडा ऐसे गांव है जहां पर हाइवे बीच से होकर गुजरता है, तेज गति से आने वाले वाहनों की चपेट में अनेक लोगों की मौत हो चुकी है सबसे ज्यादा हादसे साहुवाला प्रथम में हुए है ऐसे में हादसों को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाए। इस पर एनएच-9 के अधिकारी ने सांसद को बताया कि इन पांच गांवों में अंडर ब्रिज या ओवर ब्रिज के लिए प्रपोजल भेजे गए थे जो मंजूर हो चुके है, इसके बाद आगे टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।इस बैठक के दौरान पहुंचे शहरवासियों ने सिरसा नगर में पीने के पानी की कमी और सीवर ओवरफ्लो होने की समस्या सांसद के समक्ष रखी, लोगों ने बताया कि कुछ वार्डो में कई कई दिन से जलापूर्ति बंद है लोग कैंटर से पानी मंगाकर गुजारा कर रहे है। इस पर सांसद ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि आगे ये शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, हर घर में पीने का पानी पहुंचना चाहिए। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि जल मिशन के तहत उनके गांवों में गलियां उखाड़ दी गई है पर पाइप नहीं डाली गई है जबकि जगह जगह पर पाइपों के ढेर लगे हुए है, इस पर सांसद ने कहा कि अधिकारियों को काम करने की आदत डालनी होगी इसके बिना काम चलने वाला नहीं है, जो काम शुरू किया गया है उसे पूरा करने की जिम्मेदारी भी अधिकारियों की है। साहुवाला प्रथम के लोगों ने कहा कि एनएच की ओर से एनओसी न मिलने पर 2022 से गांव में पेयजल के लिए पाइप लाइन नहीं डाली गई है।

## उपायुक्त ने समाधान शिविर में जिला के 14 लोगों की सुनी समस्याएं


***अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए***

**पंचकूला,3 जुलाई ( सतीश मंगला ):** जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज समाधान शिविर में आए लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता के



आधार पर संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला के लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण करने के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। मुख्यमंत्री स्वयं इन समाधान शिविर से जुडकर सुनी गई शिकायतों की मोनिटरिंग करते है। इसलिए सभी अधिकारी गंभीरता से लोगों की समस्याओं का समय पर निदान करें । उपायुक्त मोनिका गुप्ता लघु सचिवालय के सभागार में सामधान शिविर में लोगों की शिकायत सुन रही थी। उपायुक्त ने सेक्टर-12ए के निवासी की पीने के पानी में मिट्टी आने की शिकायत कई बार देने व इसका उपचार न होने पर संज्ञान लेते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संबंधित अधिकारी को पेयजल समस्या का निवारण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उपायुक्त ने गांव जौली, भोजराजपुरा व मोरनी के प्रदीप कुमार की भूमि कटाव के कारण नदी पर डंगा लगवाने की मांग पर संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को मौके का मुआयना कर डंगा लगवाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उपायुक्त ने रायपुररानी ब्लॉक के टिब्बी गांव के रमजान की बरसाती नाले पर डंगा लगवाने की मांग पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को तुरंत मौके का मुआयना कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में आज 14 लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, नगराधीश विश्वनाथ, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अनुराग गोयल सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## स्वदेशी सुरक्षा एवम् स्वावलंबन अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम



**पंचकूला, 3 जुलाई ( सतीश मंगला ) :** स्वदेशी सुरक्षा एवम् स्वावलंबन अभियान को आगे बढ़ाते हुए सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-21 पंचकुला मे एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 30 से अधिक अलग अलग किस्म के पौधे लगाए गए और इस मौके पर स्वदेशी समान के विषय मे विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष अजय मित्तल व पार्षद सुनीत सिंगला विशेष तौर पर उपस्थि हुए। कार्यक्रम का आयोजन ललित गोयल चीनू द्वारा किया। जिसमें ललित गोयल को व्यापारी मंच के प्रमुख की जिम्मेवारी दी गई। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को इस अभियान से जुड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य आगे से आगे अधिक से अधिक लोगों को इसके साथ जोड़े। अभियान की जिला सह प्रमुख ( महिला ) एवं मंडल महामंत्री पुष्पा सिंहरोहा द्वारा भी विषय रखा गयाा। जिसके उपरान्त आरडब्ल्यूए के प्रधान, अमित गोयल, राजेश गोयल लक्की, टोनी गुप्ता, अभियान के व्यापारी मंच प्रमुख समाजसेवी ललित गोयल( चीनू ), मण्डल अध्यक्ष सिद्धार्थ राणा व अभियान में चित्रा गलहोत्रा, विजयलक्ष्मी, अनुराधा शर्मा, सुनीता प्रसार, सलोनी अग्रवाल सम्मिलित हुई। समाज के लगभग 60 से अधिक लोगों ने भाग लिया और सभी ने स्वदेशी सामान को अपनाने की कसम भी खाई। अभियान के सह ज़िला संयोजक अरुण गर्ग द्वारा स्वदेशी की शपथ दिलाई गई। उन्होंने सभी से आग्रह किया क्या सभी अपने अपने साथ 5,5 लोगों को अभियान के साथ जोड़े। जिस से देश का हर नागरिक स्वदेशी वस्तुओं को अपनाए।

# महंगाई से टूटी कमर पर बिजली बिलों का थप्पड़, चुनावी वादों का भरोसा यूं टूटा जैसे टूटते हैं पुराने तार!



**रायपुररानी, 3 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ):** प्रदेशभर की जनता पहले से ही बढ़ती महंगाई की मार झेल रही है, लेकिन अब बिजली के बढ़े हुए बिलों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लोगों का कहना है कि सरकार ने वोट मांगते समय सस्ती बिजली का वादा किया था, लेकिन अब वही जनता ऐसे बिजली के बिलों का सामना कर रही है जो उनकी कमर तोड़ रहे हैं। हालत ये है कि गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों की आर्थिक हालत बिगड़ गई है और कई घरों में बच्चों के खाने-पीने तक कटौती करनी पड़ रही है। आरोप है कि सरकार आम जनता की बजाय बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के हितों की सेवा में लगी हुई है। बिजली दरों में वृद्धि केवल एक आंकड़ा नहीं मानी जा रही, बल्कि यह लाखों लोगों की जिंदगी पर गहरा असर डाल रही है। यह बिल सिर्फ कागज के टुकड़े नहीं, बल्कि जनता की पीड़ा और तंगहाली का कड़वा सच है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली दरें वापस नहीं ली गईं, तो वे सड़कों पर उतरकर अपने अधिकारों के लिए आवाज़ बुलंद करेंगे। आमजन का कहना है कि अब वे चुप नहीं बैठेंगे और अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे। उनका आरोप है कि सत्ता में आने के बाद सरकार ने जनता से किया भरोसा तोड़ दिया है। यह केवल बिजली बिल का मामला नहीं, यह जनता के विश्वास का खुला उल्लंघन है। आमजन का कहना है कि उन्हें तत्काल राहत चाहिए।

प्रदेश सरकार ने जनता से सस्ती बिजली का वादा किया था, लेकिन अब वह वादा छलावा साबित हो रहा है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार बिजली बिल की वजह से बुनियादी जरूरतों में कटौती करने को मजबूर हैं। यदि सरकार ने दरें वापस नहीं लीं, तो हम जनआंदोलन का समर्थन करेंगे।—- बलबीर सैनी, पूर्व प्रत्याशी जननायक जनता पार्टी हम रोज़ाना ऐसे परिवारों से मिल रहे हैं जो खाने-पीने और बच्चों की पढ़ाई छोड़कर बिजली का बिल भरने की जद्दोजहद में लगे हैं। यह केवल आर्थिक संकट नहीं, बल्कि सामाजिक असंतुलन की शुरुआत है। सरकार को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक कांग्रेस यह संविधान के अनुच्छेद 21 का भी उल्लंघन है। जब सरकार चुनावी घोषणा पत्र में राहत देने का वादा करती है, तो वह एक सामाजिक अनुबंध होता है। अगर जनता का भरोसा टूटेगा, तो सरकार की वैधानिकता पर भी प्रश्नचिन्ह लगेंगे। बढ़ी हुई दरों को जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी जा सकती है। एडवोकेट.अशवनी नागरा, रायपुररानी यह बढ़ोतरी केवल 20-30 पैसे प्रति यूनिट है, जबकि कांग्रेस सरकार के समय बिजली बिलों में कई गुना वृद्धि होती थी। हमारी सरकार पारदर्शिता और जनहित में काम कर रही है। बहादुर राणा, जिलाध्यक्ष भाजपा पंचायती राज।

# हैजा व पीलिया की बीमारी को रोकने के लिए खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**जिलाधीश उत्तम सिंह ने जारी किए आदेश, अधिकारी करेंगे बाजारों और दुकानों का औचक निरीक्षण**



**करनाल, 3 जुलाई ( सुनील कुमार ):** जिलाधीश उत्तम सिंह ने कहा कि बारिशों के सीजन में हैजा व पीलिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों को प्रबंध करने होंगे। इन बीमारियों की रोकथाम के लिए जिला में खुले में फल, सब्जी, अन्य खाद्य पदार्थ बेचने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया जाता है। इसके साथ ही बाजारों और दुकानों का औचक निरीक्षण करने के एसडीएम, सीटीएम, सीएमओ, डीआरओ, डीडीपीओ सहित अन्य अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। इन आदेशों की अवहेलना की तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश उत्तम सिंह ने जिला में हैजा व पीलिया के संक्रमण को रोकने और नियंत्रित करने के लिए जारी आदेशों में कहा है कि बरसात के मौसम में कई सारी बीमारियों के होने का खतरा बढ़ जाता है। आमतौर पर मानसून में हैजा व पीलिया सबसे अधिक होता है। ये बीमारियां संक्रमित और दूषित पानी से फैलती हैं। इनकी रोकथाम के लिए पारित आदेशों में खुले में मिठाइयों, मांस, केक, बिस्कुट, ब्रेड, पकोड़े, पके हुए अनाज, चाट, कटी हुई सब्जियों और कटे/अधिक पके फलों की बिक्री, भंडारण और प्रदर्शन पर रोक लगाई है। उन्होंने आदेशों में वस्तुओं को धूल, मक्खियों या किसी अन्य दूषित एजेंटों से पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए ठीक से गेज या उपयुक्त कवर से ढंकने के लिए कहा है। उन्होंने स्टिक के साथ या उसके बिना, बर्फ के गोले, मिनरल वॉटर, शरबत रंग या बिना रंग, सोडा, सिंथेटिक सार के प्राकृतिक नींबू के साथ नींबू पानी और पानी से निर्मित बर्फ की कैंडी और कुल्फी आदि की बिक्री और भंडारण पर भी रोक लगाने के आदेश दिए। जिलाधीश ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश दिए कि वे किसी भी बाजार, भवन, दुकानों, स्टॉल आदि का निरीक्षण करें और कुछ भी निषिद्ध पाए जाने पर उसे जब्त कर लें, हटा दें या नष्ट कर दें या किसी भी तरीके से निपटान कर दें, जो वे उचित समझें। जिलाधीश ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों के आसपास सभी कुओं पर व्यक्तियों/जानवरों के स्नान, कपड़े, बर्तन धोने पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन वाहनों में दस्त और उल्टी से पीड़ित व्यक्तियों को ले जाने पर भी रोक लगाई है। जिला में बिना पूर्व अनुमति के किसी भी मेले का आयोजन भी प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि हैजा या पीलिया का संक्रमण होने पर संबंधित क्षेत्र के कार्यकारी अधिकारी/सचिव, गांवों के सरपंच के द्वारा हैजा व पीलिया के मामलों की सूचना सिविल सर्जन को 24 घंटे के भीतर दी जाए।

## COURT NOTICE

**In the Court of Sh. Vivek Tomar City Civil Court, CNR No. HRJRA0-001060-2024**
**Next Date: 05.08.2025**
Sarita Devi W/o Dev naryan
Versus
General Public
Plaintiff:- Sarita Devi W/o Dev Naryan:- R/o 2/35 Patel Park Line par bgh
Notice to: General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **05**.08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Dated, this day of 03-07-2025
**Sd/- Sh. Vivek Tomar City Civil Court, Jhajjar**

---

**In the Court of Sh. Azad Singh Civil Judge (Junior Division), Sonipat, Sonipat CNR No. HRSO02-000955-2025**
**Next Date:- 13-01-2026**
Smt. Ramrati W/o Late Sh. Ram Karan
Versus
General Public
Notice to: General Public Sonepat
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **13**.01.2026 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Dated, this day of 03-07-2025
**Sd/- Sh. Azad Singh Civil Judge (Junior Division), Sonipat, Sonipat**

---

**In the Court of Dr. Nandita Kaushik Additional District & Sessions Judge, Kaithal CNR No. HRKH01-001593-2023**
**Next Date of hearing:- 14-08-2025 at 10:00 AM**
Narender Singh and others
Versus
Mahavir Singh and others.
Notice to: P-Respondent/Defendant No. 2 Mukhtyar Singh Son of Thakar Singh resident of Village Bhuna, Tehsil Guhla, Distt. Kaithal.
In above titled case **P-Respondent/Defendant No. 2 Mukhtyar Singh Son of Thakar Singh resident of Village Bhuna, Tehsil Guhla, Distt. Kaithal** could not be served. thus, It is ordered that the above said P- respondent/defendant should appear in person or through counsel on **14**.08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Kaithal
Dated this day of, 01.07.2025
**Sd/- Dr. Nandita Kaushik Additional District & Sessions Judge, Kaithal 03.07.2025**

---

**In the Court of Sh. Aashish Arya Additional Civil Judge (Senior Division), Ellenabad CNR No. HRSIB0-000295-2025**
**Next Date: 07.08.2025**
Vidya Devi
Versus
General Public
SUIT FOR DECLARATION to the effect that Lal chand son of Mularam son of chhotu ram, resident of village Dhudianwali, Tehsil Rania, District Sirsa (husband of plaintiff No.1 and father of plaintiffs No.2 to 4) is missing since 23.10.2017 and his whereabouts are not known for the last more than 7 years I.e SINCE 23.10.2017 and as per case FIR No.53 dated 02.06.2018 under section 346 IPC P.S. Rania registered by Vinod Kumar-plaintiff No.3 and also on the basis of final untraced report under section 173 Cr. P.C. dated 28.03.2018 issued by the police of P.S Rania and thus he is presumed to be died civil death and the plaintiffs being his legal heirs as widow, daughter and sons have a right to get a decree to this effect in their favour and also with regards to the movable and immovable property of Lal Chand, situated in village Naiwala and Dhudianwali, Tehsil Rania, Dist. Sirsa and anywhere in India on the basis of evidence of every description oral as well as documentary.
Notice to: General Public:- General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **07**.08.2025 at 10:00 A.M.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sirsa
Dated, this day of 01-07-2025
**Sd/- Sh. Aashish Arya Addl. Civil Judge (Sr. Divn.), Ellenabad**

## बेदखली सूचना

हम सुरेन्द्र पुत्र जोगिन्द्र व श्रीमति कान्ती पत्नी सुरेन्द्र सिंह निवासी गांव नेवल तहसील व जिला करनाल सूचित करते है कि हमारा लड़का अजय जोकि हमारे व हमारे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए हम इसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें हमारी व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। -**शपथकर्ता**

## अदालती नोटिस

**बाअदालत एस0डी0ओ0 ( सिविल ) बाआखत्यारात सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, रतिया जिला फतेहाबाद।**

1- रोहित कुमार पुत्र राजकुमार पुत्र हेमराज 2-मोहित कुमार पुत्र बलविन्द्र कुमार पुत्र जगदीश राये 3-मुनिष कुमार पुत्र पवन कुमार पुत्र जगदीश राये निवासीयान जाखल तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद 4-योगेश कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार पुत्र जगदीश राये निवासी रतिया तहसील रतिया जिला फतेहाबाद।

**-प्रार्थीगण**

**बनाम**

1- नारायण सिंह 2- तोता सिंह पुत्रान अनोखा सिंह पुत्र जैमल सिंह 3 बंत सिह पुत्र 4- श्रीमति सुरजीत कौर 5- बसो पुत्रीयान बरियाम सिंह पुत्र भाना सिंह 6- रामकिशन 7- कौर सिंह पुत्रान भगा सिंह 8- श्रीमति नारायण कौर पुत्री काका सिंह पुत्र जैमल 9-बख्शीश सिंह पुत्र जैमल सिह पुत्र रुड सिंह 10-मंगू राम पुत्र 11- श्रीमति चलती 12-शांति 13- छोटी 14 बाबी पुत्रीयान कर्मचन्द पुत्र ठाकर दास निवासीयान गांव भूदडवास तहसील रतिया जिला फतेहाबाद ।

**-उत्तरवादीगण-**

तारीख पेशी- 18/07/2025

दरखास्त बराये किये जाने फकुल रहन भुमि स्थित भून्दडवास, तहसील रतिया जिला फतेहाबाद मे अनुसार जमांबदी साल 2022-23 खेवट नम्बर 275 खाता नम्बर- 471 भुमि खसरा नम्बर-57//21/2(4-12) कुल रकबा तादादी 4 कनाल 12 मरला व खेवट नम्बर 276 खाता नम्बर-472 वा 473, भुमि खसरा नम्बर 58//24(3-18), 17(4-08) कुल रकबा तादादी 8 कनाल 6 मरले में से प्राथी न0 1 का 31/498 भाग बारकबा 10 मरले 3 सरसाई वा प्रार्थी न0 2 का 31/498 भाग बारकबा 10 मरले 3 सरसाई वा प्रार्थी न0 3 का 31/498 भाग बारकबा 10 मरले 3 सरसाई वा प्रार्थी न0 4 का 24/166 बारकबा 1 कनाल 4 मरले 0 सरसाई यानि उक्त चारों प्रार्थीगण का खेवट न0 276 में कुल रकबा 2 कनाल 15 मरले हिस्सा रहन है। यानि उक्त दोनों खेवटों का कुल रकबा 7 कनाल 7 मरले रहन है। बरबिनाहे शहादत तहरीरी वा तकरीरी हर किस्म । इस अदालती नोटिस के द्वारा उत्तरवादीगण एवंम उत्तरवादीगण के सभी कानूनी वारिसान एवंम जनरल पब्लिक को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण अवतार सिंह आदि ने एक दरखास्त फकुल रहन हैडनोट में वर्णित भूमि बारे इस न्यायालय में फक करवाने हेतू दी है, जिसमें समन वा मुश्तरी मुनादी होने के बावजूद भी उत्तरवादीगण या उनका कोई कानूनी वारिसान इस न्यायालय में खुद या अपने अधिवक्ता की मार्फत पेश नही हुआ है, अत: अब इस अखबार में प्रकाशन करवाकर सूचित किया जाता है कि उत्तरवादीगण या उनके किसी भी कानूनी वारिसान या जनरल पब्लिक को किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज भूमि को फक करने बारे है, तो वह अपने ऐतराज खुद या अपने अधिवक्ता की मार्फत इस न्यायालय में इस नोटिस के अखबार में प्रकाशित होने के बाद पन्द्रह दिन तक दे सकता है। बाद गुजरने म्याद कोई ऐतराज नहीं सुना जायेगा। यह अदालती नोटिस आज दिनांक 27-06-2025 को मेरे न्यायालय की मोहर एवंम मेरे हस्ताक्षरों सहित जारी हुआ।

**सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, रतिया जिला फतेहाबाद ।**

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर घर जाकर मलेरिया व डेंगू का सर्वे किया

**कालका, 3 जुलाई ( अख्तर फ़ारूक़ी,अजीत सिंह ):** सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ राजीव नरवाल की अध्यक्षता में सब डिविजनल हॉस्पिटल कालका क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग की ओर से डीबीसी डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर की टीम अप्पर मोहल्ला परेड मोहल्ला काली माता मंदिर धोबी मोहल्ला में लगाई गई और स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर मलेरिया व डेंगू का सर्वे किया गया। लोगों को मच्छर जनहित रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जिसमें मच्छर से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया। विभाग ने बताया की जिन घरों में लार्वा पाया जाता है उसको नोटिस देते हैं। जैसे कि कूलर टंकी हौदी कंटेनर आदि को सप्ताह में एक बार जरूर साफ करें। घरों के आस पास पानी को इक्ट्ठा न होने दे पानी से भरे गड्ढो में मिट्टी डालें या काला तेल या फिर सरसों का तेल डालें। हर रविवार को सूखा दिवस मनाएं तथा पानी के बर्तनों, टंकी, फ्रिज ट्रे, गमले, इत्यादि को खाली करके सुखाएं ताकि मच्छर के अंडे एवं लारवा मर जाएं । मच्छर के काटने से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें और घरों में मच्छर दानी एवम जाली का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि डेंगू से संबधित लक्षण होने पर आप सब डिविजनल हॉस्पिटल कालका में अपना टैस्ट करवाएं ।सब डिविजनल हॉस्पिटल कालका की तरफ से राहुल एम पी एच डब्लू के द्वारा टीम के साथ मिल कर काम किया गया।

# सम्पादकीय

## ईरान ने स्वयंभू विश्व विजेताओं को दिखाया आईना

मध्य एशिया में मंडरा रहे युद्ध के बादल फ़िलहाल छंटते हुये नज़र आ रहे हैं। 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर अचानक बड़ा हमला कर दिया था। इन हमलों में ईरान के उच्चस्तरीय 20 कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाइयां कीं। दोनों ओर से ड्रोन व मिसाइल की बौछार 12 दिनों तक होती रही। इस्राईल के इतिहास में यह पहला मौक़ा था जब ईरान जैसे किसी देश ने धोखे से किये गये उसके हमलों का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया जिसकी इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू या इस्राईल की जनता ने भी कभी कल्पना नहीं की होगी। इस्राईल बनाम ईरान संघर्ष में इस्राईल के वजूद से सम्बंधित कुछ बातें कभी भी नज़रअंदाज़ नहीं की जा सकतीं। जर्मन तानाशाह एडोल्फ़ हिटलर के उत्पीड़न के बाद यहूदी मुख्य रूप से 1930 के दशक से 1940 के दशक के बीच फ़िलिस्तीनियों की अनुकम्पा से यहाँ बसने लगे। इस दौरान, लगभग 2,50,000 यहूदी फ़िलिस्तीन पहुंचे थे । द्वितीय विश्व युद्ध 1939–1945 के बाद, विशेष रूप से होलोकॉस्ट के बाद, 1945 से 1948 तक यहूदी प्रवास फिर से बढ़ा, और 1948 में इस्राईल की स्थापना के साथ यह प्रक्रिया और भी तेज़ हो गयी। चूँकि इस्राईल को अरब के इस क्षेत्र में बसाने में पश्चिमी देशों ख़ासकर अमेरिका व ब्रिटेन की दूरगामी सोच काम कर रही थी इसलिये इन देशों ने इसे भरपूर समर्थन देकर न केवल इनके फलने फूलने में इस्राईल की पूरी मदद की बल्कि क़ब्ज़े की इस ज़मीन पर अपने विस्तार के लिये की जाने वाली हिंसक कार्रवाइयों में भी हमेशा इनके साथ रहे। इसी अमेरिकी समर्थन का नतीजा है कि इस्राईल गत दो वर्षों में ग़ज़ा के लगभग 80 हज़ार बेगुनाह व निहत्थे लोगों को मार चुका है।और उसकी बर्बरतापूर्ण कार्रवाई अभी भी जारी है। दूसरी तरफ़ वह ईरान है जो पश्चिमी देशों की बांटो और राज करो की नीति का शिकार होकर ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन के 57 सदस्य देश होने के बावजूद पश्चिमी साज़िश के तहत केवल शिया–सुन्नी मतभेद के नाम पर हमेशा अलग थलग किया जाता रहा । इसके अलावा 1979 में जबसे ईरान में अमेरिका परस्त शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी का तख़्ता पलट हुआ और अयातुल्लाह रूहुल्लाह ख़ोमैनी के नेतृत्व में इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई तभी से ईरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का भी सामना करता आ रहा है। इस अमेरिकी विरोध की वजह केवल यह थी कि अयातुल्लाह ख़ोमैनी के नेतृत्व वाली इस्लामिक क्रांति ने ईरान को न केवल पश्चिमी सभ्यता से मुक्त कर ईरानी सभ्यता पर चलने की राह हमवार की बल्कि ईरान की तेल सम्पदा को लेकर अमेरिकी मनमानी किये जाने के अमेरिकी सपनों को भी चकनाचूर कर दिया। यही वजह थी कि अमेरिका ने ईरान के 1979 इस्लामिक क्रांति के बाद के शासन को कट्टरपंथी शासन कह कर संबोधित करना शुरू कर दिया। और पूरे विश्व में ईरान को लेकर यही धारणा बनाने की कोशिश भी की।ईरान के अतिरिक्त इस्लामी जगत के लगभग सभी शेष देश पश्चिमी देशों ख़ासकर अमेरिका की आँखों का तारा बने रहे। इसी लिये अमेरिका ने बहरीन,कुवैत,यूएई,इराक़,सऊदी अरब,जॉर्डन जैसे अनेक देशों को ईरान का भय दिखा कर इन देशों की सुरक्षा करने के नाम पर यहाँ अपने सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। कई अमेरिकी युद्धपोत भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। अमेरिका यह सारी क़वायद केवल ईरान को घेरने की अपनी दूरगामी साज़िश के तहत करता आ रहा है। उधर ईरानी नेतृत्व जिसकी बागडोर उन शिया उलेमाओं के हाथों में है जिनकी प्रेरणा का मुख्य स्रोत हज़रत अली व उनके पुत्र हज़रत इमाम हुसैन का वह घराना है जिसने लगभग 1450 वर्ष पूर्व करबला (इराक़ ) में अपनी व अपने परिजनों की क़ुर्बानी देकर इतिहास में सुनहरे अक्षरों में रहती दुनिया तक के लिये यह लिख दिया कि दुश्मन चाहे जितना ताक़तवर क्यों न हो परन्तु यदि वह क्रूर है,अमानवीय है,असत्य और हिंसा पर चलने वाला है,अधार्मिक है तो ऐसे दुश्मन के आगे सिर्फ़ उसकी ताक़त से प्रभावित होकर झुकना अधर्म है। उस समय हुसैन ने यज़ीद की लाखों की सेना की परवाह नहीं की। जिसका नतीजा है कि आज पूरे विश्व में अली और उनके बेटे हुसैन का परचम लहराते देखा जा सकता है जबकि कोई मुसलमान अपने औलादों का नाम तक यज़ीद रखना पसंद नहीं करता। उसी करबला से प्रेरणा लेकर ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह ख़ामनेई ने इतिहास में पहली बार वह कर दिखाया जिसकी दुनिया उम्मीद भी नहीं कर रही थी। ईरान की तरफ़ से इस्राईल पर इतने ज़बरदस्त जवाबी आक्रमण हुये कि यदि एक सप्ताह और युद्ध खिंचता तो संभवतः पूरा इस्राईल खंडहर में तब्दील हो जाता। उधर चतुर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी ईरानी आक्रामकता से भयभीत होकर अपनी इज़्ज़त बचाने के अवसर तलाशने लगे। दुनिया में कोई देश ऐसा नहीं जो इस्राईल व अमेरिका को एक साथ चुनौती देने का साहस रखता हो। वर्तमान समय की सच्चाई तो यही है कि जैसे इलाक़े के गुंडे के साथ खड़े होकर लोग अपने आप को भी सूरमा समझने लगते हैं उसी तरह अमेरिका का पिछलग्गू या उसका चाटुकार बनना भी दुनिया के अनेक देश अपना सौभाग्य समझते हैं। कुछ अमेरिकी शक्ति से प्रभावित होकर कुछ मधुर रिश्ते बनाये रखने की ख़ातिर तो कुछ व्यावसायिक दृष्टिकोण के मद्देनज़र। परन्तु ईरान अकेला ऐसा देश है जिसने 46 वर्षों के लम्बे अरसे का अमेरिकी प्रतिबंध झेलने के बावजूद अपने आप को इतना मज़बूत कर लिया कि इस्राईल को अपना अस्तित्व ख़तरे में पड़ता नज़र आने लगा तो अमेरिका को अपनी झूठी आबरू बचाने की नौबत आन पड़ी। बहरहाल,दोनों देशों के बीच युद्ध विराम की ख़बर से पूरी दुनिया ने चैन की सांस तो ज़रूर ली है। परन्तु इस युद्ध विराम को लेकर इस्राईल व अमेरिका द्वारा किये जा रहे भ्रामक दावों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह ख़ामनई का बयान एक बार फिर ईरान के मज़बूत पक्ष व उसके बुलंद हौसलों की तस्वीर पेश करता है। आयतुल्लाह ने साफ़ साफ़ कहा है कि ईरान न तो थोपी गई जंग स्वीकार करेगा और न ही थोपी गई शांति। ईरान किसी तरह के दबाव के आगे नहीं झुकेगा और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप, ख़ासकर अमेरिका की सैन्य दख़लअंदाज़ी का कड़ा जवाब देगा। उन्होंने ने अमेरिका को साफ़ शब्दों में चेतावनी भी दी कि यदि वह इस्राईल–ईरान युद्ध में सैन्य हस्तक्षेप करता है तो उसे ऐसा नुक़सान झेलना पड़ेगा जिसकी भरपाई नहीं हो सकेगी। जंग का जवाब जंग से, बम का जवाब बम से, और हमले का जवाब हमले से दिया जाएगा। यह बयान उनकी निडरता व उनके उस आक्रामक रुख़ को भी दर्शाता है, जिसमें उन्होंने यह स्पष्ट किया कि ईरान किसी भी हमले का जवाब उसी स्तर पर देगा और किसी तरह की कमज़ोरी हरगिज़ नहीं दिखाएगा। ख़ामनई ईरान के सर्वोच्च नेता होने के साथ साथ देश के सशस्त्र बलों के कमांडर–इन–चीफ़ भी हैं। और सशस्त्र बलों के कमांडर–इन–चीफ़ होने के चलते ईरान के संविधान के अनुच्छेद 110 के तहत सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामनेई को ही युद्ध या शांति की घोषणा करने का अधिकार हासिल है। लिहाज़ा कहना ग़लत नहीं होगा कि ईरान ने विश्व विजेता समझने की ग़लतफ़हमी पालने वाले देशों को अपनी जवाबी कार्रवाई और भविष्य के इरादों से उन्हें आईना ज़रूर दिखा दिया है।

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से विपक्षी दलों में बेचैनी

-डॉ. आशीष वशिष्ठ

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन —एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर–नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराज़गी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, ज्क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां–जहां बीजेपी हार रही होगी। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी




धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2003 में जब मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ था तो उसमें दो साल लगे थे और तब साढ़े चार करोड़ से कुछ ज्यादा मतदाता थे। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची–समझी रणनीति है।संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के – चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति देता है। गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची को नए सिरे से तैयार किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई–जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है।

राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं।

बिहार की राजनीति को करीब से जानने वालों के अनुसार, निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा।बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद का वोट शेयर बढ़ा था। राजद को 23.11 फीसदी वोट मिले। भाजपा को 19.46 प्रतिशत ही वोट मिले, जदयू के खाते में 15.42 प्रतिशत वोट आया। 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार में भाजपा और जेडीयू ने 12–12 सीटें जीती। आरजेडी ने 4 सीटें, कांग्रेस ने 3 सीटें और एलजेपी (आर) ने 5 सीटें जीती हैं। सीपीआई (एमएल) ने 2 सीटें जीती हैं, जबकि एचएएम और एक स्वतंत्र उम्मीदवार ने 1–1 सीट जीती है। जाति आधारित सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार बिहार में करीब 17.70 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। वहीं, बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 47 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटर अहम भूमिका अदा करते हैं। इन इलाकों में मुस्लिम आबादी 20 से 40 प्रतिशत या इससे भी अधिक है। बिहार की 11 सीटें हैं, 10 से 30 फीसदी के बीच मुस्लिम मतदाता हैं।

# एससीओ सम्मेलन में भारत के कड़े रुख से चीन व पाक सकते में

– संजय गोस्वामी

शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक चीन के चिंगदाओ में 25–26 जून को आयोजित की गई थी।बैठक के दौरान स्ष्ट्ह के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकरोधी प्रयासों और रक्षा मंत्रालयों के बीच बढ़ते सहयोग जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।बैठक में उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। उन्होंने बैठक से अलग चीन और रूस के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक की।रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीमापार आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के लिये वित्त पोषण किसी भी कीमत पर बंद होना चाहिए।उन्होंने आतंकवाद, कट्टरता और चरमपंथ के विरूद्ध एकीकृत वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।इस बैठक में भारत के कुछ मुद्दों पर आम सहमति नहीं बन पाने के कारण साझा दस्तावेज को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।अत: वहाँ सब पाकिस्तान के मित्र देश थे जिससे सहमति नहीँ बनी चीन भारत का दोस्त नहीँ दुश्मन है क्योंकि वह ऑपरेशन सिंदूर मेँ खुल कर पाकिस्तान क़ो घातक हथियार दिए और उस वजह से भारत क़ो नुकसान भी हुआ उन भारतीय सैनिक के दिल से पूछिए की पाकिस्तान अभी भी कश्मीर मेँ आतंकवादी क़ो भेज रहा है और इन आतंकवादी क़ो चीन हीं हथियार भी दे रहा है इसलिए भारत क़ो वहाँ जाना चाहिए जहाँ चीन और पाकिस्तान ना हो ये दोनों एक हीं सिक्के के दो पहलू हैं अब हस्ताक्षर ना करना भी इस बात क़ो दर्शाता है कि आपकी नहीँ सुनी गई भारत एक लोकतान्त्रिक देश है और 140 करोड़ देशवासियों द्वड्ड देश है और भारत किसी का गुलाम ठ्ठड्ढद्ध है कि वो सिखायेगा कि भारत क़ो क्या करना है भारत के सैनिको मेँ जबरदस्त जोश है और किसी भी स्थिति से लड़ने क़ो तैयार है और टेक्नोलॉजी में भी किसी देश से कम नहीं है ये द्धश अमेरिका का बी –2 बमर है उसका डिज़ाइन भी भारतीय ने किया है ये अलग बात है टेक्नोलॉजी दूसरे देश क़ो देने के कारण उन्हें जेल में डाल दिया गया अमेरिका में जितने युद्ध के हथियार है अधिकतर क़ो हमारे देश के वैज्ञानिक के द्वारा दि गई तकनीक



है क्योंकि जो यहाँ टैलेंटेड होते हैं वो अमेरिका चले जाते हैं और भारत के लोग भी इसे बहुत अच्छा मामते है कि देखो वो अमेरिका में खुब पैसा कमा रहा है अब इस सोच से बाहर निकलना होगा क्योंकि अब जिस तरह युद्ध हो रहे हैं उसमें दूसरे देश कूद जाते हैं और अपनी दादागिरी दिखाते हैं ये बात अब इजराइल क़ो भी समझ आ गई होगी और रूस यूकेन का युद्ध भी नाटो बनाम रूस हो गया और रूस का उन देशों के प्रति कहीं ना कहीं समर्थन है जिससे युद्ध जिस उद्देश्य के लिए हो रहा है वो समझ में ही नहीं आता आखिर जीता क्यों लेकिन 9/11 हमले में दो वर्ड ट्रेड सेंटर क़ो अलकायदा ने निशाना बनाया तो अमेरिका ने उसपर एक तरह से कब्ज़ा ही कर लिया था बाद में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बायडेन ने बापस बुलाया यही नहीं इराक उसका मज़ाक उड़ाया तो उसका क्या हाल हुआ वो सबको मालूम है अमेरिका ने ईरान ने इजराइल के कहने से ज्यादा वहाँ के अन्य मुस्लिम देशों ने अमेरिका क़ो अच्छी खासी रकम दि है जिससे ट्रम्प ने बी –2 बमवर्षक विमान से ईरान के तीनो परमाणु ठीकानो क़ो पूरी तरह बर्बाद कर दिया और अब ईरान का बम बनाने का सपना अधूरा रह गया खबर में कुछ भी बता देते हैं लेकिन उसमें हकीकत नहीं रहता अगर ईरान ने भारी मात्रा में यूरेनियम क़ो वहाँ से हटा दिए है तो वो किस काम का है 60 प्रतिशत तक संवर्धित है और 90 परसेंट करने में कम से कम 5साल लगेंगे ये दूसरे बम जैसा नहीं है कि जब चाहे बना लिए उसमें रेडियो। परमाणु हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए इसे लगभग 90 प्रतिशत तक संवर्धित करने की आवश्यकता है अत: ईरान का परमाणु कार्यक्रम अब अमेरिका डील कर रहा अब उसे इजराइल से क़ोई मतलब नहीं रहा यही बात अब दूसरे देश क़ो भी सिखने की जरुरत है यदि आपके पास अपना सामर्थ है तो युद्ध करो बरना आपस में समझौता कर लो हकीकत ये है कि भारत द डेली टेलीग्राफ और अन्य स्त्रोतों के अनुसार, चीन ने मई और जून 2020 के बीच भारतीय गश्त वाले 60 वर्ग किलोमीटर (23 वर्ग मील) क्षेत्र पर कब्जा कर लिया और पाक अधिकृत काश्मीर में अपना नेटवर्क बना रहा है और चीन ने कश्मीर के करीब 20 फीसदी हिस्से पर कब्जा किया है। इस हिस्से को अक्साई चिन के नाम से जाना जाता है। चीन और भारत के बीच जब 1962 में युद्ध हुआ तो उसने भारत के इस पूरे हिस्से पर अपना कब्जा कर लिया था। ये जम्मू–कश्मीर का उत्तर पूर्वी हिस्सा है, जिसे लेकर पिछले कई सालों से भारत और चीन के बीच तनाव है।चीन ने केवल भारत क़ो ही नहीं परेशान कर रहा है बल्कि तिब्बत क़ो भी कब्जे में लिया और उनके धर्म गुरु दलाई लामा भारत में हैं और तिब्बत का यहाँ एक अस्थाई सरकार भी धर्मशाला में है जिसे तिब्बत का अस्थाई सरकार धर्मशाला में है और जिसे तिब्बत सेंट्रल एडमिन्सटर कहते हैं और ये सभी भगवान बुद्ध क़ो मानने वाले शांति प्रिय लोग है यहाँ उनके सारे मंत्रालय भी हैं जिसमें रक्षा नहीं है क्योंकि ये भारत के हिस्से में है ये 1956 से भारत में पंडित नेहरू के कहने पर बड़ी संख्या में अपने धर्म गुरू दलाई लामा के साथ भारत आए थे जब तिब्बत ने 16 बिंदु के करार क़ो न मान कर तिब्बत क़ो अपने कब्जे में ले लिया जो चीन की बाहबाही करते है जरा सा अपने वीर योद्धा पर भी ध्यान दें सियाचिन का गलेशियर जो भारत को पाकिस्तान और चीन द्वारा की जाने वाली घुसपैठ को रोकने में मदद करता है।ये जम्मू–कश्मीर का उत्तर पूर्वी हिस्सा है, जिसे लेकर पिछले कई सालों से भारत और चीन के बीच तनाव है। इसलिए जहाँ देखें चीन की धरती है वहाँ कदम भी रखना देश के लिए ठीक नहीं है क्योंकि वहाँ वो आखिर आपकी क्या सुनेगा और खून का घुट पी कर आना पड़ेगा भारत स्वतंत्र देश है हम क्या ले क्या पहने ये मेरा अधिकार है।

# हेमंत खंडेलवाल के भाजपा अध्यक्ष बनने से गुटबाजी पर लगाम

-हर्षवर्धन पान्डे

मध्यप्रदेश की राजनीति में हाल के वर्षों में नए नेतृत्व के रुप में डॉ. मोहन यादव का उभार को एक बड़ी राजनीतिक घटना के तौर पर देखा गया है। बेहद कम समय में अपनी लगन, मेहनत, समाजसेवा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नजदीकी के दम पर देश की राजनीति में खुद को एक मंझे हुए खिलाडी के तौर पर स्थापित कर लिया है। डॉ. मोहन यादव का मुख्यमंत्री बनना भाजपा की एक रणनीति का हिस्सा था जिसके तहत पार्टी ने एक ओबीसी चेहरे को आगे बढ़ाकर प्रदेश से बाहर भी तमाम सामाजिक समीकरणों को साधने की बेहतर कोशिश की। उनकी मध्यप्रदेश के सीएम के रूप में ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश में, बल्कि पड़ोसी राज्यों विशेष रूप से उत्तर प्रदेश,बिहार में भी भाजपा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। अब मध्यप्रदेश भाजपा में लंबे समय से चल रही अटकलों का आज अंत हो गया जब बैतूल से विधायक और पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुन लिया गया है। उनकी ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक नया अध्याय शुरू करेगी बल्कि यह संगठनात्मक और सामाजिक समीकरणों को भी बेहतर तरीके से साधेगी। हेमंत खंडेलवाल मध्यप्रदेश के बैतूल क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं जिन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी में संगठन शिल्पी के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी साफ–सुथरी छवि और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल और आरएसएस से बेहतरीन तालमेल ने ने उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बनाया। खंडेलवाल की ताजपोशी मालवा–निमाड़ से लेकर महाकौशल सरीखे क्षेत्रों में आने वाले दिनों में भी बड़ा प्रभाव छोड़ेगी जो प्रदेश में क्षेत्रीय संतुलन के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। खंडेलवाल मध्यप्रदेश भाजपा के एक महत्वपूर्ण संगठनकर्ता और रणनीतिकार के रूप में जाने जाते हैं। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ उनकी संवाद कला और कार्यकर्ताओं में मजबूत पकड़ ने उनके चयन में बड़ी भूमिका निभाई है। हेमंत खंडेलवाल ने उज्जैन जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा की जीत में उनकी रणनीति ने अहम भूमिका निभाई है। खंडेलवाल की कार्यशैली में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की असाधारण क्षमता है। पार्टी के सीनियर और जूनियर नेताओं के साथ भी उनके सम्बन्ध बेहतरीन रहे हैं। वे उन नेताओं में से हैं जो पर्दे के पीछे रहकर संगठन को मजबूत करते रहे और सबके चहेते बने रहे। हेमंत खंडेलवाल का निर्वाचन निर्विरोध होने के पीछे सामाजिक और जातीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है। वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव ओबीसी वर्ग से और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। ऐसे में सामान्य वर्ग या अनुसूचित जनजाति वर्ग से अध्यक्ष चुनने की रणनीति के तहत खंडेलवाल का नाम आगे आया। यह कदम भाजपा की सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को दर्शाता है।

हेमंत खंडेलवाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि भी मजबूत रही है। उनके पिता विजय खंडेलवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं जिससे संगठन की उन्हें अच्छी समझ रही है। खंडेलवाल की बेदाग़ ईमानदार छवि और साफ–सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड ने उन्हें अन्य दावेदारों से कहीं आगे करने का काम किया है। हेमंत खंडेलवाल ने 2007 में पहली बार बैतूल लोकसभा उपचुनाव में जीत हासिल की थी। यह सीट उनके पिता विजय खंडेलवाल के निधन के बाद खाली हुई थी। 2009 में बैतूल लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई लेकिन खंडेलवाल की भूमिका इसके बाद भी प्रभावशाली बनी रही। उन्होंने 2013 में विधायक के रूप में जीत दर्ज की। 2018 में वह चुनाव हार गए। 2023 में वह फिर से विधायक चुने गए। वर्तमान में हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। हेमंत खंडेलवाल एक कुशल संगठनकर्ता होने के साथ चुनाव रणनीति में बेहतरीन रणनीति के साथ कार्य करने के लिए जाने जाते हैं । मध्यप्रदेश भाजपा के कुशल चुनावी संचालकों में से एक हेमंत खंडेलवाल रहे हैं। किसी राजनेता की छवि को जनता के बीच स्थापित करते हुए किस तरीके से अनूकूल परिणाम लाए जा सकते हैं यह हेमंत खंडेलवाल से बेहतर शायद ही कोई नेता महसूस कर सकता है। हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा के संगठन को अपने व्यवहारिक और सांगठनिक कार्यों के जरिए सहेजा है। उन्होंने खुद को गुटबाजी से ऊपर रखते हुए पार्टी को एकजुट करने की नीतिगत कोशिशें की हैं।अब जबकि मध्यप्रदेश कांग्रेस का युवा वर्ग गुटबाजी और भारी आंतरिक कलह से जूझ रहा है, हेमंत खंडेलवाल जैसे नेता भाजपा के लिए नई ऊर्जा और उम्मीद का प्रतीक बनकर उभर रहे हैं। उन्होंने हमेशा पार्टी हित को सदैव सर्वोपरि रखा है। हेमंत खंडेलवाल ने अपने अब तक के राजनीतिक सफर में कुशल संगठन शिल्पी, कार्यकर्ताओं के साथ शालीनता, संवाद और एक ईमानदार जनप्रतिनिधि होने की गम्भीरता दिखाई है यही उनकी सबसे बड़ी यूएसपी रही है।

# उपायुक्त ने बाढ़ नियंत्रण को लेकर किया यमुना का दौरा





**सोनीपत, 3 जुलाई ( विनोद ) :** यमुना नदी के अंदर बाढ़ नियंत्रण को लेकर किए गए कार्यों का जायजा लेने के लिए गुरूवार को उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ यमुना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली डिवीजन में आने वाले भैरा बाकीपुर व दहिसरा घाट को निरीक्षण करते हुए वहां पर सिंचाई विभाग द्वारा बनाई गई ठोकरों की गहनता से जांच की। उन्होंने कहा कि पहाड़ी व हरियाणा के कुछ जिलों में हुई बरसात के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ गया है इसलिए संबंधित अधिकारी समय-समय पर इन ठोकरों का निरीक्षण करते रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत इनकी मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें ताकि मिट्टी का कटाव न हो सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुना के जल स्तर पर पैनी नजर रखे, क्योंकि आने वाले दिनों में होने वाली बारिश के कारण यमुना के जलस्तर के बढने की संभावना है। यमुना क्षेत्र में ड्यूटी देने वाले अधिकारी व कर्मचारी 24 घण्टे अलर्ट पर रहे ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत हालात पर काबू पाया जा सके। उन्होंने कहा कि यमुना बांध के अंदर बसे लोगों को भी जलस्तर के बारे में जानकारी देते रहे और जरूरत पडने पर इन लोगों को किसी दूसरी जगह शिफ्ट कर दें ताकि जल स्तर के बढने पर जान-माल का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर अधिकारी यमुना के साथ लगते गांव के सरपंचों के साथ तालमेल रखें और गांव में मुनादी करवाते रहें। इसके पश्चात उपायुक्त ने भैरा बाकीपुर व अकबरपुर बारोटा से गुजरने वाली ड्रेन नंबर-8 का निरीक्षण करते हुए बहते पानी की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ड्रेन में कहीं भी गंदा पानी न छोड़ा जाए, इसपर संबंधित अधिकारी नजर रखें, अगर कहीं इस प्रकार की कोई लापरवाही मिले तो तुरंत सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ड्रेन की सफाई पर विशेष ध्यान रखें और कहीं भी पानी की रूकावट होती है तो उसे तुरंत हटवाया जाए। इस मौके पर एसडीएम सुभाष चंद्र, डी डी पी ओ जितेन्द्र कुमार, सिंचाई विभाग से दिल्ली डिवीजन के एक्सईएन मंजीत हुड्डा, एक्सईएन मनीष कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग से विनित कादियान सहित सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# दो महिलाओं ने व्यक्ति की जेब से निकाले एक लाख रुपए




**सफीदों, 3 जुलाई ( एस. के. मित्तल ) :** नगर के महात्मा गांधी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक में बुधवार को एक व्यक्ति द्वारा बैंक से निकलवाए गए एक लाख रुपयों को दो अज्ञात महिलाएं उसकी जेब से निकाल ले गई। रूपए निकालकर महिलाएं मौके से फरार हो गई। घटना होते ही मौके पर हडकंप मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां का मुआयना किया और पीड़ित व्यक्ति गांव रोहढ़ निवासी कश्मीर सिंह ने घटनाक्रम की जानकारी हासिल की। उसके बाद पुलिस ने बैंक व आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। कश्मीर सिंह ने पुलिस को बताया कि बुधवार को वह महात्मा गांधी मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में से पैसे निकलवाने के लिए आया था। उसने अपने बैंक खाते से एक लाख रुपए निकलवाकर जेब में डाल लिए थे। उसके पास में ही दो अज्ञात महिलाएं थी, जिन्होंने मौका पाकर उसकी जेब से पैसे निकाल लिए। उसने उन महिलाओं को काफी तलाश किया लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। मामले की सूचना सिटी थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर सब इंस्पेक्टर सुरेश कुंडू अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने बैंक व आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। **क्या कहती है पुलिसः-** इस मामले में सब इंस्पेक्टर सुरेश कुंडू ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बैंक व आसपास के सीसीटीवी फूटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने सुनी जनसमस्याएं

**हिसार, 3 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों ने अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण करवाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा समाधान शिविरों को आयोजन किया जा रहा है, इसलिए सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का तत्परता से निपटान हो।

उन्होंने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निवारण के लिए हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविरों का लाभ उठाते हुए अपनी शिकायतों को जिला प्रशासन के समक्ष रखकर उनका उचित समाधान करवाएं।

समाधान शिविर में पहुंचे आर्य नगर निवासी प्रदीप कुमार की उनकी दुकान के सामने हो रहे अतिक्रमण की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव लांधड़ी निवासी अक्षय की गांव में पीने के पानी की समस्या, सैनियान मोहल्ले के निवासियों की बरसाती नाले के निर्माण, आजाद नगर निवासी मंजू द्वारा अवैध पानी कनेक्शन बंद करवाने व पटेल नगर निवासी शिवकुमार की सीवर बंद होने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने पब्लिक हेल्थ विभाग के एसई को मामले की जांच कर विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम पंचायत देवां के ग्रामीणों द्वारा गली में गंदे पानी की निकासी हेतु नाले के निर्माण के लिए कहा, जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी को मौका मुआयना कर समस्या के निदान को लेकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार भारत नगर निवासी राजकुमार द्वारा उनकी बेटी का आरटीई के तहत दाखिले की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की गहनता से जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना फर्कपुर की पुलिस की टीम ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर, 3 जुलाई ( दिनेश कुमार :** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना फर्कपुर की पुलिस की टीम ने महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक आरोपी खेरुल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के विरुद्ध बुधवार को पुलिस ने केस दर्ज किया।

जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना प्रबंधक जनक राज ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी साढौरा निवासी खेरुल पुत्र दिलशाद से करीब दो साल से जान पहचान थी। हमारा दोनों का आपस में प्रेम हो गया आरोपी ने मुझको शादी का झांसा देकर मेरे साथ गलत काम करने लगा। खेरुल ने कई बार उसकी मर्जी के बिना उसके साथ गलत काम किया और उसकी गलत वीडियो भी बना ली। उसके बाद खेरुल बार-बार इस वीडियो को लेकर ब्लैकमेल करके उसके साथ कई बार गलत काम कर चुका है। जब वह मना करती तो उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। इस शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए महिला एसआई बलजीत कौर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी खेरुल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# मानसून सीजन शुरू, जल निकासी के पुख्ता प्रबंध रखें अधिकारी : डीसी प्रीति

**कैथल, 3 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** डीसी प्रीति ने कहा कि मानसून सीजन शुरू हो चुका है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी बारिश के पानी की निकासी के लिए उचित प्रबंध रखें।

निचले क्षेत्रों व जलभराव वाले उन प्वाइंट पर विशेष रूप से फोकस किया जाए। पानी निकासी के लिए आवश्यक पंपों की व्यवस्था हो और वे चालू हालत में हों। व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। अपने अपने विभाग की इमरजेंसी टीमों को एक्टिव कर दें, ताकि जलभराव से संबंधित शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके। डीसी प्रीति बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस रूम में मानसून सीजन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं।

इससे पहले चडीगढ़ से मुख्यमंत्री नायब सैनी की वीसी के माध्यम से तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने मानसून सीजन को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। डीसी प्रीति ने कहा कि जिले में अभी तक ज्यादा बारिश नहीं हुई है। शहर या गांव में कहीं पर भी गंभीर जलभराव की कोई रिपोर्ट नहीं है। लघु सचिवालय में सूखा एवं बाढ़ राहत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जा चुका है। इसमें कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। सभी ड्रेनों की सफाई हो चुकी है।

लेकिन जिले के 60 गांव ऐसे हैं, जहां ज्यादा बारिश होने पर जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है, इसलिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए इससे निपटने के लिए हमेशा तैयार रहें। उन्होंने सिंचाई, जनस्वास्थ्य व स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित विभागों में जलभराव जैसी आपात स्थिति के लिए हर तरह से तैयारी पूरी रखें।

# रामदास प्रजापत ने पालिका अधिकारियों की सीएम नायब सैनी को की शिकायत



**सफीदों, 3 जुलाई ( एस. के. मित्तल ) :** सफीदों के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व भाजपा निगरानी कमेटी के सदस्य रामदास प्रजापत ने सीएम नायब सैनी से मिलकर नगरपालिका सफीदों के अधिकारियों की शिकायत की है। शिकायत में रामदास प्रजापत ने अधिकारियों पर तथ्यहीन रिपोर्ट भेजकर सरकार को गुमराह करने के आरोप लगाए हैं। शिकायत में रामदास प्रजापत ने कहा कि सफीदों के वार्ड नंबर 14 व 15 में गंदे पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं है। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए उसने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र दिया था। 16 जून की दोपहर को उसके पास मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम के तहत किसी अधिकारी का फोन आया। अधिकारी ने दोनों वार्डों के गंदे पानी की निकासी समाधान पर चर्चा की। उसने अधिकारी को बताया कि आज तक समस्या को समाधान नहीं हुआ है।

वह इस शिकायत के संबंध में 12 जुलाई 2024 से लेकर अब तक 8 बार रिमाइंडर डाल चुका है। जिस पर फोन करने वाले अधिकारी ने उसे बताया कि नगर पालिका सफीदों के अधिकारियों ने सन् 2024 में लिखित पत्र भेजकर वार्ड नंबर 14 व 15 में गली के दोनों और नाली बनाकर गंदा पानी डिच ड्रेन में डालने की बात कही है। उसने अधिकारी को बताया कि नगर पालिका अधिकारियों द्वारा भेजा गया पत्र बिल्कुल तथ्यहीन है और सच्चाई से कोसों दूर है। आज तक भी वार्ड नंबर 14 व 15 से गंदे पानी की निकासी का कोई सार्थक समाधान नहीं हुआ है। शिकायत में रामदास प्रजापत ने यह भी कहा कि नगर पालिका सफीदों में ब्लॉक कंप्रेसिव स्ट्रैंथ चेक मशीन नहीं है। जबकि नगर पालिका करोड़ों रुपए के ब्लॉक लगवाकर गलियों में कार्य करवा रही है। वर्तमान में गली रिपेयर के नाम पर टेंडर लगाकर गली के 80-85 प्रतिशत ठीक ब्लॉक उखाड़कर उनको खुर्दबुर्द करके निम्न क्वालिटी के ब्लॉक लगाकर गलियां बनाई जा रही है। रामदास प्रजापत ने मुख्यमंत्री से मांग की की इस विषय पर व्यापक जांच कराकर सरकार को गुमराह करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और वार्ड नंबर 14 व 15 में गंदे पानी की निकासी का स्थाई समाधान करवाया जाए। रामदास प्रजापत ने बताया कि सीएम नायब सैनी ने उसकी बातों को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अगाज़ संस्था की ओर से शहर में जल भराव की समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन कर डीसी को ज्ञापन सौंपा गया



**यमुनानगर, 3 जुलाई ( संजीव कुमार ) :** अगाज संस्था एक नई शुरुआत की तरफ से एक ज्ञापन दिया गया। राहुल भान ने जानकारी बताया कि शहर के अंदर जो जल परिस्थितियां हैं, लोगों के घरों के अंदर पानी जा रहा है, लोग बहुत परेशान हैं, दुखी हो रहे हैं, लेकिन बड़े दुख से कहना पड़ रहा है की हमारा प्रशासन सोया हुआ है और हम लगातार प्रयास कर रहे हैं इनको जगाने का, लेकिन ये जाग नहीं रहे हैं तो आज हमारी संस्था की तरफ से कुछ जागरूक नागरिक इकट्ठे हुए हैं।

और इनको एक ज्ञापन दे रहे हैं, जिसके अंदर हम मांग करते हैं की जो जलभराव की समस्या है, शहर के अंदर उसका हमें जल्द से जल्द निपटारा चाहिए, राहुल भान ने बताया कि अभी हम अपने फेसबुक पे वीडियो डालते हैं तो वहाँ पे साफ सफाई होती है। कल ही मैंने बस स्टैंड के सामने एक कूड़े के ढेर का एक वीडियो डाला। वहाँ मेरे को 1 घंटे के अंदर सफाई मिली है। तो अगर हम जागरूक बनेंगे तो मुझे उम्मीद है की प्रशासन भी हरकत में आता है और सफाई भी होती है तो मैं सभी नागरिक से अपील करता हूँ नौजवान साथियों से की।

आप ज्यादा से ज्यादा आपने फेसबुक सोशल मीडिया पेजेज़ पे वीडियो बना के डालिए ताकि जो ये प्रशासन सोया हुआ है हम सब मिलजुल के जगा सके। और जिनकी वजह से ये जलभराव शहर में हुआ हैं, उम्मीद करते हैं की डीसी साहब जो अधिकारी हैं उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे।

# किसान बस्ती में सीवरेज की पाईप लाईन बिछाने से लोगों की बढ़ी मुसीबत



**नीलोखेड़ी, 3 जुलाई ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** प्री मानसून की बारिश ने आमजन के साथ किसान बस्ती के लोगों की मुसीबत बढ़ा कर रख दिया है। किसान बस्ती में सीवरेज की पाईप लाईन का काम जारी रहने से दलदल का सम्राज्य है। किसान बस्ती के लोगों का बस्ती में आना जाना मुश्किल हो रहा है। लोगों ने बस्ती में प्रवेश करने और बाहर निकलने के लिए वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था कर ली है। लोगों को बस्ती में आने जाने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है लेकिन कुल मिला कर किसी तरह काम चल रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग ने किसी अनहोनी घटना की आंशका को देखते हुए सड़क को ब्लाक कर दिया था। बाद में प्री मानसून की पहली बारिश होने से मेन होल बनाने के काम को रोक दिया गया और सड़क को लोगों के आने जाने के लिए खोल दिया गया। सड़क से वाहन निकालना काफी मुश्किल काम है लेकिन इसके बावजूद भारी वाहन चालक यहां से अपने वाहन निकालने से नहीं रुक रहे। अत्याधिक दलदल होने से यहां से वाहन निकालना खतरों से खेलने के बराबर है लेकिन वाहन चालक अपनी जान पर खेल कर वाहन निकालने से नहीं रुक रहे। भारी दल-दल होने से सोमवार को एक ट्रक दल-दल में धंस गया। इससे पहले एक महिला अपनी स्कूटी निकालने के चक्कर में गिर गई थी। किसान बस्ती से जी टी रोड तक सीवरेज की पाईप लाईन डाली जा रही है और मेन होल भी बनाए जा रहे हैं।गत दिनों प्री मानसून की पहली तगड़ी बारिश से बस्ती में जल थल हो गई थी। जिससे मेन होल का कार्य रोक दिया गया लेकिन पाईप लाईन डालने का काम अभी जारी है। कल से हो रही लगातार बूंदाबांदी से किसान बस्ती रोड पर दलदल हो गई है।

एसडी ओ गुरमीत सिंह का कहना है कि बारिश की वजह से मेन होल का काम रोक दिया गया है। लोगों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो इसके लिए ठेकेदार को सड़क का रास्ता ठीक करने का आदेश दिया गया है। सीवरेज की पाइप लाइन डालने का काम जारी है।

# अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने हेतू जिला पुलिस का चैकिंग अभियान जारी : पुलिस अधीक्षक

**यमुनानगर, 3 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने हेतू चैकिंग अभियान लगातार जारी है। प्रायः देखने में आता है कि वाहन चालक बिना पैट्रन/हाई सिक्योरिटी (एचएसआरपी) की नम्बर प्लेट, शराब पीकर गाड़ी चलाने, ट्रिपल राइडिंग, बिना साइलेंसर बाइक तथा काली फिल्म लगाकर यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। यातायात के नियमों की पालना करने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाकर वाहन चालकों/आमजन को समय-समय पर जागरूक किया जाता है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि यातायात के नियमों की पालना सुनिश्चित करने, अवैध वाहनों पर अंकुश लगाने और सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा यह अभियान चलाया गया है। वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की पालना ना करने से एक और जहां सड़क हादसे बढ़ते हैं वहीं अपराधिक किस्म के लोग भी इसका फायदा उठाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को यातायात के नियमों की पालना करनी चाहिए क्योंकि यातायात के नियमों की पालना करना एक सभ्य नागरिक की पहचान है। पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रबन्धक थाना/प्रबन्धक यातायात को यातायात नियमों की पालना ना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कारवाई करने के निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कारवाई की जा रही है। जिला पुलिस द्वारा जून माह में मोटर वाहन अधिनियम के तहत कारवाई करते हुए 6000 वाहन चालकों के चालान किये हैं। जिनमे ओवर स्पीड के 703, बिना पैट्रन नम्बर प्लेट/बिना नम्बर प्लेट 565, शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 108, ट्रिपल राइडिंग करने पर 734, काली फिल्म लगे 70 तथा बुलेट से पटाखे बजाने वाले 15 वाहन चालकों के चालान किये। यह अभियान भविष्य में लगातार जारी रहेगा।

## अंबेडकर समाज कल्याण सभा का त्रिवार्षिक चुनाव 10 अगस्त को

**करनाल, 3 जुलाई ( संदीप रोहिला ) :** अंबेडकर समाज कल्याण सभा का त्रिवार्षिक चुनाव 10 अगस्त को अंबेडकर भवन सेक्टर 16 करनाल में होगा। चुनाव करवाने के लिए सोम सिंह काजल (सीएसएसआरआई करनाल से प्रशासनिक अधिकारी सेवानिवृत) को रिटरनिंग अधिकारी लगाया गया है। हरियाणा विकास प्राधिकरण बागवानी के एसडीओ कुलदीप कुमार सहायक रिटरनिंग अधिकारी होंगे। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि सभा के कुल 484 आजीवन सदस्य हैं, जो चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के अधिकारी हैं। सभा के आजीवन सदस्यों की सूची जिला रजिस्ट्रार व सोसाइटी करनाल द्वारा स्वीकृत है वह अंबेडकर भवन सेक्टर 16 में उपलब्ध है। सभा का कोई भी आजीवन सदस्य अंबेडकर भवन में आकर देख सकता है। सभा के चुनाव में 31 मार्च 2025 तक के आजीवन सदस्य ही वोट देने के अधिकारी होंगे।

## भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा जयंती मनाएंगे आज

**कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तत्वाधान में भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा की जयंती 4 जुलाई पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई को सुबह 8 बजे भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा, संग्रहालय एवं पुस्तकालय पर हवन यज्ञ का आयोजन होगा। इसके बाद 9 बजे पूर्ण आहुति, 9 बजकर 30 मिनट पर पुष्पांजलि, 9 बजकर 40 मिनट पर स्मारक परिसर में पौधारोपण और 9 बजकर 55 मिनट पर माल्यार्पण कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई को ही पुरुषोत्तमपुरा बाग ब्रह्मसरोवर पर 5:30 बजे भजन संध्या, 6:30 बजे महाआरती और 7 बजे पुरस्कार वितरण समारोह तथा 7:15 बजे प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# कृषि विभाग के अधिकारियों ने खाद व बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी

**कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान बिजाई की जाने वाली फसलों के प्रयोग हेतु कृषि आदानों (खाद, बीज व इंसेक्टिसाइड इत्यादि) की लगातार मांग बनी रहती है। किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि आदान उपलब्ध हों।

इसके लिए विभाग के निरीक्षकों को विशेष निर्देश दिए गए है कि बाजार में उपलब्ध सभी प्रकार के कृषि आदानों की समय रहते सैम्पलिंग की जाए,ताकि किसानों को उचित समय पर उचित गुणवत्ता के कृषि आदान उपलब्ध करवाया जा सके। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अब तक खाद के 21, दवाइयों के 30 व विभिन्न फसलों के बीजों के 60 सैम्पल एकत्रित करके प्रयोगशालाओं में भेजे जा चुके है, जिनमें से 72 नमूनों के परिणाम आ चुके है और 3 नमूने अभी तक (दवाई का 1 व बीज के 2) फेल पाए गए है, बाकि 11 नमूनों का अभी तक परिणाम नहीं आया है। कृषि आदानों की गुणवत्ता को लगातार जांचने के लिए कृषि निदेशालय से डा. राकेश पोरिया, विपणन अधिकारी मुख्यालय की अगुवाई में संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न मंडियों का कृषि आदानों का स्टॉक, गुणवत्ता व उपलब्धता जांचने हेतु औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें 5 सैम्पल एकत्रित किए गए और औचक निरीक्षण की सख्त कारवाई को देखते हुए काफी डीलर अपने-अपने बिक्री केंद्रों को बंद करके चले गए, लगभग 20 डीलरों के बिक्री केन्द्र बन्द पाए गए, उन सभी डीलरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए है और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि खाद, बीज व इंसेक्टिसाइड निरीक्षकों को लगातार बाजार में नजर बनाए रखने व औचक निरीक्षण करने हेतु सख्त आदेश दिए हुए है ताकि किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि आदान सही समय व बिना किसी बाधा के उपलब्ध हो सके। इस मौके पर गुण नियंत्रक निरीक्षक शशीपाल, उप मंडल कृषि अधिकारी जितेन्द्र मैहता, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी अनिल चौहान मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा गांव शिकारपुर में सड़क निर्माण की रखेंगे आधारशिला

हिसार, 3 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) : हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा 4 जुलाई को गांव शिकारपुर में सड़क परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा शिकारपुर-नियाना रोड से लेकर पुल (बालसमंद ब्रांच) तक श्मशान घाट/सरकारी स्कूल के रास्ते बनाई जाएगी। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर वे गांव के विकास कार्यों पर चर्चा करने के साथ-साथ जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

## पौधे लगाने के साथ-साथ करें उसकी देखभाल भी : इंद्रपाल सिंह

*धरती को हरा-भरा बनाने के लिए जरूर करें पौधारोपित*



करनाल, 3 जुलाई ( संदीप रोहिला ) : गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने कहा है कि बढ़ते प्रदूषण के दौर में पौधे लगाना बेहद जरूरी हैं। इसके लिए, जरूरी है कि हम अधिक से अधिक पौधों को लगाएं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से वाहन की संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं, कई तरह की विषैली गैसें वातावरण में जहर घोल रही है और वातावरण में ऑक्सीजन की कमी होती जा रही हैं। इसलिए, हमें अपने जीवन से कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि धरती की हरियाली बनी रहे। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों के जन्म दिन पर, शादी की सालगिराह पर माता-पिता की याद में उनकी पुण्यातिथि पर पौधे लगाकर उनकी यादों को सहेजकर रखना चाहिए। हम जब पौधा लगाते है तो उसकी जिम्मेवारी हमारी डबल हो जाती है क्योंकि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी बेहद जरूरी है।

## योजना के तहत किसान फसल के बीमा के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन : डा. वजीर सिंह

करनाल, 3 जुलाई ( सोनी दुआ ) : कृषि एवं किसान कल्याण विभाग करनाल के उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अपनी फसल के बीमा के लिए 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा किसानों को अपनी फसल बीमित करवाने का अनुरोध किया ताकि फसल खराब होने पर किसानों को अपनी खराब हुई फसल का मुआवजा दिया जा सके और सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं का भी लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन 2025 के अंतर्गत आने वाली फसलों का बीमा किसान आगामी 31 जुलाई तक अपने बैंक में जाकर करवा सकते हैं और जो किसान बीमा नहीं करवाना चाहते, वह अंतिम तिथि से एक सप्ताह पहले अपने बैंक में लिखित में सूचित करेंगे अन्यथा बैंक द्वारा स्वतः ही बीमा काट लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि रक्षक पोर्टल पर किसान अपनी खराब हुई फसल की सूचना 72 घंटे के अंदर दे सकते हैं। योजना के तहत 3 प्रकार के जोखिमों को कवर किया जाता है, जिसमें धान फसल में जलभराव लागू नहीं होगा, जबकि ओलावृष्टि, बादल फटना, आसमानी बिजली गिरने से प्राकृतिक आग के कारण खड़ी फसलों का नुकसान होने पर क्लेम खेत स्तर पर दिया जाएगा। दूसरा फसल कटाई के बाद फसल सूखने के लिए पड़ी हो तो उस दौरान ओलावृष्टि, चक्रवाती वर्षा या गैर मौसमी बरसात से नुकसान कवर किया जाता है।

## रक्तदान महादान : डीएम अमित कुमार

करनाल, 3 जुलाई ( संदीप रोहिला ) : हैफेड के डीएम अमित कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है, हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि जरूरत पड़ने पर रक्त देने से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। डीएम अमित कुमार अंतर्राष्ट्रीय को-ऑपरेटिव वर्ष 2025 के तहत हैफेड के जिला कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।




उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह एक ऐसा कदम है जो किसी के जीवन को बचाने के साथ-साथ आपके खुद के स्वास्थ्य को भी फायदा पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्व भर में 2025 को अंतर्राष्ट्रीय को-ऑपरेटिव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर में करीब 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। डीएम अमित कुमार ने बताया कि हैफेड द्वारा एक से सात जुलाई तक को-ऑपरेटिव सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर हैफेड के सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में भाग लिया।

# तिरुपति धाम में माता गोदांबा व माता पद्मावती की निकली सवारी शोभा यात्रा

हिसार, 3 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ) : विभिन्न संस्कृतियों में सामंजस्य स्थापित करने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में अलग-अलग दिन माता गोदांबा व माता पद्मावती की सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इन शोभा यात्राओं में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर अपनी आस्था जताई। इस दौरान पूरा तिरुपति धाम जय श्रीमन्नारायण, जय तिरुपति बालाजी, जय भगवान वेंकटेश, जय माता गोदांबा व जय माता पद्मावती के उदघोष से गुंजायमान हो गया। शोभा यात्रा के उपरांत सभी भक्तों में सात्विक गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। मंगलवार को पूरे विधि-विधान से प्रातः माता गोदांबा का तिरुमंजन करके पूजा व आराधना की गई। इसी भांति बुधवार को प्रातः विधिस्वरूप माता पद्मावती का तिरुमंजन करके पूजा-अर्चना की गई। अलग-अलग दोनों दिन सायंकाल माता गोदांबा के चल विग्रह व माता पद्मावती के चल विग्रह को रथ में स्थापित पालकी में शोभायमान किया गया। श्रद्धालुओं ने रथ को रस्सों से खींचकर पूरे धाम की परिक्रमा करके अपनी श्रद्धा का परिचय दिया।

***दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित किए मंदिर***

सिरसा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश जी का मुख्य मंदिर है। इस मंदिर के बाएं तरफ माता गोदांबा व दाएं तरफ माता पद्मावती का मंदिर शोभायमान है। ये सभी मंदिर दक्षिण भारत से लाए गए ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित किए गए हैं। इतना ही नहीं यहां प्रतिष्ठित चल व अचल विग्रह भी दक्षिण भारत के विभिन्न क्षेत्रों से पूरी श्रद्धा से लाए गए हैं। इन मंदिरों के प्रति श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है। मंदिरों में स्थापित भगवान वेंकटेश, माता गोदांबा व माता पद्मावती के



विशाल विग्रह के दर्शन करके भक्तगण अपने आप को धन्य मानते हैं।

***माता गोदांबा को माना जाता भूदेवी का अवतार***

माता गोदांबा को भूदेवी का अवतार माना जाता है। माता गोदांबा का अविर्भाव एक बालिका के रूप में भगवान के परमभक्त श्री विष्णुचित्त के नंदनवन में तुलसी के पौधे की छाया में हुआ। भगवान के प्रति भक्ति और प्रगाढ़ आस्था के चलते माता गोदांबा भगवान विष्णु जी के श्री रंगनाथ स्वरूप में अपने पति-परमेश्वर की छवि देखने लगी। एक वक्त ऐसा भी आया जब भगवान विष्णु जी की अनुकंपा से गोदांबा श्री रंगनाथ में विलीन होकर रंगनायकी बन गई।

***माता पदमावती को माना जाता लक्ष्मी का स्वरूप***

माता पदमावती को श्री लक्ष्मी माता का स्वरूप माना जाता है। माता लक्ष्मी ने राजकुमारी पदमावती के रूप में पृथ्वी पर जन्म लिया और भगवान विष्णु श्रीनिवास के रूप में पृथ्वी पर अवतरित हुए। धर्म ग्रंथों के अनुसार आकाशराजा को सहस्त्रदल कमल पर विराजमान एक कन्या की प्राप्ति हुई। कन्या कमल के फूल पर मिली थी इसलिए उसका नाम रखा गया पदमावती। विभिन्न घटनाक्रमों के उपरांत श्रीनिवास व पदमावती का विवाह संपन्न हुआ।

# 12 सरकारी आईटीआई की 4020 सीटों के लिए 8806 युवाओं ने किए ऑनलाईन आवेदन

सोनीपत, 3 जुलाई ( विनोद ) : डीसी सुशील सारवान ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों(आईटीआई) में दाखिला लेने के लिए इस वर्ष युवाओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। इस वर्ष जिला में स्थित 12 सरकारी आईटीआई की 4020 सीटों के लिए 8806 युवाओं ने अपने आवेदन किए हैं।

उन्होंने कहा कि आईटीआई एक ऐसा सरकारी संस्थान है जो युवाओं को अनेक क्षेत्र में कौशल और निपुण बनाने का कार्य करता है ताकि उसे अच्छी कंपनियों में नौकरी मिल सके।

इसके साथ ये संस्थान युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाते है, न जाने कितने युवा इन सस्थानों में से कौशल हासिल कर आज अपनी कंपनियां चला रहे हैं। डीसी ने बताया कि सरकारी आईटीआई द्वारा गुरुवार को पहली मैरिट लिस्ट जारी की गई है।

इसलिए सभी युवा अपने से संबंधित आईटीआई में जाकर अपना नाम चैक कर लें। उन्होंने बताया कि जिस अभ्यर्थी का नाम इस मैरिट लिस्ट में आया है उसे 08 जुलाई तक अपने सभी दस्तावेजों का सत्यापन करवाने के साथ-साथ फीस जमा करवानी है। इसके पश्चात 09 जुलाई को रिक्त सीटों की सूची जारी की जाएगी, जिसके बाद 11 जुलाई को दूसरी मैरिट लिस्ट जारी होगी। दूसरी मैरिट जारी होने के बाद अभ्यर्थी 15 जुलाई तक अपने दस्तावेजों का सत्यापन व फीस जमा करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 16 जुलाई को फिर रिक्त स्थानों की लिस्ट जारी की जाएगी, अभ्यर्थियों के लिए ट्रेड बदलने के लिए 19 जुलाई तक पोर्टल खुला रहेगा।

इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मैरिट लिस्ट जारी होगी और अभ्यर्थियों को 27 जुलाई तक दस्तावेज तथा फीस जमा करवाने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दाखिले से संबंधित दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, ईमेल आईडी, दसवीं आधारित योग्यता प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बैंक अकाउंट की कॉपी, व मोबाइल नंबर के साथ-साथ फैमिली आईडी को भी जरूरी किया गया है।

**आईटीआई करने वाले अभ्यर्थियों को मिलती हैं ये सुविधाएं**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों(आईटीआई) द्वारा अभ्यर्थियों को रियायती बस पास सुविधा के साथ-साथ उनको रोजगार प्रदान करने के लिए संस्थानों में नियमित जॉब मेलों का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा आईटीआई पास आउट को हरियाणा बोर्ड 10वीं व 12वीं की समकक्षता प्रदान की जाती है। दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में आधुनिक कौशल प्रदान करने के साथ-साथ मशीनों के प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि सेना में आईटीआई पास को अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाते हैं। अभ्यर्थियों को पासपोर्ट बनवाने के लिए 1500 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लिए छात्रवृति की सुविधा प्रदान की जाती है।

**आईटीआईटी में महिलाओं को मिलती है विशेष सुविधाएं**

उपायुक्त ने बताया कि आईटीआई करने वाली महिलाओं की ट्यूशन फीस माफ की जाती है। इसके अलावा सोनीपत में महिलाओं को अलग आईटीआई की सुविधा मिलती है। आईटीआई में पढ़ने वाली महिलाओं को एक हजार रूपये की टूल किट मुफ्त में प्रदान की जाती है।

**आईटीआई में सीटों की स्थिति जानें**

जिला के 12 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों नामतः सोनीपत आईटीआई में 1044, सोनीपत महिला आईटीआई में 180, राजलूगढ़ी में 344, गन्नौर में 388, खेवड़ा में 20, गोहाना में 460, मुण्डलाना में 192, कथूरा में 108, फरमाणा में 104, खरखौदा में 580, पुरखास में 88 तथा बुटाना में 512 सीटों पर दाखिला आवेदन प्रक्रिया की जाएगी।

# भाजपा ने गरीबों को बहकाकर लिए वोट, अब बिजली के रेट बढ़ाकर दिया झटका : अरोड़ा

कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने बिजली के बढ़े रेट और बीपीएल परिवारों को दिए जाने वाले सरसों के तेल के दामों में बढ़ोतरी पर भाजपा सरकार को घेरा। अरोड़ा ने आरोप लगाया कि पहले भाजपा ने गरीबों को बहकाकर उनके वोट हथियाने का काम किया, अब बिजली के रेट बढ़ाकर बड़ा झटका दिया है। अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अशोक अरोड़ा ने भाजपा सरकार से सवाल पूछा कि जब सरकार लाइन लोस घटने का दावा कर रही है तो बिजली के रेट घटाने की बजाय बढ़ाए क्यों जा रहे हैं। इससे पहले फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया, अब टैरिफ में बढ़ोतरी की गई है। सरकार बिजली के रेट तीन बार बढ़ा चुकी है। पांच किलोवाट के बिजली के मीटर पर 375 रुपये फिक्स चार्ज लगा दिया है। अरोड़ा ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने 11 साल में कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। यमुनानगर में एक नई यूनिट का प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया है, जोकि 2030 तक बनने की उम्मीद है। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, पवन चौधरी, रामदिया फतेहपुर, युवा नेता अमरजीत अमीन मौजूद



रहे। अशोक अरोड़ा ने बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल के रेट में बढ़ोतरी होने पर घेरते हुए कहा कि चुनाव से पहले लोगों के राशन कार्ड बनाए गए, जिसके बाद प्रदेश की कुल आबादी का 75 प्रतिशत को गरीब बना दिया गया था। मगर फिर विधानसभा में सरकार द्वारा लोगों को डराया गया कि जिन्होंने गलत तरीके से बीपीएल राशन कार्ड बनवाए हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अब गरीबों को मिलने वाले तेल के रेट 40 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया है। महंगाई के वक्त गरीब परिवारों पर सरकार ने बोझ डालने का काम किया है।

***नप थानेसर में नालों की सफाई के नाम पर करोड़ों का घोटाला : अरोड़ा***

अशोक अरोड़ा ने कहा कि नगर परिषद थानेसर में नालों की सफाई के नाम पर करोड़ों का घोटाला किया गया है। मानसून का सीजन शुरु हो चुका है। उनकी जानकारी के अनुसार नालों की सफाई व रिपेयर के नाम पर लगभग 3 करोड़ रूपए का वर्क ऑर्डर 18 जून को दिया गया और 30 जून तक काफी काम पूरा कर दिया गया दिखाया गया है। जबकि नाले गंदगी से अंटे पड़े हैं। बरसात ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी है। लोगों की दुकानों और घर में पानी घुस गया था, यह एक बहुत बड़ा घोटाला है। इसकी जांच होनी चाहिए।

**पर्यवेक्षकों ने दी रिपोर्ट, जल्द ही संगठन बनने की उम्मीद**

अशोक अरोड़ा ने कहा कि कांग्रेस के संगठन बनाने की प्रक्रिया चल रही है। संगठन निर्माण को लेकर पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंप दी है, जल्द ही जिलाध्यक्ष बनेंगे। अरोड़ा ने उम्मीद जताई कि नेता विपक्ष का फैसला मानसून सत्र से पहले होगा। नेता विपक्ष नहीं बनने से कार्यकर्ताओं में निराशा पैदा होती गया पार्टी हाई कमान को जल्द फैसला लेना चाहिए।

# भाजपा सरकार द्वारा किया गया व्यापारियों व दुकानदारों पर आक्रमण : आदित्य सुरजेवाला

कैथल, 3 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) : गतरात्रि कैथल शहर की भगत सिंह चौंक मार्किट से ग्यारह रुद्री शिव मंदिर तक नगर परिषद प्रशासन और कैथल की शहरी भाजपा नगर परिषद सरकार की शह से दुकानदारों को बिना नोटिस दिए रात के अंधेरे में दुकानों के आगे से चबूतरे को जेसीबी द्वारा तोड़ा गया। इस वारदात को लेकर मार्किट में सभी दुकानदारों व व्यापारियों में नगर परिषद प्रशासन व चेयरपर्सन के प्रति भारी रोष है। कैथल के विधायक आदित्य

***बिना नोटिस के रात के अंधेरे में चोर और गुंडों की तरह दुकानों पर चलाए गए बुलडोजर और जेसीबी***



सुरजेवाला ने नगर परिषद प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाही की लेकर कड़े शब्दों में भाजपा सरकार की निंदा की। आदित्य सुरजेवाला ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को अपना समर्थन दिया और नगर परिषद प्रशासन पर कार्रवाही करने की मांग की। भाजपा सरकार व कैथल की भाजपा शहरी नगर परिषद चेयरपर्सन व उनके नुमाइंदों पर सीधे तौर से आरोप लगाते हुए आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि रात के अंधेरे में चोर और गुंडों की तरह भगत सिंह चौंक मार्किट में की गई नगर परिषद प्रशासन द्वारा कार्रवाही दर्शाती है कि भाजपा सरकार और नगर परिषद चेयरपर्सन की शह के तहत इस साजिश को अंजाम दिया गया है। दुकानदारों और मार्किट प्रधान को न नोटिस दिया गया और न उन्हें बताया गया बल्कि जिस तरह से रात को चोर व बदमाश निकलते हैं उसी तरह से जेसीबी व बुलडोजर लेकर दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया। आदित्य सुरजेवाला ने भाजपा सरकार से सवाल करते हुए कहा कि बड़ी ही हैरानी और हंसी की बात है कि शहर की भाजपा सरकार यानि नगर परिषद चेयरपर्सन और उनके नुमाइंदे कह रहें हैं कि उन्हें इस कार्यवाही की कोई जानकारी ही नहीं है या यूं कहें कि नगर परिषद प्रशासन पर आपकी पकड़ मजबूत ही नहीं है। क्या नगर परिषद प्रशासन आपके अधीन नहीं आता? या प्रशासन आपके कहे से बाहर है और अगर प्रशासन आपके अधीन आता है तो दुकानदारों पर बिना नोटिस और रात के अंधेरे में चोरों की तरह तोड़ फोड़ करने का आपका क्या अधिकार बनता है? बड़े ही शर्म की बात है कि कार्रवाही करने व करवाने वाले ही दुकानदारों के बीच घड़ियाली आंसू बहाने आ रहे। आदित्य सुरजेवाला ने दोषी प्रशासन के खिलाफ कार्रवाही करने व दुकानदारों के हुए नुकसान की भरपाई करने की भी मांग की।

# जल संरक्षण और पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए चलाया विशेष जागरूकता अभियान

कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) : जिला सलाहकार डेलिया बातिश ने कहा कि ग्राम पंचायत खेड़ी मारकंडा खंड पिपली में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तत्वावधान में गांव के जल घरों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों व घर-घर में जाकर जल संरक्षण और पानी की गुणवत्ता जांच को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता को स्वच्छ पेयजल के महत्व से अवगत कराया और जल स्रोतों के संरक्षण के उपायों के बारे में बताना है। जिला केमिस्ट निशा सैनी व जिला सलाहकार डेलिया बातिश ने कहा कि जल का संरक्षण न केवल पर्यावरण की रक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह स्वास्थ्य और कृषि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही, स्थानीय जल स्रोतों से जल के नमूने लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच की गई और जांच परिणामों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

इसके लिए लैब अटेंडेंट ने जलघर व घरों से पानी के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता अभियान में ग्रामीणों से जल संरक्षण हेतु जल पुनर्भरण (रिचार्ज पिट), वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) आदि के महत्व पर चर्चा की गई, ग्रामीणों को घरेलू जल परीक्षण की विधियां सिखाई गई,जल स्रोतों की साफ-सफाई के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। जल है तो कल है जैसे नारों के माध्यम से जन जागरूकता बढ़ाई कार्यक्रम में उपमंडल अभियंता रमेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ जल जीवन की आधारशिला है। हमें जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना होगा और अपने आस-पास के जल स्रोतों को सुरक्षित रखना होगा। इस कार्यक्रम में खंड समन्वयक अनिल कुमार द्वारा सभी ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और उन्हें अपने-अपने घरों और खेतों में जल की बचत और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

# हाथ धोने से बच सकते हैं कई बीमारियों से : प्रदीप शर्मा

***नगर परिषद की तरफ से सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम के तहत सेक्टर 13 के डीएवी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन***

कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) : नगर परिषद थानेसर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि नगर परिषद थानेसर की सफाई की टीम द्वारा सेक्टर 13 डीएवी स्कूल में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि हाथ धोने से किन-किन बीमारियों से बचा जा सकता है और किस प्रकार से हम स्वस्थ रह सकते हैं। नगर परिषद थानेसर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि सुबह वॉशिरूम यूज करने के बाद बच्चों को अपने हाथ करीब 20 सेकंड तक धोने चाहिए। यदि हम स्वच्छ होंगे तो हमारा आज पड़ोस भी स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि बड़ों के साथ साथ छोटे बच्चे के हाथ स्वच्छ रखना सबसे ज्यादा जरूरी है,क्योंकि अक्सर छोटे बच्चे इधर-उधर हाथ मारते रहते हैं जिससे कई प्रकार के फंगस और कीटाणु हाथों के जरिए उनके मुंह में चले जाते हैं जोकि बीमारियों का कारण बनते हैं। फील्ड अधिकारी अनूप सिंह ने बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि जब आप अपने पालतू पशु के साथ खेलते हैं या पार्क में जाते हैं या अस्पताल में भर्ती अपने किसी सगे संबंधी से मिलने के लिए जाते हैं तो वहां पर कई प्रकार के कीटाणु होते हैं जो आपके हाथों के माध्यम से पेट के अंदर जाकर आपको बीमार कर सकते हैं। इसलिए जब भी आप बाहर से अपने घर आए तो अपने हाथ साबुन या सैनिटाइजर से जरूर साफ करें। उन्होंने कहा कि कई बार छींकते समय, खांसते व नाक साफ करते समय यह कीटाणु हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इसके बाद बच्चों में दस्त, पेट दर्द व स्किन संबंधी रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच के मार्गदर्शन में स्कूलों में जाकर बच्चों को हैंड वॉश के प्रति मोटिवेट करने का कार्यक्रम नगर परिषद द्वारा चलाया जा रहा है। इसके तहत नगर परिषद की टीम स्कूलों में जाकर बच्चों को हैंड वॉश करने के तरीके वह अन्य जानकारी दे रही है।




सुपरवाइजर राजेश ने बच्चों को सैनिटाइजर व साबुन से हाथ धोकर बताया कि हमें हाथ कैसे धोने हैं जिस पर बच्चों ने कहा कि वह आगे से इन बातों का ध्यान रखेंगे और भविष्य में उन्हें अपने जीवन में अपनाएंगे। इस अवसर पर डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल मनीषा लांबा, राजन व स्कूल का स्टाफ उपस्थित था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा गांधीनगर स्थित गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नगर परिषद थानेसर द्वारा स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य भजन राठोर, अतिरिक्त उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, रेखा धीमान, सरिता शर्मा, जया वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी, अनु पाहवा, अनिता वालिया, सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा, ज्योति रानी, मोनिका माटा, अनूप शर्मा, आलिशा अरोडा, बिंदु, पिंकी रानी, सीमा शर्मा व मधु शर्मा, बलजीत जांगड़ा प्रभारी राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांधी नगर, संजय शर्मा, बीरेंद्र सिंह, सुदेश रानी, निर्मला देवी, मिनाक्षी चौधरी, सौरभ गांधी, सतीश कौशिक, अमित बंसल सोमनाथ, सुरेंद्र, राजेंद्र, अनिल, पवन आदि मौजूद रहे।

# महिला व पुरुष बॉक्सरों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते 4 मेडल

*जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार व प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह ने खिलाडि़यों को किया सम्मानित, खेल विभाग का नाम किया रोशन*

**कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** हरियाणा खेल विभाग की तरफ से हरियाणा राज्य सीनियर महिला व पुरुष बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 27 से 29 जून तक ताऊ देवी लाल स्टेडियम पंचकुला में हुआ। इस राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 4 खिलाडि़यों ने अलग-अलग वर्गों में मेडल जीतकर कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन खिलाडि़यों को जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार व प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह ने सम्मानित किया है।

जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने खिलाडि़यों के साथ-साथ प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी हर गेम में जिले के साथ-साथ प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। अभी हाल में ही चल रही खेल प्रतियोगिताओं में कुरुक्षेत्र की प्रतिभाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। इन खिलाडि़यों को सरकार की तरफ से उच्च स्तरीय सुविधाएं और अच्छा प्रशिक्षण दिया



जा रहा है। जिसके चलते ही खिलाड़ी खेलों के हर मंच पर सराहनीय प्रदर्शन कर पा रहे है। बॉक्सिंग के प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पंचकुला ताऊ देवी लाल स्टेडियम में हुई हरियाणा सीनियर स्टेट महिला व पुरुष बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 59 किलोग्राम वर्ग में नीतिका ने कांस्य पदक हासिल किया है। इसी तरह 60 किलोग्राम वर्ग में परमवीर ने कांस्य, 70 किलोग्राम वर्ग में वंश ने कांस्य और 90 किलोग्राम वर्ग में दिलावर ने भी कांस्य पदक हासिल किया है। इन खिलाड़ियों ने सराहनीय प्रदर्शन करके कुरुक्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। इन खिलाडि़यों से दूसरे युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने की हुंकार भरी



**सफीदों, 3 जुलाई ( एस. के. मित्तल ) :** हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन द्वारा बुधवार को नगर के नागक्षेत्र सरोवर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान सतपाल कुंडू व अनिल फौजी ने की और बैठक का संचालन दिलबाग द्वारा किया गया।

बैठक में देशभर में ट्रेड यूनियनों एवं जन संगठनों द्वारा घोषित 9 जुलाई की एक दिवसीय सांकेतिक राष्ट्रव्यापी हड़ताल में नियमित और कच्चे कर्मचारियों द्वारा बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की गई। बैठक में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

बैठक में सिंचाई विभाग के कच्चे कर्मचारियों को नीति बनाकर नियमित करने, एचकेआरएन के हटाए गए कर्मचारियों का वेतन देने, बिना किसी शर्त दोबारा से वापिस लेने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने बारे, कैनाल गार्ड, गेज रीडर व मेट को तृतीय श्रेणी का दर्जा देने, कॉमन केडर के कर्मचारियों को विभागीय नियमों के तहत पदोन्नति देने, सेवा नियमों एवं वेतन विसंगतियों को दूर करने, वर्दी धुलाई भता मासिक सैलरी के साथ देने, रेशेनलाइजेशन के नाम पर कटौती किए गए पदों को लागू करने की मांग सरकार के सामने रखी गई।

बैठक में कर्मचारियों ने एकस्वर में इस हड़ताल में शामिल होने की हुंकार भरी।

इस मौके पर राज्य प्रधान गंगा राम मौण, जिला प्रधान विजेंद्र शर्मा, राजबीर, आशु राणा, कमल सैनी, मांगत राम, राजेश, अमित, संजय कुंडू, अनिल, दीपक, विकास, पवन, सुनील, काम सिंह, नरेश, प्रदीप, अनिल, राजकुमार व अशोक विशेष रूप से मौजूद रहे।

# राजकुमार गर्ग बने रोटरी क्लब के डिस्ट्रीक मुख्य सलाहकार

**शाहाबाद मारकंडा, 3 जुलाई ( रूबी ) :** शाहाबाद मारकंडा में रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान रह चुके राजकुमार गर्ग को जिला 3080 जिसके अंतर्गत समभाग हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में स्थित रोटरी क्लब शामिल में के डिस्ट्रीक मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। जानकारी देते हुए क्लब के प्रधान डा. आरएस घुम्मन ने बताया कि राजकुमार गर्ग को रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश द्वारा मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया है। डा. घुम्मन ने बताया कि राजकुमार गर्ग रोटरी क्लब शाहाबाद के 1988 से सक्रिय सदस्य हैं। 1991-92 में वह क्लब के सचिव रहे, दो बार 1995-96 और 2021-22 में क्लब के प्रधान रहे तथा दोनों बार ही राजकुमार गर्ग को जिला में सर्वश्रेष्ठ प्रधान का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। राजकुमार गर्ग जिला में भी कई बार पदाधिकारी रहे। दो बार जिला के इंटरेक्ट अध्यक्ष रहे। वर्ष 2023-24 में जिला के सलाहकार के पद पर कार्य किया, वर्तमान में



पॉल हैरिस, फैलो लेवल 3 है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा पूर्व प्रधान डा. एसएस आहूजा को जॉन-14 का एसिस्टेंट गवर्नर नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत शाहाबाद मारकंडा, रादौर, बराड़ा, नारायणगढ़, पिहोवा में स्थित सभी रोटरी क्लब हैं। डा. एसएस आहुजा 1998 से रोटरी क्लब शाहाबाद के सक्रिय सदस्य हैं व रोटरी क्लब के 7 बार सचिव, दो बार कोषाध्यक्ष रह चुके है। इस के अतिरिक्त दो बार वर्ष 2008-9 एवं 2024-25 में प्रधान रहे हैं तथा अपने कार्यकाल में आउटस्टैंडिंग प्रधान घोषित किए गए। रोटरी क्लब में आने से पहले 1988 से 1998 तक प्रोटेक्ट के सदस्य एवं 1995-96 में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट प्रधान घोषित किया गए। रोटरी डिस्ट्रिक्ट में भी कई पदों पर कार्य किया। रोटरी क्लब शाहाबाद के सभी सदस्यों ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का क्लब के सदस्यों को अहम पद देने के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर डा. सतीश गर्ग, डा. गुरदीप सिंह हेयर, डा. दीपक शर्मा, महेश गोयल, आरडी गुप्ता, एसएस खुराना, डा. पीयूष अग्रवाल, दीपक कक्कड़, डा. हिमांशु अरोड़ा, संजीव कालड़ा, प्रवीण गर्ग, सुनील बावेजा, मदनलाल गर्ग, अभय वधवा, कुलदीप गुप्ता, विक्रम गुप्ता ने राजकुमार गर्ग को बधाई दी।

# जन समस्याओं का समाधान ही जनप्रतिनिधि का कर्तव्य : योगेंद्र राणा

**असंध, 3 जुलाई ( दल सिंह मान ) :** आज असंध स्थित कैंप कार्यालय में विधायक योगेंद्र राणा ने क्षेत्र के अनेक स्वजनों से मुलाकात की और उनकी विभिन्न समस्याएं गंभीरता से सुनीं। नागरिकों द्वारा पेंशन, बिजली-पानी, राशन, सड़क निर्माण, चिकित्सा सेवाएं तथा रोजगार से संबंधित विषय प्रमुख रूप से उठाए गए। विधायक योगेंद्र राणा ने प्रत्येक समस्या को प्राथमिकता के साथ लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी शिकायतों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य जनता के बीच रहकर उनकी आवाज़ बनना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि



असंध विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक नागरिक खुद को सुरक्षित, सुना और सम्मानित महसूस करे, यही उनका निरंतर प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के नेतृत्व में हरियाणा में निरंतर जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिनका लाभ सीधे आमजन तक पहुँच रहा है। राणा ने मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए स्पष्ट संदेश को दोहराया कि जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी ढंग से किया जाना चाहिए। विकास से संबंधित मांग पत्रों पर आश्वासन देते हुए विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में विकास के कार्य रूकने नहीं दिए जाएंगे, सबका साथ-सबका विकास की नीति को आगे बढ़ाते हुए पूरे शहर का एक समान विकास करवाया जाएगा तथा विकास के कार्यों के लिए धन की भी कोई कमी नहीं रहेगी।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान : पीयूष गुप्ता

**यमुनानगर, 3 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** सीटीएम पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश ने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और



पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं। सीटीएम पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें जगाधरी निवासी संजीव कुमार व नरेश कुमार ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे, दुर्गा कॉलोनी निवासी जय सिंह ने पशु डेयरी हटवाने बारे व महावीर कॉलोनी निवासी सुमन रानी ने सिवरेज ब्लॉक होने की समस्या रखी। इस अवसर पर डीएसपी कंवलजीत सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फसल अवशेष प्रबंधन के लिए पैडी स्ट्रा सप्लाई चेन स्थापित करेगा कृषि विभाग : डा. कर्मचंद

**कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में फसल अवशेष प्रबंधन की दर को गति देने व रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कृषि विभाग जिले में पैडी स्ट्रा सप्लाई चेन स्थापित करेगा। इसके तहत 1 करोड़ व 1.5 करोड़ रुपए तक के प्रोजेक्ट बनाए जा सकते है। जिसमें कृषि विभाग 65 प्रतिशत की अनुदान राशि देगा। इस प्रोजेक्ट कोस्ट का 25 प्रतिशत खर्च उद्योग द्वारा व शेष 10 प्रतिशत खर्च एग्रीगेटर द्वारा वहन किया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यदि कोई एग्रीगेटर उद्योग के साथ बाई-लेटरल एग्रीमेंट में नहीं जाना चाहता तो वह स्वयं भी सीधे आवेदन कर सकता है बशर्ते कि वह हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी हो। ऐसे केस में प्रोजेक्ट कोस्ट का 35 प्रतिशत खर्च एग्रीगेटर वहन करेगा। एग्रीगेटर को प्रोजेक्ट स्थापना के लिए वित्तीय सहायता बैंक से लेनी होगी। सहायक कृषि अभियन्ता राजेश वर्मा ने बताया कि जिला में लगभग 6 लाख टन फसल अवशेष पैदा होता है। इस प्रोजेक्ट की स्थापना से फसल अवशेष के प्रबंधन में सहायता प्राप्त होगी और आगजनी की घटनाओं में कमी आएगी। इसके लिये विभागीय वेबसाइट एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर दिनांक 15 जुलाई 2025 तक



ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन पश्चात आवेदक को बैंक के वित्तीय सहायता की अप्रूवल व प्रोजेक्ट रिपोर्ट सहित अन्य आवश्यक कागजात विभाग को जमा करवाने होंगे उसी आधार पर दिनांक 21 जुलाई 2025 को जिला स्तरीय कमेटी द्वारा सभी आवेदनों पर विचार किया जाएगा। ऐसे पराली उद्योग जिसने एग्रीगेटर के साथ परस्पर एग्रीमेंट किया हो, को वरीयता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके उपरांत 100 प्रतिशत पराली आधारित उद्योग व उसके बाद ऐसे एग्रीगेटर जिन्होने पिछले दो साल में पराली की खरीद की हो, को मौका दिया जाएगा।

सभी आवेदकों की प्रोजेक्ट रिपोर्टस को जिला स्तरीय कमेटी द्वारा अध्ययन उपरान्त जिला स्तरीय कमेटी द्वारा राज्य स्तरीय कमेटी को अनुमोदन किया जाएगा। राज्य स्तरीय कमेटी द्वारा जिस प्रोजेक्ट के लिए स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उसी अनुसार आवेदक को तय सीमा के भीतर मशीनरी खरीदनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट के तहत सब्सिडी पर दिए जाने वाले कृषि यंत्रों की सूची में 200-500 किलो क्षमता का राउड या रेक्टेंगुलर बेलर, हे-रेक, रोटरी स्लेशर, टेडर मशीन, ऑटोमेटिक ट्राली, टेली हेन्डलर, नमी मापक, वाटर टैंक, अग्निशामक व ट्रैक्टर इत्यादि शामिल किए जा सकते है। इस स्कीम के तहत लाभ लेने वाले को प्रति सीजन 3000-4500 टन धान अवशेषों का प्रबंधन करना होगा। जिन आवेदकों ने वर्ष 2024-25 में आवेदन कर रखा है उन्हे पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति उप कृषि निदेशक / सहायक कृषि अभियन्ता, कुरुक्षेत्र कार्यालय में सम्पर्क कर सकता है।

# विद्यालय के सुचारु संचालन, प्रगति तथा सबके सुख शांति के लिए की प्रार्थना

*स्कूल का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को सस्ती विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है : पवन गर्ग*

**लाडवा, 3 जुलाई ( रामगोपाल ) :** संजय गाँधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनोरा-लाडवा में नवनिर्मित सरस्वती मंदिर में पंडित प्रवीन शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्रेस सदस्यगण, प्रधानाचार्य, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की उपस्तिथि में विशेष पूजा अर्चना कर विद्यालय के सुचारु संचालन, प्रगति तथा सबके सुख शांति के लिए प्रार्थना की। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग ने विद्यालय के नए सत्र में किये गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के मिडिल विंग में एयर कंडीशनर लगवाए गए ताकि विद्यार्थी अपनी पढाई पर और ध्यान दे सके। उन्होंने बताया कि विद्यालय के होनहार छात्र एलिश सैनी ने नीट यूश जीश में सफलता प्राप्त कर सरकारी कॉलेज में अपना दाखिला सुनिश्चित किया। जो निश्चित तौर पर न केवल विद्यालय बल्कि क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है।

उन्होंने आगे कहा कि स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक बुनियादी ढाँचे और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूल की स्थापना 1980 में स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गर्ग, तत्कालीन एमएलसी, थानेसर के विधायक और उनकी टीम द्वारा धनौरा के लोगों की मदद से की गई थी, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को सस्ती विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करना था। स्कूल के सचिव रविंदर बंसल के अलावा, संयुक्त सचिव नरेंद्र सिंघल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गिल, राजन कंसल और प्रिंसिपल नरेंद्र शर्मा ने भी अनुष्ठान में भाग लिया।

# सरकार ने योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में की बढ़ोतरी : विधायक

**करनाल, 3 जुलाई ( परमजीत कौर ) :** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी को लेकर एक और सराहनीय कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है जो कि एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि अब पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इससे पहले यह



राशि 41 हजार रुपये थी। उनके इस निर्णय से 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके लिए विधायक जगमोहन आनंद ने व्यक्तिगत रूप से मिलकर संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह के लिए, किसी भी वर्ग की महिला खिलाड़ियों को उनकी स्वयं की शादी के लिए और ऐसे दिव्यांग जोड़ों को जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक भी दिव्यांग हो - को भी अब 51 हजार रुपये की राशि कन्यादान स्वरूप दी जाएगी।

**इन लाभार्थियों को पहले से मिल रहा समर्थन :** विधायक जगमोहन आनंद ने बताया कि इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को पहले ही 71 हजार रुपये की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है। वहीं, विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर ( यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) को भी 51 हजार रुपये की राशि दी जाती है। यदि नवविवाहित दंपती दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें भी 51 हजार रुपये की सहायता राशि मिलती है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए विवाह के 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण कराना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को बहुत सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि पात्र व्यक्ति आसानी से लाभ उठा सकें। आवेदक पोर्टल पर जाकर मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# सीजेएम ने किया नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का दौरा

**कैथल, 3 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मैहला के आदेशानुसार बुधवार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव कंवल कुमार ने जिला नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र जिला नागरिक अस्पताल कैथल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां डॉक्टर सीमा मलिक से नशा मुक्ति / पुनर्वास केन्द्र में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और वहां पर भर्ती आठ मरीजों से भी बातचीत की। उन्होंने मरीजों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव कंवल कुमार ने बताया कि 12 जुलाई 2025 (शनिवार) को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत उपरोक्त अदालतों में लंबित मुकदमों में मोटर वाहन और पारिवारिक झगड़े के अतिरिक्त अन्य मामले शामिल हैं। यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस/विवाद का निपटारा लोक अदालत के माध्यम करवाना चाहता है तो वह संबंधित अदालत में या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल में सम्पर्क कर सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन नंबर 01746-235759 पर किसी भी तरह की कानूनी या सामाजिक समस्या के बारे में भी बात कर सकते हैं।

# प्रदेश सरकार ने कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों के साथ किया है विश्वासघात : सुरेंद्र प्योंत

**करनाल, 3 जुलाई ( संदीप रोहिला ) :** कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र प्योंत और प्रदेश महासचिव सुनील राणा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग ने प्रदेश के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट की अनुबंध बढ़ोतरी सेम शर्तो पर एक जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक का पत्र जारी किया है, जबकि हरियाणा सरकार ने पिछली बार 31 मार्च से 30 जून तक तीन महीनों का जो अनुबंध बढ़ोतरी का जो पत्र जारी किया था तब कहा था कि प्रदेश के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट को जल्द ही एक्ट में शामिल करके पत्र जारी किया जाएगा।

सरकार ने कंप्यूटर लैब अटेंडेंट के साथ विश्वासघात किया है, जिससे प्रदेश भर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों में भारी रोष और सरकार के प्रति गुस्सा है। प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र प्योंत ने कहा कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों की भर्ती 2011 में नियमों के तहत हुई थी।

लगभग 14 वर्ष बीत जाने के बाद सरकारें बदली ऑफिसर बदले लेकिन विडंबना की बात है प्रदेश के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों का भाग्य नही बदला है। जल्द ही प्रदेश भर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट रणनीति बनाकर सरकार के खिलाफ आंदोलन की घोषणा करेंगे। मुख्य मांगों में प्रदेश के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों को एक्ट-2024 में शामिल किया जाए, प्रदेश के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट को एक्ट 2024 में योग्यता अनुसार तकनीकी पे-स्केल लागू किया जाए व प्रदेश भर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों का जनरल तबादला/समायोजन किया जाए शामिल हैं।

# जुड्डों के इंटर्नशिप पर आए प्रशिक्षकों ने द्रोणाचार्य स्टेडियम में लिया 60 दिन का प्रशिक्षण : मनोज कुमार



**कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि केरला से जुड्डों का प्रशिक्षण लेने के लिए 2 प्रशिक्षक इनटर्नशिप करने के लिए द्रोणाचार्य स्टेडियम में आए और इन प्रशिक्षकों को 60 दिन की इंटर्नशिप में जुड्डों खेल के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रशिक्षकों ने इंर्नटनशिप के दौरान स्थानीय खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण देने का काम किया। डीएसओ मनोज कुमार वीरवार को इंर्नटनशिप प्रशिक्षकों की 60 दिन की इंर्नटनशिप पूरी होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले डीएसओ मनोज कुमार ने केरला से आए जुड्डों इंर्नटनशिप विजेथाएन और श्रीराम एके को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन दोनों ने 60 दिन द्रोणाचार्य स्टेडियम के जुड्डों हॉल में इंर्नटनशिप के दौरान खिलाडि़यों को अभ्यास करवाया और स्थानीय प्रशिक्षकों से व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त किया। इस मौके पर जिला जुड्डों एसोसिऐशन के उप प्रधान डा. उदय सिंह, जुड्डों कोच राम निवास, जुड्डों कोच सपना सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद थे।

## ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा 5वां आरोपी गिरफ्तार

**कैथल, 3 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** संपत्ती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने के एक मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई शमशेर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला संगरूर पंजाब के गांव खुम्बरवाल निवासी जसपाल उर्फ बारा सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि माडल टाउन कैथल निवासी अर्पित की शिकायत अनुसार वह गांव क्योडक़ में जमीन ठेके पर लेकर खेती करता है। 11 मार्च की रात क्योडक़ स्थित उसके रिश्तेदार के ईंट भट्टे पर खडे उसके ट्रैक्टर-ट्राली को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त मामले में 4 आरोपियों को काबू करके कब्जे से ट्रैक्टर-ट्राली व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद की जा चुकी है। आरोपी सोमवार को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

## 2.91 ग्राम हेरोइन सहित दो नशा तस्कर काबू

**कैथल, 3 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** एक तरफ जहां जिला पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में थाना गुहला पुलिस द्वारा गुहला क्षेत्र से 2 नशा तस्करों को 2.91 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना गुहला पुलिस के एसआई रामचंद्र सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान सरकारी हस्पताल गुहला के पास मौजूद थी।

जहां पुलिस को सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली कि अभी कुछ देर में स्कूटी पर एक नौजवान लडक़ा व एक महिला चीका से नहरी रास्ते होते हुए गुहला आ रहे है, नोजवान लड़के के पास नाजायज असला मिल सकता है। सूचना विश्वसनीय होने के कारण सतर्कता व मुस्तैदी का परिचय देते हुए पुलिस टीम द्वारा नहरी रास्ता गऊशाला के पास नाकाबंदी शुरू की गई।

कुछ समय बाद चीका की तरफ से आए संदिग्ध स्कूटी सवार एक नौजवान लडक़ा व महिला को पुलिस द्वारा रुकवाया गया। जिनकी पहचान रंधावा पंजाब हाल चीका निवासी राकेश उर्फ नेजी व महिला की पहचान मानसा जिला संगरूर पंजाब हाल चीका निवासी गुग्गु के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान महिला के कब्जे में लेडीज पर्स से 2.91 ग्राम हेरोइन चिट्टा बरामद हुआ। जिस बारे दोनो आरोपियों के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे थाना गुहला से एएसआई अमित कुमार व लेडी एएसआई बबीता द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी वीरवार को अदालत में पेश किए जाएगें, जिनसे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।


## पुलिस द्वारा 17.50 नाजायज शराब सहित आरोपी काबू

**कैथल, 3 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** अवैध शराब तस्करो पर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार शिकंजा कसते हुए थाना चीका पुलिस के एचसी जसपाल की टीम को शाम की समय गस्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की उपरोक्त आरोपी अमित सलेमपुर से चीका रोड़ पर स्विफ्ट गाड़ी में आते जाते ग्राहको को शराब बेच रहा हैं। अगर तुरंत रेड की जाए तो आरोपी को शराब सहित काबु किया जा सकता हैं। सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी आरोपी संजय बस्ती चीका निवासी अमित उर्फ कागा को काबु कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी अमित के कब्जे में स्विफ्ट गाड़ी में 17.25 बोतल नाजायज शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना चीका में मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाही अमल में लाई जा रही हैं।

## नकदी चोरी करने के मामले में एंटी व्हीकल स्टाफ द्वारा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल, 3 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** कैथल क्षेत्र के एक निजी कार्यालय से नकदी चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में के एचसी लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी राज नगर कैथल निवासी रवि कुमार को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डोगरा गेट कैथल निवासी विकास धीमान की शिकायत अनुसार 15 जून की रात को करनाल रोड़ पर स्थित उसके कार्यालय से अज्ञात व्यक्ति 70 हजार की नकदी चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से 4 हजार रुपये बरामद कर लिए गए। आरोपी वीरवार को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## एसएचओ ट्रैफिक ने बस अड्डा व पेहवा चौक पर आमजन को ट्रैफिक नियमों बारे किया जागरूक



**कैथल, 3 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** सड़क सुरक्षा विषय के तहत एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार आमजन सहित युवाओं को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए वीरवार को बस अड्डा कैथल व पेहवा चौक कैथल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश की अगुवाई में यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेश कुमार व लीगल सैल टीम द्वारा आमजन सहित युवाओं को यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

एस एच ओ थाना ट्रैफिक इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने आमजन को ट्रैफिक नियमों की आवश्यकता, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, तेज गति और मोबाइल के उपयोग से होने वाले खतरों, अंडर ऐज में वाहन चलाना, स्टंट बाजी करना पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकांश सडक़ दुर्घटनाएं लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिन्हें थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से रोका जा सकता है। एस एच ओ ने कहा कि चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी व दुसरों की जान माल की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए।

# हकृवि में जुलाई माह के दौरान विभिन्न प्रशिक्षण होंगे आयोजित



**हिसार, 3 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में जुलाई माह के दौरान तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन, कटाई व सिलाई और संरक्षित खेती (पॉली हाउस-नेट हाउस) पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि 7 से 9 जुलाई तक मशरूम उत्पादन तकनीक, 17 से 19 जुलाई मधुमक्खी पालन, 28 से 30 जुलाई तक कटाई व सिलाई तथा संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में देश/प्रदेश से किसी भी वर्ग आयु के इच्छुक महिला या पुरुष यह प्रशिक्षण ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण नि:शुल्क है और प्रशिक्षण में पूरी अवधि तक भाग लेने वाले उम्मीदवारों को ही विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान राज्य सरकार और केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं का कौशल विकास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के इच्छुक युवक और युवतियां संस्थान में पहले दिन सुबह 7:30 बजे पहुंच कर अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। संस्थान के सह-निदेशक ने बताया कि प्रशिक्षण का समय प्रात: 7:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगा। यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 लूदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा पंजीकरण के लिए एक फोटो और आधार कार्ड की फोटो कॉपी जरूर साथ लेकर आएं।

# प्रशासन द्वारा सप्ताह में हर सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर का किया जा रहा है आयोजन : डा. रमन गुप्ता



**कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने कहा कि प्रशासन की तरफ से लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में सप्ताह में हर सोमवार व वीरवार कार्य दिवस में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में लोगों को अपनी समस्याएं रखनी चाहिए। अहम पहलू यह है कि उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में प्रशासनिक अधिकारियों का बकायदा शैडयूल बनाया गया है जोकि प्रत्येक सप्ताह के सोमवार व वीरवार कार्य दिवस में आमजन की समस्याओं का समाधान कर रहे है। नगराधीश डा. रमन गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इससे पहले डा.रमन गुप्ता ने क्रिड और अन्य विभागों से सम्बन्धित समस्याओं को सुना और मौके पर ही समाधान किया है और समाधान शिविर में लम्बित समस्याओं का जल्द समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करे और लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करे। इस विषय को गंभीरता के साथ लेना है और लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद समाधान भी करना है। उन्होंने कहा कि अगर लोग हर विभाग से सम्बन्धित समस्या को समाधान शिविर में लेकर आएंगे और इस शिविर में बैठे अधिकारी लोगों की समस्या का समाधान करेंगे तभी सरकार का मकसद पूरा हो पाएगा। सरकार ने लोगों की हर प्रकार की समस्या का समाधान करने के लिए एक ही छत के नीचे समाधान शिविर लगाने का निर्णय लिया। इस मौके पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# ओशो ध्यान उपवन में 10 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा उत्सव, लगेगा मेडिटेशन कैंप



**हिसार, 3 जुलाई ( महेन्द्र गोयल ) :** ओशो ध्यान उपवन में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। ध्यान शिविर प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगा। दोपहर 1.30 बजे सभी साधकों में लंगर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस दौरान साधकों को विभिन्न सत्रों में काफी कुछ नया सीखने को मिलेगा। गुरु पूर्णिमा उत्सव व मेडिटेशन कैंप के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 10 जुलाई को विभिन्न क्षेत्रों से साधक पहुंचेंगे। हिसार से बाहर से आने वाले साधकों के आवास व भोजन की समुचित व्यवस्था ओशो ध्यान उपवन में ही रहेगी। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को जहां साधकों को गुरु के महत्व से रूबरू करवाया जाएगा, वहीं मेडिटेशन कैंप में ध्यान की विधियां सिखाकर उनका अभ्यास भी करवाया जाएगा। स्वामी संजय ने कहा कि सच्चा गुरु मानव जीवन का मर्म समझाते हुए आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए कभी भी गुरु की भूमिका को कम नहीं आंकना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु ही अपने शिष्य को सच्चाई से रूबरू करवाता है। वह उसका अहंकार मिटाकर आत्म से परिचय करवाता है और स्वयं को पहचानने में सहायता करता है। इसलिए शिष्य को भी अपना कर्तव्य निभाते हुए गुरु के प्रति पूर्ण समर्पण भाव जताना चाहिए। स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने गुरु के महत्व को समझाते हुए बहुत से प्रवचन दिए हैं। ओशो ने इन प्रवचनों के माध्यम से गुरु की महिमा को स्पष्ट किया है। 10 जुलाई के मेडिटेशन कैंप में साधकों को ओशो के संचित प्रवचन सुनने का भी अवसर मिलेगा। इसके साथ ही नाचते-गाते हुए अलग ही अनुभूति का एहसास होगा।

## मद्दीपुर और सैदपुर बरवालियां में नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने 52 लोगों को पहुंचाया स्वास्थ्य लाभ




**शाहाबाद मारकंडा, 3 जुलाई ( रूबी ) :** लोगों के स्वास्थ्य की उनके घर द्वार पर ही जांच करने के उद्देश्य से नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही मोबाइल मेडिकल यूनिट ने गांव मदीपुर और सैदपुर बरवालिया में पहुंचकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। इस अवसर पर डा. पूर्णमल के नेतृत्व में टीम ने 52 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निःशुल्क दवाईयां दी। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का विजन है कि आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही महंगी चिकित्सा से उन्हें राहत दिलाने के लिए लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मबीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की इस पहल का सबसे अधिक लाभ महिलाओं और बुजुर्गों को मिल रहा है। जो बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं काट सकते।

मुफ्त दवाई देने के साथ-साथ टीम लैब टेस्ट करके लोगों को समय रहते बीमारी से जागरुक रहने के लिए भी प्रेरित करती हैं। लोगों को उचित खान-पान और शरीर में पनप रही बीमारी के संकेत पहचानने के बारे में भी अवगत किया जाता है।

उन्होंने बताया कि संकल्प पत्र में किए गए वायदे को पूरा करते हुए कुरुक्षेत्र व कैथल दोनों जिलों में मैडिकल वैन सेवाएं लगातार जारी हैं। इन शिविरों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं, पेंशन, आधार और नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना से संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।

## मध्यस्थता के माध्यम से न्याय तक पहुंच की दिशा में सार्थक पहल साबित हो रहा हैं मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान : अशोक कुमार

**हिसार, 3 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, हिसार के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरुआत की गई है।

यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने के साथ-साथ जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यस्थता की भूमिका को रेखांकित करता है। अभियान के अंतर्गत 31 जुलाई तक उपयुक्त लंबित मुकदमों को हिसार स्थित समझौता केंद्र भेजा जाएगा, जहां उनका निपटारा आपसी सहमति के माध्यम से किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस अभियान में विशेष रूप से वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, अपराधों के समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, विभागीय वसूली, विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण व अन्य उपयुक्त सिविल मामलों को शामिल किया जाएगा। संबंधित अदालतों द्वारा ऐसे मामलों को मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों के मुकदमे वर्तमान में विभिन्न अदालतों में लंबित हैं, वे अपनी अदालत के माध्यम से अपने मामले मध्यस्थता केंद्र, हिसार में भिजवा सकते हैं। सीजेएम अशोक कुमार ने कहा कि मध्यस्थता एक ऐसा प्रभावी मंच है, जो दोनों पक्षों को संवाद और आपसी सहमति के आधार पर न्याय प्राप्त करने का अवसर देता है, जिससे अनावश्यक देरी व खर्च से बचा जा सकता है। मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान के जरिए समाज में यह प्रयास हैं कि संवाद और समझदारी से ही स्थायी समाधान संभव हैं। अभियान के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हिसार द्वारा जिले भर में मध्यस्थता के महत्व को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## अज्ञात कारण से हुई व्यक्ति की मौत



**यमुनानगर, 3 जुलाई ( संजीव कुमार ) :** यमुनानगर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एकता विहार निवासी 29 वर्षीय रवि की अज्ञात कारण से मौत हो गई। रवि एक पलंबर था और अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए मेहनत करता था। वह शादीशुदा था और उसकी 8 महीने की एक छोटी बच्ची है। रवि मंडेबर में एक पलंबर रिंकू के पास काम कर रहा था। दोपहर को खाना खाने के बाद अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई और वह बेहोश होकर नीचे गिर गया। रिंकू ने तुरंत रवि के पड़ोसी इंद्रजीत को फोन करके सूचित किया और रवि को सिविल हॉस्पिटल यमुनानगर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और पाया कि मृतक के शरीर पर कोई भी तरह का निशान नहीं था। पुलिस अभी भी मौत के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही है, रवि की मौत से उसके परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उसकी पत्नी और छोटी बच्ची के लिए यह एक बड़ा झटका है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि रवि एक मेहनती और ईमानदार व्यक्ति था और हमेशा अपने परिवार के लिए काम करता था। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं पर विचार कर रही है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा। रवि की मौत एक दर्दनाक घटना है और उसके परिवार के लिए एक बड़ा झटका है। पुलिस जांच कर रही है और जल्द ही मौत के कारण का पता चलने की उम्मीद है।

## सीटू के आहवान पर 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल




**यमुनानगर, 3 जुलाई ( संजीव कुमार ) :** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा रजिस्टर्ड नं 650 सम्बंधित सीटू के राज्य उप प्रधान सुशील कुमार यमुना नगर ने अपने बयान में प्रेस को बताया कि प्रदेश सरकार में ग्रामीण चौकीदार की गांव में अहम भूमिका है ग्रामीण चौकीदार सरकार के सभी विभागीय सूचनाओं को जन -जन तक पहुंचाने का कार्य करता हैं। आज इस महंगाई में ग्रामीण चौकीदार का मेहनताना बहुत ही कम है सरकार से मांग है कि चार लेबर कार्ड को रद्द किया जाए। ग्रामीण चौकीदारों पक्का किया जाए तब तक न्यूनतम वेतन 26000 हजार रुपए किया जाए। हर माह की 7तारीख तक वेतन दिया जाए। प्रदेश में सेवानिवृति पर चौकीदारों को 2 लाख रुपए सम्मानित राशि तुंरत भुगतान किया जाए। चौकीदारों को ई एस आई स्वास्थ्य लाभ से जोड़ा जाए। नवनियुक्त चौकीदारों का एरियर तुरंत भुगतान किया जाए। चौकीदार की अचानक मृत्यु पर 10 लाख रुपए सहायता राशि दिया जाए व परिवार के सदस्य को ही रोजगार दिया जाए आदि मागों को पूरा करवाने बारे व सीटू के आवाहन पर 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल में जिले के सभी चौकीदार बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

## आयुष विश्वविद्यालय में बीएमडी जांच शिविर आज

*-हड्डी संबंधी बीमारियों की जांच करेंगे विशेषज्ञ*

**कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में आज शुक्रवार को हड्डी खनिज घनत्व (बीएमडी) जांच शिविर आयोजित किया जाएगा,जिसमें विशेषज्ञों की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच और आवश्यक परामर्श भी देंगे। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एवं शल्य तंत्र विभाग के चेयरमैन डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में 4 जुलाई को शल्य तंत्र विभाग की ओपीडी कक्ष संख्या-14 में हड्डी खनिज घनत्व जांच शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में हड्डियों की सेहत से संबंधित समस्याओं जैसे-ऑस्टियोपोरोसिस,हड्डी क्षरण एवं अन्य हड्डी संबंधी रोगियों की निशुल्क जांच की जाएगी। डॉ. चौधरी ने बताया कि कैंप सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक चलेगा, जिसमें मरीजों को हड्डियों की देखभाल,पोषण और सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

## तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरा भजन पर झूमे श्रद्धालु



**शाहाबाद मारकंडा, 3 जुलाई ( रूबी ) :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण मंदिर सभा द्वारा निकाली जा रही प्रभातफेरियों की लड़ी में गुरुवार की प्रभाफेरी राजीव व रोहित माटा द्वारा माजरी मौहल्ला में आयोजित करवाई गई।

प्रभातफेरी में पं. कमलेश्वर शास्त्री द्वारा विधिवत्त पूजा-अर्चना करवाई गई। भजन मंडली में त्रिलोक आहुजा, संजीव सचदेवा, रवि शर्मा, वेद गगनेजा, प्रिंस सचदेवा, अवशीष शर्मा, गिरीश आनंद, विनोद मदान, नरेंद्र मदान, अनमोल छाबड़ा, ममता गगनेजा, ललिता सचदेवा, गीता मदान, मीनाक्षी अरोड़ा, पूनम माटा ने भगवान श्री कृष्ण के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत गए।

प्रभातफेरी में महिला भजनीकों द्वारा तेरा किसने किया शिंगार, नाम है तेरा तारण हार, मीठे रस सी भरियों री राधा रानी लागे जैसे मनमोहक भजन प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर विवश कर दिया।

मंदिर सभा की ओर से विधायक रामकरण, मंदिर सभा के प्रधान रामकृष्ण हसीजा, चेयरमैन ढूंढराज आनंद, कुलवंत शर्मा, प्रभजीत तनेजा, पार्षद विजय कलसी ने प्रभातफेरी के आयोजक परिवार को स्मृति चिंह भेंट किया। इस अवसर पर विक्की, भगतराम गगनेजा, सुखदेव राज शर्मा, श्याम सुन्दर सचदेवा, अनिल सचदेवा, शशि कपूर, नागेश शर्मा, नवनीत सचदेवा, पंकज बुद्धिराजा, रवि बतरा, साहिल सुखीजा, गौरव कवातरा, दरबारी लाल, अमित सचदेवा, कशिश गुम्बर, नरेंद्र मदान, प्रवीण मदान, कृष्ण लाल सचदेवा कुलदीप शर्मा, तरसेम लाल सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

# कन्या भ्रूण हत्या करने वालों को बख्शा न जाए, दोषी को सजा अवश्य मिले : सोनू भट्ट

**करनाल, 3 जुलाई ( सुनील कुमार ) :** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है। इस अपराध में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए, दोषी को सजा अवश्य मिले। इसके लिए अधिकारियों को कहा कि पैरवी बेहतरीन तरीके से की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट)के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में बोल रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि लिंग परीक्षण करवाना और करना दोनों कानूनी तौर पर अपराध हैं, ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखें और सख्त कार्रवाई करें। कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक बुराई है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर रेड बढ़ाएं तथा औचक निरीक्षण कर उनके रिकॉर्ड की जांच करें। उन्होंने बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, एएनएम, आशा वर्करों को कहा कि आपके गांवों में लिंगानुपात कम है, इसको सुधारा जाए तथा गांव में बैठक कर लोगों को लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए जागरूक किया जाए। एडीसी ने सीएमओ को यह भी कहा कि सभी गांवों में पंजीकरण रजिस्टर मेंटेन हो तथा




उसकी समय-समय पर समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि जब रेड हो तो दोषी व्यक्ति के खिलाफ समय पर एफआईआर दर्ज की जाए तथा जिला न्यायवादी को कहा कि संबंधित मामलों की पैरवी कोर्ट में बेहतरीन तरीके से की जाए ताकि दोषी को सजा मिल सके और जितने व्यक्तियों को पीएनडीटी एक्ट के तहत सजा हुई है उनका रिकॉर्ड समय पर अपडेट होना चाहिए। उन्होंने ड्रग कंट्रोल अधिकारी को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर का नियमित निरीक्षण करें और उनके रिकॉर्ड की जांच करें।

उन्होंने सीडीपीओ को निर्देश दिए कि सुपरवाइजरों की बैठक बुलाएं और इसके बाद धरातल पर कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सचेत करें कि उनके क्षेत्र में कन्या भ्रूण हत्या से संबंधित कोई भी घटना न घटे और गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान रखें और उनके पास उनके गांवों का पूरा रिकॉर्ड होना चाहिए कि गांव में कितने बच्चे हुए हैं और कितनी महिलाएं गर्भवती हैं। उन्होंने कहा कि गांवों के सरपंचों और ग्राम सचिवों से तालमेल करके समय-समय पर बैठक करें। बैठक में सीएमओ डॉ पूनम चौधरी ने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों और नियमों के उल्लंघन करने पर 5 वर्ष तक की सजा एवं 10 हजार रुपये तक का जुर्माने का प्रावधान है तथा नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ गुप्त सूचना देने वाले को एक लाख रुपये तक का इनाम देने का भी एक्ट में प्रावधान किया गया है। सीएमओ ने बताया कि आशा वर्कर्स के माध्यम से ऐसी गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखी जाती है जिनके पास पहले से एक या दो बेटियां हैं। उन्होंने बताया कि जिला करनाल की पीएनडीटी टीम द्वारा 46 रेड की गई तथा जिला में देरी से एएनसी रजिस्ट्रेशन करवाने वाली करीब 150 गर्भवती महिलाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायवादी डॉ पंकज, सिविल सर्जन डॉ पूनम चौधरी, पीसीपीएनडीटी एक्ट की नोडल अधिकारी डॉ शीनू चौधरी, सीडीपीओ डॉ राजबाला मोर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायक प्रवेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पारस चढूनी बने इनैलो युवा हल्का प्रधान



**शाहाबाद मारकंडा, 3 जुलाई ( रूबी ) :** युवा नेता पारस चढूनी को इनैलो का युवा हल्का प्रधान नियुक्त किया गया है। गुरुवार को स्थानीय विश्रामगृह में युवा जिला प्रधान प्रद्युमन चहल, जिला प्रधान जयपाल चढूनी ने फूल मालाएं पहनाकर पारस को बधाई दी। प्रद्युमन चहल ने कहा कि प्रदेश के युवा का भाजपा व कांग्रेस से मोह भंग हो चुका है और बड़ी संख्या में युवा इनैलो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारस चढूनी लंबे समय से पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं और युवाओं को पार्टी से जोड़ रहे हैं। नवनियुक्त युवा हल्का प्रधान पारस चढूनी ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। पारस चढूनी ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों के नेतृत्व में वह पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। पारस ने अपनी नियुक्ति पर हल्का प्रधान सूबे सिंह औजला का विशेष आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मदन गोपाल, संत संभालखी, रामचंद्र ढोला माजरा, प्रिंस रायपुर, अमित शर्मा, गुरमीत खरींडवा, सुखजीत बसंतपुर, तेजेंद्र सिंह, विशाल संभालखी, अखिल, महावीर, कृष, मुकुल देसवाल, शुभम खेर आदि मौजूद थे।

# बढ़ती बेरोजगारी ओर दूसरी तरफ महंगाई ने किया आम आदमी को परेशान : ममतेश



**करनाल, 3 जुलाई ( संदीप रोहिला ) :** जनवादी महिला समिति करनाल जिला कमेटी ने बीपीएल परिवारों को दिए जाने वाले सरसों के तेल की कीमतों में बढ़ोतरी पर गहरी चिंता प्रकट की है। हरियाणा सरकार से इस बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की है। जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष ममतेश, सचिव जराशो शर्मा व कोषाध्यक्ष गीता ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक तरफ बढ़ती बेरोजगारी ओर दूसरी तरफ महंगाई ने आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल कर दिया है। यहां तक कि पिछले कुछ सालों से अनाज, दाल, तेल, दूध, सब्जियां आदि जरूरी चीजों की कीमतों में 24 से लेकर 120 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की कीमत लगातार बढ़ रही हैं। देश में भूख और कुपोषण की स्थिति बेहद गंभीर है। वैश्विक भूख सूचकांक के 2024 के अनुसार भारत 127 देशों में 105वें स्थान पर है। फिर भी भाजपा सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य-सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं में 40 प्रतिशत का बजट काट दिया है। अब हरियाणा सरकार द्वारा राशन की दुकान पर मिलने वाले 2 लिटर सरसों के तेल की कीमत 40 रूपये से बढ़ाकर 100 कर देना सरकार का गरीब विरोधी चेहरा सामने आया है। जबकि पहले भी हरियाणा सरकार द्वारा चीनी की मात्रा घटा दी गई। दाल, चावल बंद कर दिए गए हैं। 35 किलो अनाज की मात्रा को घटकर 5 किलो प्रति व्यक्ति कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव में 70 प्रतिशत लोगों के बीपीएल कार्ड बना दिए गए थे। अब धीरे-धीरे सरकार द्वारा काटे जा रहे हैं। समिति ने सभी जरूरतमंद लोगों को बीपीएल श्रेणी में शामिल करने की मांग की है।

# कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने पर्वतारोही नरेंद्र कुमार को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर चढ़ाई के लिए फ्लैग ऑफ कर दी शुभकामनाएं

**हिसार, 3 जुलाई ( महेंद्र गोयल ) :** हिसार जिले के नलवा हलके के गांव मिंगनी खेड़ा के युवा पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम और यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर चढ़ाई करने का साहसिक निर्णय लिया है। इस महत्वपूर्ण यात्रा के लिए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने पर्वतारोही नरेंद्र कुमार को माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई के लिए प्रस्थान से पहले फ्लैग ऑफ कर शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा न केवल नरेंद्र कुमार के लिए बल्कि हरियाणा और देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने पर्वतारोही के साहस और समर्पण की सराहना की और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि नरेंद्र कुमार अपने साहस और प्रतिबद्धता के माध्यम से हरियाणा और देश का नाम रोशन करने जा रहे हैं। हम सभी आपके साथ हैं और आपकी सफलता की कामना करते हैं। यह चढ़ाई केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि अपने देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा देने का भी अवसर है। हरियाणा के युवा पर्वतारोही नरेंद्र कुमार की यह यात्रा निश्चित रूप से प्रदेश के युवाओं में साहस और प्रेरणा का संचार करेगी। सभी की शुभकामनाएं उनके साथ है।

नरेंद्र कुमार ने अपनी तैयारियों के बारे में बात करते हुए बताया कि उन्होंने इस चढ़ाई के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण लिया है और उन्हें अपने शहर और राज्य का समर्थन प्राप्त है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने इससे पहले हाल ही में विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा (ऊंचाई 8,091 मीटर) पर तिरंगा झंडा फहरा कर हरियाणा का पहला पर्वतारोही बनने का गौरव हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। इतना ही नहीं नरेंद्र कुमार ने पर्वतारोहण में कई राष्ट्रीय और विश्व स्तरीय उपलब्धियां भी हासिल की हैं, जिनमें माउंट किलिमंजारो पर 5 दिनों में 2 बार चढ़ाई करके विश्व रिकॉर्ड बनाना, हरियाणा के पहले व्यक्ति जो माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) पर चढ़ाई करने का कीर्तिमान स्थापित करना और 15 अगस्त 2021 को आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में माउंट युनम पर 151 फीट लंबा और 9 फीट चौड़ा भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराना शामिल है। नरेंद्र अपने कीमती समय में से समय निकालकर बच्चों को माउंटेनियरिंग और एडवेंचर के प्रति प्रेरित करते हैं और बच्चों को माउंटेनियरिंग के साथ-साथ करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार का अगला लक्ष्य विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना है।

# हत्या के मामले में दो आरोपी काबू, चार आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

**सफीदों, 3 जुलाई ( एस. के. मित्तल ) :** पिल्लूखेड़ा पुलिस ने हत्या के मामले में शामिल दो ओर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुरूमीत व रितिक निवासी गांव देवरड़ के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी रामअवतार ने बताया कि थाना में सूचना प्राप्त हुई कि गांव भिड़ताना में झगड़ा हुआ है और झगड़े में घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है।




सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुची जहां अस्पताल में मौके पर शिवकुमार निवासी भिड़ताना ने अपने ब्यान में बताया कि उसके ताऊ रणधीर का झगड़ा जयभगवान के साथ हुआ था। इस बारे में गांव के सरपंच को बतलाया गया था। जब उसका पूरा परिवार उसका ताऊ रणधीर सिंह उसके ताऊ के लडक़ा अनिल भी उनके घर पर सो रहे थे। रात के समय करीब साढ़े 11 बजे एकदम उन्हें गाड़ी आने की आवाज आई। गाड़ी रूकते ही गाड़ी में से कई लडक़े उतरे और दीवार कूदकर घर के अंदर का दरवाजा तोड़ा। सभी ने अपने हाथों में लाठी, बिंडे, गण्डाश व अवैध पिस्टल लिए हुए थे। आरोपियों ने अपने-अपने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। घर का दरवाजा तोडक़र अंदर आते ही सभी ने अपने-अपने हाथो में लिए हुए हथियार से उस पर व उसके पिता रणबीर सिंह, ताऊ रणधीर सिंह को चोटें मारी। उसके ताऊ का लडक़ा अनिल अपनी जान बचाकर वहां से भाग गया। इनमें से उन्होंने दो लोगों की आवाज पहचान ली जिसमे एक नरेश उर्फ नेशा और राजेश उर्फ भालू निवासी गांव भिडताना की थी। आरोपी करीब 10 से 12 व्यक्ति थे। सभी आरोपी उन्हें बुरी तरह से चोटे मारकर गाड़ी में बैठकर मौका से भाग गए। चोट लगने के बाद नागरिक अस्पताल जींद पहुंचे। जहां पर ज्यादा चोट लगने के कारण डाक्टर ने उसके ताऊ रणधीर को मृत घोषित कर दिया। शिकायत के आधार पर थाना पिल्लूखेड़ा में हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले में उपनिरीक्षक अवतार सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचनाओं के आधार पर छापेमारी करते हुए मामले में शामिल आरोपी राजेश उर्फ भालू व नरेश उर्फ नेशा निवासी भिडताना, राहुल निवासी गांव देवरड व मोहित निवासी वार्ड नं-10 जुलाना को गिरफ्तार करेक अदालत में पेश कर गहनता से पूताछ के बाद मामले में शामिल दो आरोपियों गुरूमीत व रितिक वासी गांव देवरड जिला जींद गिरफ्तार को किया है। पकड़े गए आरोपियों को अदालत में पेश करके गहनता से पूछताछ के बाद मामले में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गैर कानूनी हिरासत में दलित युवती ममता को यातनाऐं देने वाले पुलिस कर्मचारियों की गिरफ्तारी की मांग : फूल सिंह

**कैथल, 3 जुलाई ( प्रवेश बहादुर ) :** आज कैथल में विभिन्न जन संगठनों के लोगों ने जिला सचिवालय कैथल पर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पीडिता ममता के परिजनों के साथ भीम आर्मी, मूलनिवासी संघ, बामसेफ, जन संघर्ष मंच हरियाणा, जनकल्याण समिति हरियाणा, जनवादी महिला समिति के नेताओं व कार्यकर्ताओं व बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने एसएचओ सीवन को मुकदमें में नामजद करने की मांग की। उन्होने कहा कि एसएचओ की अनुमति के बिना थाने में कुछ नहीं हो सकता, इसलिये एसएचओ सीवन पुलिस हिरासत में पीड़ित ममता को दी गई अमानवीय यातनाओं के लिये बराबर के जिम्मेदार हैं। प्रदर्शनकारि इस पर नाराज थे कि जिस थाने में अत्याचार की घटना हुई है, वही थाना इसकी जांच कर रहा है। पुलिस दोषी पुलिस कर्मियों को बचाने पर तुली है। अभी तक दोषी




पुलिस कर्मियों की शिनाख्त भी पीड़िता से नहीं करवाई है, जबकि पीड़िता बार बार कह रही है कि वह दोषी पुलिस कर्मियों को पहचान सकती है। सिविल अस्पताल कैथल में करवाये गए पीड़िता के मेडीकल पर भी सवाल उठाये गये। यह मेडीकल पुलिस के दबाव में किया गया है, इसमें पीड़िता के गुप्तांगों के ऊपर व अंदर मारी गई चोटों की जांच नहीं की गई है। इस बारे मांग की गई है कि पीड़िता का मेडिकल दोबारा करवाया जाये। प्रदर्शनकारियों ने एक ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि जिम्मेदार पुलिस कर्मियों को तुरन्त गिरफ्तार किया जाये। मामले की जांच निष्पक्षता से करवाई जाये। पुलिस अधीक्षक कैथल से पीडिता के परिजनों के साथ प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर बातचीत की, एसपी कैथल ने कहा कि इस घटना की जांच के लिये एसआइटी गठित कर दी है व पीड़िता का मेडीकल दोबारा पीजीआई चंडीगढ से करवाया जाएगा।

ज्ञापन की एक प्रति उपायुक्त कैथल को भी सोंपी गई। गौरतलब है कि पीड़िता दोषियों को पहचान सकती है लेकिन पुलिस दोषियों को गिरफतारी से बचाने के लिये उनकी पहचान नहीं करवा रही है।

# बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए सभी अधिकारी एकजुट होकर करें कार्य : भारती

**पिहोवा, 3 जुलाई ( विवेक ) :** मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी भारत भूषण भारती ने कहा कि बाढ़ जैसी समस्या से निपटने के लिए प्रशासन के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को 24 घंटे तैयार रहना होगा। जनता को जल भराव की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरकार व प्रशासन हर समय तत्पर है। वे वीरवार को उपमंडल पिहोवा में मारकंडा नदी के तटबंध टूटने के उपरांत जल भराव से प्रभावित गांवों में दौरा करके लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस मौके पर उनके साथ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, उपायुक्त कुरुक्षेत्र नेहा सिंह भी उपस्थित थे। भारत भूषण भारती सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में उपमंडल पिहोवा के सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सिंचाई विभाग व पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से सभी प्रबंधों तथा व्यवस्थाओं की फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में जल भराव की समस्या आ रही है, वहां पर मुरम्मत कार्य तुरंत प्रभाव से करवाएं। इस कार्य में लापरवाही या देरी सहन नहीं की जाएगी तथा यदि कोई अधिकारी अपने कार्य में दुरुस्त न पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जहां भी पानी की निकासी का प्रबंध नहीं वहां पर दिन-रात कार्य करके उस जगह को दुरुस्त करवाया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि लगातार फील्ड में जाकर बरसाती पानी की निकासी के साथ-साथ वहां पर सडक़ों का जायजा लें। इस मौके पर उन्होंने वीरवार को नैसी, टबरा, जलबेड़ा, झांसा व पिपली गावों का दौरा किया तथा वहां लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी बाढ़ सम्बंधी विषय पर विशेष निगरानी बनाए हैं। आमजन को बरसाती पानी से किसी प्रकार का नुकसान न भुगतना पड़े,



इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को समन्वय से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पानी निकासी न होने के कारण किसी भी व्यक्ति का नुकसान हुआ तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बैठक में पानी निकासी को लेकर अभी तक किए गए कार्यों की फीडबैक ली और कहा कि सभी विभागों से सम्बन्धित पानी की निकासी न होने की शिकायतें लगातार मिल रही है। इन सभी शिकायतों का समाधान करने के लिए सम्बन्धित क्षेत्र का मुआयना कर सम्बंधित अधिकारी पानी की निकासी करवाना सुनिश्चित करेंगे। डीसी कुरुक्षेत्र नेहा सिंह ने कहा कि इस सीजन में पानी की निकासी और बाढ़ राहत से सम्बन्धित चल रहे कार्यों को पूरा करने के उपरांत रिपोर्ट भेजने के लिए आदेश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त 7 दिनों के अंदर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कार्य पूरा होने का प्रमाण पत्र भी सौंपना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी ड्रेनों, पुलियों के नीचे के सफाई तुरंत करवाना सुनिश्चित करेंगे और इसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेंगे। सभी अधिकारी इस विषय को गंभीरता के साथ लेंगे ओर फील्ड में रहकर हर प्रकार की स्थिति पर निगरानी रखेंगे। अगर किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो सम्बन्धित अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बीडीपीओ अपने-अपने अधीनस्थ गांवों का दौरा करेंगे और जिस भी गांव में पानी की निकासी नहीं हो रही उस गांव में पानी की निकासी करवाने के प्रबंध करेंगे। सभी अधिकारी एक-एक गांव और एक वार्ड में जाकर पानी निकासी करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस विषय को लेकर मुख्यालय के साथ-साथ स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संज्ञान ले रहे है। इस मौके पर हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच, भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी, एसडीएम कपिल कुमार, डीएपसी निर्मल सिंह, पीडब्ल्यूडी के एसई अरविंद कौशिक, एसई अम्बाला मनीष शर्मा, चीफ इंजिनियर राकेश चौहान, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के कार्यकारी अभियंता नवतेज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कुरुक्षेत्र तेजेंद्र सिंह गोल्डी, राकेश पुरोहित, एक्सईएन मनीष बब्बर सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान का हुआ शुभारंभ : नीतिका भारद्वाज

## *मध्यस्थता के माध्यम से न्याय तक पहुंच की दिशा में महत्वपूर्ण कदम*



**कुरुक्षेत्र, 3 जुलाई ( सुदेश कुमार ) :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरुआत की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन) के महत्व को रेखांकित करता है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमो को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत 31 जुलाई तक उचित लंबित मुकदमों को एडीआर सैंटर कुरुक्षेत्र मे भेजा जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद मामले, दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद मामले, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, विभाग वसूली मामले, विभाजन मामले, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, अन्य उपयुक्त सिविल मामले अदालतों द्वारा भेजे जाएंगे। जिन लोगों के मुकदमें विभिन्न अदालतों में चल रहे है वे संबधित अदालत द्वारा अपने मुकदमें एडीआर सैंटर में भिजवा सकते है।

# किसके कहने पर उठवाई गई कुर्सियां, जांच का विषय जिला उपायुक्त करे कारवाई : गोगी

**असंध, 3 जुलाई ( दलसिह मान ) :** नगरपालिका असंध में कुर्सी घोटाले को लेकर पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने नगर की नई अनाज मंडी में प्रेस वार्ता में आरोप लगाते हुए कहा कि किसके कहने पर कुर्सियां उठवाई जा रही है ये जांच का विषय है और जब कुर्सियों को उठवाया जा रहा है तो इससे तो ये साबित होता है कि कही न कही गड़बड़ी की गई है। उन्होंने कहा कि कुर्सियां उठाने की जो वीडियो सामने आई है उसमें राजेश डांगी नाम के किसी व्यक्ति का नाम ले रहे है। जबकि यह व्यक्ति तो सरकारी अस्पताल में नौकरी करता है। जबकि काम नगरपालिका में करता है और यह तो ठेकेदार भी नहीं है। उन्होंने विधायक योगेंद्र राणा व जिला उपायुक्त से मांग करते हुए कहा कि कुर्सी घोटाले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पूर्व विधायक ने कहा कि जन प्रतिनिधि होने के नाते मौजूदा नगरपालिका चेयरमैन की भी जिम्मेदारी बनती है कि वो इसकी जांच करवाए। गोगी ने




राशन डिपो पर सरसों के तेल के रेट बढ़ाने क निंदा की। उन्होंने कहा कि डिपो पर सरसों के तेल की 2 लीटर की बोतल जो पहले 40 रुपये में मिलती थी, अब यह 100 रुपये में मिलेगा। इससे गरीबों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय गरीबों के हक में नही है। गरीब तो पहले की महंगाई की मार से जूझ रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार बढ़ाये गये रेट को वापस ले। कांग्रेस नेत्री अधिवक्ता सोनिया बोहत ने कहा कि राशन डिपो पर मिलने वाले सरसों तेल के दाम में बढ़ोतरी कर गरीब के जेब पर भार डालने का काम किया है। सरकार इस बढ़ोतरी को तुरंत वापस ले। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुरजीत राणा, पूर्व सिटी प्रधान जितेन्द्र चोपड़ा, कांग्रेस नेत्री अधिवक्ता सोनिया बोहत, युवा अध्यक्ष असंध जतिन बिंदल, सुलतान जभाला, गुरप्रताप सिंह, सुलतान चोचड़ा, गौरवदीप सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# बिल्ली के रास्ता काटने को अशुभ क्यों माना जाता है



आप अपने गन्तव्य तक पहुँचने की ज़ल्दी में हैं। आप अपने कदम तेज़ी से आगे बढ़ा रहे हैं कि तभी अचानक से एक बिल्ली आती है और आपका रास्ता काट जाती है। ऐसे में आप क्या करेंगे ? शायद वही जो ज़्यादातर भारतीय ऐसे में करेंगे – थोड़ी देर रुक जायेंगे और किसी और के वहां से गुजरने का इंतज़ार करेंगे।

प्राचीन काल से ही ऐसी मान्यता प्रचलित है कि अगर बिल्ली आपका रास्ता काट दे तो आपको कुछ देर रूक जाना चाहिए या उस रास्ते से नहीं गुजरना चाहिए, खासकर यदि काली बिल्ली आपका रास्ता काटे तो इसे बहुत अशुभ माना जाता है।

हमारे परिजन भी हमेशा हमें बिल्ली द्वारा रास्ता काटने पर आगे न जाने की सलाह देते हैं। बिल्ली के रास्ता काटने को अशुभ का संकेत माना जाता है। यह मान्यता है कि बिल्ली अन्य जीवों की अपेक्षा अधिक संवेदनशील प्राणी है जो कि भविष्य में होने वाली घटनाओं को काफी सटीक और पहले ही भांप लेती है। उसके द्वारा रास्ता काटना एक चेतावनी माना जाता है जिसे समझकर हम दुर्घटनाओं से बच सकते हैं।

**वैज्ञानिक आधार**-अनेक लोग इसे अंधविश्वास मानते हैं। हालांकि वैज्ञानिक तथ्य भी यह कहते हैं कि अनेक जीवों में प्रकृति की घटनाओं के घटित होने से पूर्व समझने की शक्ति होती है। यह भी देखा गया है कि बड़ी-बड़ी घटनाओं के पहले अनेक जानवरों के व्यवहार में अचानक परिवर्तन आ जाता है। जब जापान में सुनामी आई थी तब उसके ठीक पहले तटीय क्षेत्रों के पालतू जीवों के व्यवहार में स्पष्ट परिवर्तन देखने को मिला था। बिल्कुल उसी तरह बिल्ली के व्यवहार को भी कुछ लोग सही मानते हैं और बिल्ली के रास्ता काटने के बाद कुछ देर रूक कर आगे बढ़ने को कहते हैं, जिससे भावी दुर्घटनाओं की आशंका टाली जा सके।

**सावधानी ही सुरक्षा**

वर्तमान युग में इस बात पर यकीन करना मुश्किल है लेकिन न केवल भारत में बल्कि प्राचीन यूनान, मिस्र आदि अनेक देशों में भी बिल्ली के रास्ता काटने को अशुभ माना जाता है। यूरोप और अमेरिका में भी बिल्ली के रास्ता काटने को अशुभ मानते हैं जबकि जापान में बिलकुल इसके उलट है। जापान में बिल्ली के रास्ता काटने को अच्छा समझा जाता है। वहीं ऐसे लोगों की भी कमी नहीं जो बिल्ली के रास्ता काटने को केवल एक अंधविश्वास मात्र समझते हैं। इसलिए इस तरह की बातों को मानना या नहीं मानना पूरी तरह व्यक्ति विशेष पर निर्भर करता है।



**सावन शुरू होने से पहले घर में बदलावों से आती है सकारात्मक ऊर्जा**

हिन्दू धर्म में श्रावण माह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है! श्रावण मास को अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण माना गया है! भगवान शिव को समर्पित यह महीना भक्ति, तपस्या और श्रद्धा का प्रतीक होता है, लेकिन अगर घर में वास्तु दोष हो, तो व्यक्ति को न तो पूजा-पाठ का संपूर्ण फल मिलता है और न ही व्रत-उपवास का कोई प्रभाव दिखाई देता है! ऐसे में सावन शुरू होने से पहले कुछ जरूरी बदलाव और साफ-सफाई करके घर को सकारात्मक ऊर्जा से भरना बेहद आवश्यक हो जाता है।

सावन की शुरूआत

इस वर्ष श्रावण माह की शुरुआत 11 जुलाई 2025 से हो रही है और इसका समापन 9 अगस्त 2025 को होगा। इस पूरे महीने को शिव आराधना और व्रत के लिए अत्यंत फलदायी माना गया है। इस बार सावन में कुल चार सावन सोमवार पड़ेंगे।

सावन से पहले करें ये जरूर करे यह काम

सावन शुरू होने से पहले अपने घर की पूरी साफ-सफाई करें। विशेष रूप से पूजा स्थल की सफाई का ध्यान रखें। मंदिर में जमी धूल को साफ करें और वहां गंगाजल का छिड़काव करें। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मकता का संचार होता है।

कभी भी घर में बंद घड़ी नहीं रखनी चाहिए। बंद घड़ी नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाती है जिससे समय खराब होने लगता है। ऐसे में अगर घड़ी बंद हो जाती है तो उसे सही करवा या फिर घर से बाहर कर दें। ऐसा करने से सुख समृद्धि और खुशहाली की प्राप्ति होती है।

श्रावन माह शुरू होने से पहले फटी धार्मिक पुस्तकों को भी घर से बाहर कर देना चाहिए। इसलिए इस तरह की धार्मिक पुस्तकों को बहते जल में प्रवाहित कर दें या फिर पीपल के पेड़ के नीचे रख दें। अगर घर के मंदिर में या फिर किसी और जगह पर देवी देवता की खंडित मूर्ति रखी है। तो उसे सावन शुरू होने के पहले किसी पवित्र नदी में बहा दें. खंडित मूर्ति से शुभ फल प्राप्त नहीं होते और पूजा भी सफल नहीं होती। इसकी वजह से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ जाती है।

# वैवाहिक जीवन का प्रतीक मंगलसूत्र धारण करने के नियम

सनातन धर्म में विवाह में मंगलसूत्र का सबसे अहम स्थान है। इसके साथ ही वैवाहिक जीवन का प्रतीक माने जाने वाले मंगलसूत्र को धारण करने के नियम और सावधानियां भी बतायी गयी हैं।

मंगलसूत्र एक काले मोतियों की माला होती है, जिसे महिलाएं अपने गले में धारण करती हैं। इसके अंदर बहुत सारी चीज़ें जुड़ी होती हैं और हर चीज़ का सम्बन्ध शुभता से होता है। माना जाता है कि मंगलसूत्र धारण करने से पति की रक्षा होती है और पति के जीवन के सारे संकट कट जाते हैं जबकि यह महिलाओं के लिए भी रक्षा कवच और सम्पन्नता का काम करता है।



मंगलसूत्र के अंदर क्या-क्या चीज़ें होती हैं?

मंगलसूत्र में पीला धागा होता है

इसी पीले धागे में काली मोतियाँ पिरोई जाती हैं

साथ में एक सोने या पीतल का लॉकेट भी लगा हुआ होता है

यह लॉकेट गोल या चौकोर , दोनों हो सकता है

मंगलसूत्र में सोना या पीतल भले ही न लगा हो पर पीले धागे में काली मोतियाँ जरूर होनी चाहिए

मंगलसूत्र में लगी हुयी चीज़ें कैसे ग्रहों को नियंत्रित करती हैं ?

मंगलसूत्र का पीला धागा और सोना या पीतल बृहस्पति का प्रतीक है

जिससे महिलाओं का बृहस्पति मजबूत होता है

काले मोतियों से महिलाएं और उनका सौभाग्य बुरी नज़र से बचे रहते हैं

यह भी मानते हैं कि मंगलसूत्र का पीला हिस्सा माँ पार्वती है और काले हिस्सा भगवान शिव

शिव जी की कृपा से महिला और उसके पति की रक्षा होती है

तथा माँ पार्वती की कृपा से वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहता है

मंगलसूत्र धारण करने के नियम और सावधानियां क्या हैं ?

मंगलसूत्र या तो स्वयं खरीदें या अपने पति से लें

किसी अन्य से मंगलसूत्र लेना उत्तम नहीं होता

मंगलसूत्र मंगलवार को न खरीदें

धारण करने के पूर्व इसे माँ पार्वती को अर्पित करें

जब तक बहुत ज्यादा जरूरी न हो मंगलसूत्र को न उतारें

मंगलसूत्र में लगा हुआ सोना अगर चौकोर हो तो बहुत उत्तम होगा

# जुलाई माह में पड़ने वाले व्रत त्यौहार

सनातन धर्म में जुलाई माह में पड़ने वाले पर्व और त्योहार का काफी धार्मिक महत्व है। इस माह में सावन भी शुरू हो रहा है, जिसे बेहद पवित्र माह माना जा रहा है। जुलाई माह में पड़ने वाले पर्व और त्योहार और उनका धार्मिक महत्व

**जुलाई माह में पड़ रहे पर्व और व्रत**

3 जुलाई- इस दिन मासिक दुर्गाष्टमी मनाई जाएगी, जो गुप्त नवरात्रि के दृष्टि से बेहद खास है क्योंकि इस दिन तंत्र विद्या आदि के लिए शुभ दिन माना गया है।

6 जुलाई- देवशयनी एकादशी और गौरी व्रत है। साथ ही इसी दिन से चातुर्मास की भी शुरुआत हो रही है। चतुर्मास के दौरान कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाएंगे।

7 जुलाई- देवशयनी एकादशी व्रत के लिए पारण का दिन है। इसी दिन पर वासुदेव द्वादशी भी मनाई जा रही है।

8 जुलाई- भौम प्रदोष व्रत है। इस दिन शाम के समय में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने का विधान है। 9 जुलाई- आषाढ़ माह का चौमासी चौदस

10 जुलाई- इस दिन कोकिला व्रत, आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) का पर्व है, जो बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।

11 जुलाई- इसी दिन पवित्र माह सावन की शुरुआत हो रही है।

14 जुलाई- इस दिन गजानन संकष्टी चतुर्थी है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा होती है।

15 जुलाई- मंगला गौरा व्रत

16 जुलाई- कर्क संक्रान्ति है।

17 जुलाई- कालाष्टमी और मासिक कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी।

20 जुलाई- मासिक कार्तिगाई है।

21 जुलाई- कामिका एकादशी और रोहिणी व्रत है।

22 जुलाई- कामिका एकादशी व्रत का पारण होगा। साथ ही इसी दिन भौम प्रदोष व्रत भी है।

23 जुलाई- मासिक शिवरात्रि है, इस दिन कावड़ यात्रा का जल चढ़ेगा।

24 जुलाई- हरियाली अमावस्या है।

27 जुलाई- हरियाली तीज है। इस व्रत को सुहागिन महिलाएं खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए करती हैं।

28 जुलाई- विनायक चतुर्थी है।

29 जुलाई- नाग पंचमी है। 30 जुलाई- कल्की जयन्ती और स्कन्द षष्ठी है।

31 जुलाई- तुलसीदास जयंती है।

# आज के परिवेश में श्रीहनुमान जी की भक्ति क्यों

**डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता**

आज भारतवर्ष ही नहीं पूरा विश्व अर्थ अर्थात् भौतिकवाद की दौड़ में भाग रहा है। धर्म और काम नियन्त्रित नहीं है अत॰ अमर्यादित एषणाएँ पल्लवित, फलित एवं पुष्पित हो रही है। आबाल-वृहद, नर-नारी कामाचार अभक्ष्यभक्षण आदि दुष्ट प्रवृत्तियों का शिकार हो रहे हैं, व्यक्ति, समाज, देश एवं राष्ट्र के प्रति अपने पावन-पवित्र कर्तव्य से विमुख से दिखाई देते हैं। हम जहाँ कहीं थोड़ी बहुत धार्मिकता या आध्यात्मिकता के दर्शन करते हैं, देखा जाए तो वास्तव में वहाँ भी उनके आवरण में पाखण्ड, दम्भ दिखावा ही दिखाई देता है। इस विषम दुःखदायी-पीड़ादायी परिस्थिति में श्रीहनुमानजी की उपासना-भक्ति ही संजीवनी बूटी है।

श्री हनुमानजी के चरित्र से बुद्धि, विवेक, शक्ति, अभिमान से मुक्ति एवं माता-पिता ही नहीं राष्ट्र की सेवा एवं समर्पण की भावना का उदय होगा। श्रीहनुमानजी के चरित्र से नई पीढ़ी का उदय होगा। श्रीहनुमानजी के चरित्र से नई पीढ़ी को ब्रह्मचर्यव्रत पालन, बलबुद्धि विवेक का विकास, चरित्र रक्षण, अपने इष्ट भगवान् श्रीरामचन्द्रजी के प्रति अभिमानरहित होकर दास्य भावना आदि गुणों का अनुकरण करने की शिक्षा प्राप्त होगी।



आज के इस आपाधापी की विषम परिस्थिति में मनुष्य मात्र के लिए तथा विशेष रूप से युवकों एवं बालकों के लिए वीर-महावीर-हनुमानजी की उपासना अत्यन्त आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। हनुमानजी वीर्य, बुद्धि-बल प्रदान करके सदा अपने भक्तों की रक्षा में रत रहते हैं। भूत-प्रेत, पिशाच, यक्ष, राक्षस आदि तो मात्र इनके नाम स्मरण से भाग जाते हैं। गोस्वामी तुलसीदासजी को भी हनुमानजी की कृपा से दर्शन प्राप्त हुए थे। आज भी जहाँ कहीं श्रीरामकथा होती है तब हनुमानजी-

यत्र तत्र रघुनाथ कीर्तनं तत्र तत्र कृतमस्तकाञ्जलिम।

वाष्पवारिपरिपूर्णलोचनं मारुति नमत राक्षसान्तकम्।।

(श्रीहनुमत् स्तवन)

जहाँ-जहाँ भगवान् श्रीरामचन्द्रजी के नाम का कीर्तन और कथा होती है, वहाँ-वहाँ आँखों में आँसू भरे हुए और नमस्कार की मुद्रा में हाथ जोड़कर मस्तक से लगाए हुए प्रपत्ति भाव से उपस्थित रहने वाले, राक्षसों का संहार करने वाले पवन पुत्र हनुमानजी को मैं नमस्कार करता हूँ।

संत शिरोमणि गोस्वामी श्री तुलसीदासजी ने श्रीरामचरितमानस के सुन्दरकाण्ड में श्रीहनुमानजी की अतिसुन्दर वन्दना करते हुए इनके जो विशेष गुण एवं स्वरूप का वर्णन हमें सदैव स्मरण करते रहना चाहिए यथा-

अतुलित बलधामं हेमशैलभदेहं

दनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्।

सकलगुणनिधानां वानराणामधीशं

रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि।।

अत्यन्त ही प्रसन्नता तथा आनन्द का विषय यह है कि श्रीहनुमानजी आज भी हम सबको आराधना के आधार पर हमारे कष्टों को दूर करते हैं। हम सबकी चित्तवृत्ति को दैवी शक्ति की ओर उन्मुख करते हैं एवं अपनी अदृश्य प्रेरणा से भगवान् में श्रद्धा एवं भक्ति का स्रोत प्रवाहित करते हैं।

स्वयं भगवान श्रीराम ने स्पष्ट शब्दों में हनुमानजी से कहा है-

मत्कथा॰ प्रचरिष्यन्ति यावल्लोके हरीश्वर।

तावद् रमस्व सुप्रीतो मद्वाक्यमनुपालयन्।।

वा. रामायण 7-108-33/1/2

वानरराज! जब तक लोक में मेरी कथाओं का प्रचार रहे, तब तक तुम मेरी आज्ञा का पालन करते हुए प्रसन्नतापूर्वक विचरते रहो।

हमें भी सदैव आज्ञाकारी रहने की शिक्षा, हनुमानजी के द्वारा श्रीराम की आज्ञा शिरोधार्य कर लेने से प्राप्त करना चाहिए-

यावत् तव कथा लोके विचरिष्यति पावनी।

तावत् स्थास्यामि मेदिन्यां तवाज्ञामनुपालयन्।।

वा. रामायण 7-108-35/1/2

भगवन्! जब तक संसार में आपकी पावन कथा का प्रचार रहेगा, तब तक मैं आपकी आज्ञा का पालन करता हुआ भूमण्डल पर अवस्थित रहूँगा।

भारत के भटकते हुए नवयुवकों को हनुमानजी से बहुत बड़ी शक्ति एवं प्रेरणा प्राप्त हो सकती है। हनुमानजी के चरित्र में शक्ति संचय, उसका सदुपयोग, भगवान की भक्ति, निरभिमानिता आदि का विकास होने के कारण उनकी आराधना से गुणों की उपलब्धि साधक युवकों एवं बालकों को भी हो सकेगी।


# सिद्धपीठ तारापीठः जहां बापा खेपा की पूजा होती है

**-शिव शंकर सिंह पारिजात**

**( गुप्त नवरात्र के अवसर पर विशेष )**

प्रत्येक वर्ष शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा की तिथि से आरंभ होने वाले गुप्त नवरात्र के दिन से (इस वर्ष 26 जून से) पूरे देश में देवी दुर्गा की दस महाविद्याओं का पूजन-अनुष्ठान शुरू हो जाता है। देवी के दस महाविद्याओं में मां काली, मां षोडशी, मां भुवनेश्वरी, मां भैरवी, मां छिन्नमस्तिका, मां धूमावती, मां बगलामुखी, मां मातंगी तथा मां कमला के साथ मां तारा के नाम शामिल हैं जिनके मंत्रोच्चारों से गुप्त नवरात्र के नवों दिन गूंजायमान रहते हैं। साल के बारहों महीने भक्त श्रद्धालुओं की आवाजाही से गुलजार तारापीठ में गुप्त नवरात्र के दिनों में देश के अन्य शक्तिपीठों की तरह खास चहल-पहल रहती है। देवी के दस महाविद्याओं में मां तारा का विशेष महात्म्य है जिनका सिद्धपीठ पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के रामपुर हाट स्टेशन के निकट अवस्थित है। नील सरस्वती, एकजटा भवानी, तारा तारिणी आदि नामों से संबोधित मां तारा परम कल्याणी मानी जाती हैं। करुणामयी तारा मां की एक खास विशेषता यह है कि ये भक्त-वत्सल हैं तथा सबकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं।तभी तो तारापीठ मंदिर परिसर में मां तारा के साथ उनके परम भक्त बामा खेपा की भी पूजा होती है। ऐसा उदाहरण विरले ही मिलेगा कि एक ही स्थान पर भगवान के साथ उनके भक्त की भी पूजा होती हो। कहते हैं कि तारा मां और उनके अनन्य भक्त बामा खेपा के बीच माता और पुत्र का संबंध था जिनकी कई रोचक कहानियां आपको तारापीठ में प्रवेश करने के साथ ही सुनने को मिलेंगी।

तारापीठ बंगाल के साथ पूर्वोत्तर भारत का एक प्रमुख शक्ति-स्थल है जो पटना-हावड़ा लूप रेल लाईन पर झारखंड-बंगाल की सीमा पर रामपुर हाट स्टेशन (बीरभूम जिला, पश्चिम बंगाल) से करीब 8 किमी दूर द्वारिका नदी के तट पर स्थित है। एक खास बात यह है कि बंगाल में शक्ति-पूजा की प्राचीन परम्परा है। यहां के घर-घर में देवी काली की पूजा होती है जिनके मंदिर यहां के हर गली-मुहल्लों में देखने को मिल जायेंगे। तारापीठ (बीरभूम) के अलावे कालीघाट (कोलकाता), कंकाली तल्ला व नलहट्टी (बीरभूम) और किरीतेश्वर (मुर्शिदाबाद), तामलुक (मेदिनीपुर), खीरग्राम व केतुग्राम (कटवा), वक्रेश्वर व फूल्लरा (बीरभूम) तथा रत्नाबली (हूगली) पश्चिम बंगाल के प्रमुख शक्ति-स्थल और शक्तिपीठ हैं। तारापीठ में आद्या देवी शक्ति की अवतार मां तारा विराजती हैं। इस स्थल की मान्यता एक जाग्रत शक्ति पीठ एवं तंत्रपीठ के रूप में है जहां आराधकों और साधकों की विनती शीघ्र सुनी जाती है। मां तारा सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य-आरोग्य व ज्ञान-साधना की देवी मानी जाती हैं। यही कारण है कि बिहार, बंगाल और झारखंड सहित देश के कोने-कोने से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु तारा मां के दर्शन हेतु यहां आते हैं एवं भक्ति पूर्वक पूजन-अर्चन कर मनोवांछित फल पाते हैं। शक्ति-पीठ तारापीठ के बारे में ऐसी मान्यता है कि यहां देवी की आंखों का तारा गिरा था जिसकी कथा दक्ष प्रजापति के यज्ञ और माता पार्वती के हवन-कुंड में दाह से जुड़ी है। जब पिता दक्ष द्वारा अपने पति शंकर की अवहेलना से व्यथित पार्वती ने हवन-कुंड में कूदकर आत्मदाह कर लिया और इससे उन्मत्त होकर शिव उनके शव को लेकर तीनों लोक में फिरने लगे तो भगवान विष्णु ने श्रृष्टि के नियमों के रक्षार्थ देवी के शव को सुदर्शन चक्र से काट डाले जिसके 51 टुकड़े होकर विभिन्न 51 स्थानों में गिरे जिनकी मान्यता 51 शक्तिपीठों में हुई। तारापीठ में देवी की आंखों के तारे गिरे थे, इस कारण इसकी प्रसिद्धि तारापीठ के नाम से हुई। ऐसे एक मान्यता यह भी है कि यह स्थल बिहार के महेशी में है।



देवी तारा के आविर्भाव के संबंध में कालिका पुराण में वर्णित है कि शुंभ व निशुंभ दानवों से पराजय के बाद जब देवतागण हिमालय में जाकर देवी मातंगी का आह्वान करने लगे तो देवी के शरीर से महासरस्वती स्वरूप श्वेत वरणवाली कौशिकी के साथ काले वरणवाली काली अथवा उग्रतारा प्रकट् हुई थीं। देवी तारा नील वरण की चार भुजाओं वाली होती हैं जिसमें वे तलवार, खप्पर, कटार और नील कमल धारण करती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वशिष्ठ मुनि ने तारा मंदिर के निकट द्वारिका नदी के तट पर स्थित श्मशान में तारा माँ की आराधना की थी जिसके कारण ये वशिष्ट आराधित तारा के नाम से भी जानी जाती हैं। डेविड आर. किंसले कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से प्रकाशित अपनी पुस्तक तांत्रिक विज़न ऑफ द डिवाइन फेमिनिनन्द टेन महाविद्यास में बताते हैं कि स्थानीय परम्परा के अनुसार मुनि वशिष्ठ ने इस स्थान को इस कारण अपनी साधना के लिये चुना क्योंकि इसकी प्रसिद्धि सिद्ध पीठ के रूप में थी। वशिष्ट मुनि ने यहां कठोर तपस्या करते हुए 3 लाख तारा मंत्रों के जाप किये थे जिससे प्रसन्न होकर देवी तारा उनके समक्ष पकट् हुई। वशिष्ठ के अनुरोध पर देवी ने उन्हें भगवान शिव को दुग्ध-पान कराते हुए मातृ स्वरुप में दर्शन दिये जिसके उपरांत वे शिलामूर्ति में परिवर्तित हो गईं। बाद में द्वारिका नदी के तट पर स्थित श्मशान, जहां वशिष्ट मुनि ने तपस्या की थी, से प्राप्त तारा माँ की इस शिलामयी प्रस्तर मूर्ति को मुख्य तारा मंदिर में लाकर प्रतिष्ठित किया गया है जिसके उपर देवी की चांदी की मुखाकृति आवेष्ठित कर दी गई है जिसका दर्शन-पूजन श्रद्धालुगण करते हैं। प्रतिदिन देर रात्रि में भक्तों को देवी तारा के शिलारुप का दर्शन कराया जाता है। मुख्य तारा मंदिर के निकट स्थित श्मशान में, जहां वशिष्ट मुनि ने तपस्या की थी, परिसर में वशिष्ठ मंदिर तथा पंचमुंडी मंदिर निर्मित है जहां साधना करते साधकों को देखा जा सकता है। हिंदू धर्मावलंबियों की तरह बौद्ध धर्म में भी देवी तारा का अत्यंत महात्यम है। बौद्ध धर्म में भी ये शाक्त देवी के रूप में पूजी जाती हैं। बौद्ध धर्म की तिब्बती मान्यताओं में आर्यतारा महायान में नारी बोधिसत्व और वज्रयान में नारी बुद्ध के रूप में पूजा की जाती है जो मुक्ति व सफलता प्रदान करती हैं। मां तारा के महात्म्य की चर्चा उनके अनन्य भक्त बामाखेपा अर्थात बामदेव का उल्लेख किये बिना अधूरी है। मां की भक्ति में सुध-बुध खोकर सदैव लीन रहनेवाले बामदेव ऐसे रम गये कि लोग उनको खेपा अर्थात् पागल कहकर पुकारने लगे। आज उनकी प्रसिद्धि बामा खेपा के नाम से है। बामा खेपा का जन्म तारापीठ से 8 कि.मी. की दूरी पर आटला नामक ग्राम में हुआ था। कहते हैं उन्हें मा का दर्शन प्राप्त हुआ था। तारापीठ में मा तारा के मंदिर परिसर में ही बामदेव का भी मंदिर है।

# जौर हादसे पर सांसद वरुण चौधरी ने जताया गहरा दुख

## कहा : लापरवाह सिस्टम ने ली मासूम जान, गलियों का किया पैदल निरीक्षण



**पिंजौर, 3 जुलाई ( अजीत सिंह/अख्तर फ़ारूक़ी ) :** पिंजौर की वार्ड 11 हनुमान मंदिर गली में 9 वर्षीय मासूम बच्ची मन्नू की खुले नाले में गिरकर हुई दर्दनाक मौत के बाद अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी (मुलाना) पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और इस दुख की घड़ी में संवेदना व्यक्त की। वरुण चौधरी मुख्य सड़क से स्कूल वाली गली होते हुए पैदल चलकर पीड़ित के घर पहुंचे। जहां उन्होंने पूरी गली का निरीक्षण किया और खुद हालात को देखा। निरीक्षण के बाद वे बिटना रोड की ओर से निकले, जहां लोगों ने उन्हें और खतरनाक हालात से अवगत कराया। वरुण चौधरी ने कहा यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की नाकामी का जीता-जागता सबूत है। 9 साल की बच्ची को इसलिए जान गंवानी पड़ी क्योंकि नालों को ढकने और जल निकासी का कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया। स्थानीय लोगों और पुरशोत्म बेटी के पिता ने बताया कि कई बार प्रशासन से मांग की गई, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा मुख्यमंत्री खुद कह चुके थे कि जून 2025 तक प्रदेश की सड़कों की हालत सुधर जाएगी, लेकिन अब जुलाई शुरू हो चुका है और सड़कों के हालात बद से बदतर हैं। भाजपा सरकार की जुमलेबाजी कब खत्म होगी, ये समय बताएगा।

वरुण चौधरी ने कहा कि लोग हमें समस्याएं लिख कर दें। हम जल्द ही इन समस्याओं का हल करेंगे समाजसेवी सचिन शर्मा (प्रधान, भगत सिंह ग्रुप, पिंजौर) ने कहा मैंने स्वयं कुछ दिन पहले इन गलियों का दौरा किया था और देखा था कि यहां बारिश के पानी की निकासी, खुले नालों की स्थिति और गलियों की संरचना कितनी खतरनाक है। आज जो हादसा हुआ, वो पहले ही रोका जा सकता था, अगर प्रशासन ने समय पर ध्यान दिया होता। मैंने मौके पर सांसद वरुण चौधरी को भी गुरुद्वारे के पास बनी उस पुलिया के बारे में जानकारी दी, जो बिटना रोड पर स्थित है। यह पुलिया लगभग 20 फुट गहरे खुले नाले के ऊपर बनी है, लेकिन उसकी दोनों ओर न कोई दीवार है, न कोई सुरक्षा की जाली।

यह पुलिया रोड के दोनों तरफ से पूरी तरह खुली हुई है और लोगों, खासकर बच्चों के लिए जानलेवा खतरा बनी हुई है।

सचिन ने कहा कि मैं प्रशासन से कड़ी मांग करता हूं कि इस पुलिया के दोनों किनारों पर पक्की सुरक्षा दीवारें बनाई जाएं, ताकि किसी और परिवार को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े। यह समय है प्रतीकात्मक कार्य नहीं, ज़मीनी सुरक्षा सुनिश्चित करने का। वहीं लोगों ने वरुण चौधरी को बिटना रोड स्थित गुरुद्वारे के पास बनी पुलिया को भी सबसे बड़ा मुद्दा बताएं, जो की करीब 20 फुट चौड़ा नाला खुला पड़ा है, न कोई दीवार है और न ही कोई सुरक्षा जाली — जो आने वाले समय में किसी और हादसे को जन्म दे सकता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सभी खुले नालों को जल्द ढका जाए बारिश के पानी के बहाव को वैज्ञानिक ढंग से नियंत्रित किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। मौके पर इन प्रमुख लोगों ने पहुंचकर परिवार के साथ साझा किया हरियाणा प्रदेश कग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव एवं पूर्व मेयर पचकूला मनवीर कौर गिल,सुनील शर्मा (प्रधान जिला परिषद पंचकूला),चंचल शर्मा, कमलेश शर्मा (जिला अध्यक्ष महिला विंग), संजय राणा, गुरु प्यार, आरसी शर्मा (अध्यक्ष, हरियाणा वेलफेयर कौंसिल), डॉ. पवन कुमार, आर.के. भाटिया (प्रेसिडेंट, कबीर पंथ महासभा इंडिया), प्रेम शर्मा,भारत भूषण बख्शी,सतपाल चोपड़ा,बनवारी लाल,श्याम लाल सैनी, शशि किरण,सीमा सैनी, पुष्पिंदर शर्मा, गणपत राय व पार्षद रवि चौधरी ने मौके पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के साथ दुख साझा किया।

## मुख्य कारखाना अभियंता को कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में सौंपा ज्ञापन



**कालका, 3 जुलाई ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह ) :** कालका कारखाने में एन आर एम यू वर्कशॉप ब्रांच द्वारा नई दिल्ली बडौदा हाउस से आए मुख्य कारखाना अभियंता शैलेंद्र कुमार रावत के साथ कारखाने व कर्मचारियों की समस्याओं के बारे ज्ञापन सौंपा। जिसमें शाखा मंत्री प्रदीप शर्मा ने कारखाने में ग्रुप डी और लेखा कर्मियों की कमी के बारे में, रेलवे अस्पताल में सुविधाओं की कमी के बारे, बारिश के मौसम में रेलवे क्वाट्रो की खस्ता होती हालत को ठीक करवाने बारे, आई ओ डब्लू कालका के पास स्टाफ की कमी के बारे में ,रेलवे समुदाय भवन, रेलवे इंस्टीट्यूट और रेलवे ग्राउंड को आधुनिक बनाए जाने के बारे में चर्चा की। जिसमें मुख्य कारखाना अभियंता के द्वारा पूरी समस्याओं को गोर से सुन शीघ्र ही इन सारी समस्याओं का निवारण करने के लिए आश्वासन दिया। इस मीटिंग में मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष कमल कुमार व अन्य पदाधिकारी ने भाग लिया।

## रायपुररानी पुलिस ने अवैध माइनिंग में लिप्त टिप्पर जब्त किया, क्षेत्र में निगरानी तेज



**रायपुररानी, 3 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुररानी क्षेत्र में त्रिलोकपुर चौक के पास वीरवार को रायपुररानी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध माइनिंग में संलिप्त एक टिप्पर को पकड़कर जब्त कर लिया। टिप्पर में बड़ी मात्रा में ग्रैवर लदा हुआ था। पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी के दौरान जब वाहन को रोका गया, तो चालक वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और नियमित रूप से नाकाबंदी की जा रही है। मामले की जानकारी माइनिंग विभाग पंचकूला को दी गई, जिसके अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर टिप्पर को इम्पाउंड करने की पुष्टि की। पुलिस ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस तरह के अवैध कार्यों में लिप्त पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पुलिस ने बागवाला से अवैध हथियार के साथ युवक को किया गिरफ्तार, बड़े नेटवर्क का संदेह

**रायपुररानी, 3 जुलाई ( देवेन्द्र सिंह ) :** रायपुररानी थाना क्षेत्र के गांव बागवाला में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देशी मस्कट और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह सफलता क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम को मिली, जो एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के मार्गदर्शन में क्षेत्र में गश्त कर रही थी। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक बागवाला की ओर जाने वाली सड़क पर संदिग्ध अवस्था में खड़ा है और उसके पास हथियार हो सकता है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और युवक को काबू किया ।गिरफ्तार युवक की पहचान 20 वर्षीय मोहम्मद कैफ पुत्र इंतकाब निवासी गांव बसेड़ा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसकी कमर के पीछे टी-शर्ट के नीचे




छुपाया गया देशी मस्कट और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रायपुररानी थाने में मामला दर्ज किया। बाद में आरोपी युवक को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले की जांच सब-इंस्पेक्टर राकेश कुमार कर रहे हैं। एसीपी अरविंद कंबोज ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि पता लगाया जा सके कि हथियार कहां से आया, किस उद्देश्य से रखा गया था और क्या वह किसी आपराधिक वारदात में शामिल था। पुलिस को संदेह है कि यह मामला बड़े हथियार सप्लायर नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है, जिसके तार अन्य राज्यों तक फैले हैं। आरोपी के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और संपर्कों की जांच भी की जा रही है।

## सैनी समाज सभा कुरुक्षेत्र द्वारा 6 जुलाई बाबैन में आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री अभिनंदन समारोह स्थगित



**बाबैन, 3 जुलाई ( राजेश कुमार ) :** सैनी समाज सभा कुरुक्षेत्र द्वारा 6 जुलाई को बाबैन अनाज मंडी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अभिनंदन समारोह मुख्यमंत्री के बिहार दौरे और मानसून के मौसम के चलते स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी का अभिनंदन समारोह अब अगस्त माह में किया जाएगा जिसकी तारीख बाद में तय की जाएगी।

बाबैन में सैनी समाज के अग्रणी लोगों की बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 6 जुलाई को बिहार में कार्यक्रम है और मानसून का मौसम भी जोरों पर है।

उन्होंने कहा कि सैनी समाज सभा ने फैसला किया है कि मुख्यमंत्री का अभिनंदन समारोह जुलाई की बजाए अगस्त के महीने में किया जाए ताकि लोगों को समारोह में आने में कोई परेशानी ना हो।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का बाबैन में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में सैनी समाज के लोग भा लेंगे। इस अवसर पर नायब सिंह पटाकमाजरा, सुभाष कसीथल, जसविंदर जस्सी, कौशल सैनी, डिम्पल सैनी, तरसेम राय, हरिकेश, रामस्वरूप रतगल, सुखश्याम सैनी, रोहताश कुमार सहित सैनी समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों व फसल अवशेष आपूर्ति श्रृंखला स्थापना हेतु 15 जुलाई तक करें ऑनलाईन आवेदन : पार्थ गुप्ता

**यमुनानगर, 3 जुलाई ( दिनेश कुमार ) :** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों व फसल अवशेष आपूर्ति श्रृंखला स्थापना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान योजना का लाभ लेने के लिए विभागीय पोर्टल www.agriharyana.gov.in पर दिनांक 15 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक आदित्य प्रताप ने बताया कि भारत सरकार द्वारा फसल अवशेष के एक्स-सीटु प्रबंधन की महत्ता को ध्यान में रखते हुए फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2025-26 के अंतर्गत धान की पराली खरीदकर उपयोग करने वाले उद्योगों को फसल अवशेषों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए फसल अवशेष/पराली आपूर्ति श्रृंखला योजना लागू की जा रही है। योजना के अन्तर्गत ऐसे उद्यमी अपने उद्योग में पराली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में कृषि यंत्रों हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

सहायक कृषि अभियन्ता डॉ. विनीत कुमार जैन ने बताया कि फसल अवशेष/पराली आपूर्ति श्रृंखला योजना के तहत ऐसे उद्यमी जो अपने उद्योगों में धान के फसल अवशेषों को उपयोग कर रहे हैं अपने उद्योग हेतु पराली की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु कृषि यंत्रों को खरीदने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिसमें उद्यमी द्वारा किसान के खेतों से पराली/फसल अवशेषों की गांठे एकत्रित करके उद्योग में प्रयोग हेतु खरीदी जायेगी। एक सीजन में न्यूनतम 3000 मीट्रिक टन फसल अवशेष सप्लाई के लिए 1 करोड़ रुपये तक की मशीनरी खरीदने के लिए परियोजना तैयार करनी होगी। इसी प्रकार न्यूनतम 4500 मीट्रिक टन फसल अवशेष सप्लाई के लिए 1.5 करोड़ रुपये तक की मशीनरी खरीदने के लिए परियोजना तैयार करनी होगी।

इन कृषि यंत्रों को चलाने के लिए उद्यमी को एग्रीगेटर किसान/किसान समूह/ग्रामीण उद्यमी/किसानों की सहकारी समिति/एफ.पी.ओ./पंचायत का चयन करना होगा। आवेदनकर्ता उद्यमी तथा एग्रीगेटर के मध्य अनुबंध किया जायेगा। परियोजना के कुल लागत खर्च का 65 प्रतिशत खर्च सरकार द्वारा, 25 प्रतिशत उद्योग द्वारा व 10 प्रतिशत मशीनरी चलाने वाले एग्रीगेटर द्वारा वहन किया जायेगा। लाभार्थियों का चयन उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति तथा राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति द्वारा किया जायेगा। उक्त योजनाओं में लाभ लेने हेतु इच्छुक विभागीय पोर्टल www.agri haryana.gov.in पर अपना ऑनलाईन आवेदन 15 जुलाई 2025 तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान उप कृषि निदेशक, यमुनानगर अथवा सहायक कृषि अभियन्ता, यमुनानगर के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## अमरनाथ यात्रा के लिए बस रवाना पार्षद विभोर पाहुजा ने दिखाई हरी झंडी



**यमुनानगर, 3 जुलाई ( संजीव कुमार ) :** हर हर महादेव दल सेवा दल मंडल द्वारा आयोजित अमरनाथ यात्रा के लिए आज वार्ड नंबर 8 के पार्षद विभोर पाहुजा ने एक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पावन अवसर पर सभी श्रद्धालु भाव-विभोर होकर उपस्थित रहे। यह यात्रा 10 साल से लेकर जाते हैं। इस बस में कुल 40 श्रद्धालु पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए निकले हैं। यात्रा वैष्णो दरबार होते हुए वापस आते हैं दर्शन करके, एक सप्ताह के बाद वापस यात्रा आती है । श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है—रहने, खाने और यात्रा के अन्य जरूरी प्रबंध सेवा मंडल द्वारा किए गए हैं। बस मैं तो ए सी है, जलपान की पूरी व्यवस्था की जा रही है श्रद्धालुओं को कहीं भी दिक्कत का सामना न करना पड़े। हर हर महादेव सेवा मंडल की ओर से यह पहल हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है।

## लायंस क्लब बाबैन ने सामाजिक सेवा कार्य करके की नए वर्ष की शुरुआत

**बाबैन, 3 जुलाई ( राजेश कुमार ) :** लायंस क्लब बाबैन द्वारा नये लॉयनिस्टिक वर्ष 2025-26 की शुरुआत सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित करके की। लायंस क्लब के सदस्यों ने वर्ष के पहले दिन की शुरुआत गौ माता को चारा खिला करने के उपरांत दिनभर धार्मिक संस्थानों में पौधारोपण किए गए। इस दिन को विशेष बनाते हुए क्लब के सदस्यों ने सीए दिवस व डॉक्टर दिवस के उपलक्ष्य पर डॉक्टर व सीए को सम्मानित किया और सायंकालीन सत्र में लायंस क्लब बाबैन द्वारा जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबैन लायंस क्लब के प्रधान चंद्रशेखर आत्रये, पूर्व प्रधान रवि प्रकाश व क्लब के डायरेक्टर रमेश सैनी ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य सहयोग लायंस क्लब के सचिव गुरबचन सिंह व ट्रेजर दिनेश सैनी का रहा। नये लॉयनिस्टिक वर्ष 2025-26 की शुरुआत के अवसर पर बाबैन के



एक निजी होटल में बाबैन लायंस क्लब के प्रधान चंद्रशेखर आत्रये ने पत्रकारों के समक्ष बोलते हुए कहा है कि लायंस अध्याय भी समाज सेवा है और समाज सेवा सर्वोपरि है. हमें समाज के धार्मिक कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए, इसके अतिरिक्त रक्तदान के माध्यम से हम कहीं जिंदगियों को बचा सकते हैं हमें सदैव रक्तदान के लिए तत्पर रहना चाहिए रक्तदान से किसी प्रकार के शरीर में कोई विकार उत्पन्न नहीं होते अपितु रक्तदान शारीरिक तौर पर विकास के लिए जरूरी है रक्तिम शिविर के दौरान 44 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया वर्षा ऋतु को मध्य नजर रखते हुए क्लब के सदस्य द्वारा गांव चिकित्सालय तथा हनुमान मंदिर में वृक्षारोपण कर पौधों कि संभल हेतु भी प्रेरित किया गया।

## बिजली कर्मचारियों ने सुख-शांति व समृद्धि के लिए किया हवन-भंडारे का आयोजन



**बाबैन, 3 जुलाई ( राजेश कुमार ) :** बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बिजली कर्मचारियों व क्षेत्र के लोगों की सुख-शांति, आपसी सौहार्द एवं विभाग की तरक्की के लिए कार्यालय परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन किया। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित वैभव शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ करवाई जिसमें सभी बिजली कर्मचारियों ने आहुतियां डालकर विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद कर्मचारी एसडीओं सुरेन्द्र सिंह कम्बोज और युनिट प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में पीर की मजार पर पहुंचे जहां उन्होंने मजार पर चादर चढ़ाई और बिजली कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र में अमन-चैन, भाईचारा और विभाग के सुचारू कार्य के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर बिजली बोर्ड के एसडीओ सुरेंद्र सिंह कम्बोज ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं बल्कि कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग व संगठन की भावना को भी मजबूत करते हैं। यूनियन प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि विभाग की बेहतरी और कर्मचारियों के कल्याण के लिए यूनियन हमेशा तत्पर है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वह विभाग की गरिमा बनाए रखते हुए सेवाओं का बेहतर प्रदर्शन करें। इस कार्यक्रम में सचिव रणबीर, प्रधान रमेश कुमार, जसविन्द्र सैनी, मोहित, राजेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र सेठी, विनोद कुमार, गुरमीत सिंह, सुच्चा सिंह, लवी कुमार, विशाल कुमार, जितेन्द्र सैनी, राहुल, विकास, प्रवीण कुमार के अलावा अनेक बिजली कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकास के नए कीर्तिमान ही भाजपा सरकार की पहचान : भगवानदास कबीरपंथी

### विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**तरावड़ी, 3 जुलाई ( छाया शर्मा ) :** हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में रिकार्डतोड़ विकास हो रहा है। भाजपा सरकार के शासन में विकास कार्यों से लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन में काफी तेजी आई है। जिसके कारण लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी तरावड़ी स्थित अपने आवास पर आमजन की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने संबधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के हल



करने के भी सख्त निर्देश दिए। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही आने दी जाऐगी। हर समस्या का प्रमुखता से समाधान करवाया जाऐगा। कबीरपंथी ने कहा कि कांग्रेस शासन और भाजपा शासन की तुलना करें तो भाजपा सरकार ने हजारों गुणा बेहतर काम किया है। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल में पार्टी के इरादे और मजबूत हुए हैं। उसी मजबूती के साथ हरियाणा प्रदेश में विकास कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि विकास के नए कीर्तिमान ही भाजपा सरकार की पहचान है। विधायक कबीरपंथी ने आवास पर समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनके पास आए, वह लिखित शिकायत लेकर आए। उस शिकायत पर साफ-साफ संबंधित व्यक्ति का पता और उसका मोबाइल नंबर अवश्य हो, ताकि आसानी से संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का हर दिन फोलोअप लिया जाएगा।

# हरियाणा में जनप्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन पर गर्व:हरविन्द्र कल्याण

## राष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई विकास की अच्छी प्रक्रियाओं को देशभर में शहरी निकायों के लिए मार्गदर्शक बनेगा

## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी का अवसर मिलने पर जताया आभार

**चंडीगढ़, 3 जुलाई ( के.के संधू ):** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि जिस पावन धरती से भगवान श्रीकृष्ण ने संपूर्ण मानवता को गीता ज्ञान और कर्म का संदेश दिया, उसी धरती पर देशभर के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होना, न केवल हरियाणा विधानसभा बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है। यह राष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई विकास की अच्छी प्रक्रियाओं को देशभर में शहरी निकायों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। कल्याण गुरुवार को मानेसर में आयोजित देश के प्रथम शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन में स्वागत संबोधन कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि यह दो दिवसीय सम्मेलन शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, महिलाओं और युवाओं को समर्पित है। सम्मेलन में संवाद और चर्चा के माध्यम से जो अच्छी प्रक्रियाएं और नवाचार सामने आएंगे, उन्हें जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करेंगे। हरियाणा की धरती पर मिले अनुभवों को देशभर में प्रसारित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि हाल ही में पटना में आयोजित राज्यों की विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में जो प्रस्ताव पारित किए गए थे, उनका समर्थन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने बजट भाषण में भी किया है। अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने कहा कि विधायी संस्थाएं जिनमें संसद, विधानसभाएं, शहरी निकाय व पंचायतें मिलकर एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें इसी उद्देश्य को लेकर आज यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और यहां से निकले विचार विधायिकाओं की भूमिका को सक्रिय, प्रभावी, सहभागी और जनहितकारी बनाने में सहयोग करेंगे। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण एवं उपाध्यक्ष डा.कृष्ण लाल मिड्ढा ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को श्रीमद्भागवत गीता, शॉल और प्लांट पॉट भेंट कर उनका अभिनंदन किया।






**शहरी निकाय वह सरकार है जिनका जनता से सीधा सरोकार है :** शहरी निकाय अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में हरियाणा सरकार के शहरी निकाय एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय नागरिक सेवा एवं नागरिक संपर्क की प्रथम एवं अहम कड़ी है। उन्होंने कहा कि शहरी निकाय वह सरकार है जिनका जनता से सीधा सरोकार है। लोकतंत्र की सबसे छोटी नहीं बल्कि सबसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील इकाई है। उन्होंने सम्मेलन में पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण व देश भर से आए शहरी निकाय जन प्रतिनिधियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# एनडीपीएस एक्ट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने आरोपियों कब्जे से 2 किलो 974 ग्राम डोडा पोस्त किया बरामद



**करनाल, 3 जुलाई ( संदीप रोहिला ):** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 974 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर उप निरीक्षक हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में रकबा गांव रावर, करनाल में नाकाबंदी करके आरोपी चरणाराम निवासी उस्मानपर तहसील पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र को काबू किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मौके पर 2 किलो 974 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी इस नशे की खेप को जिला शामली,उत्तर प्रदेश से एक व्यक्ति से खरीद कर लाया था व आरोपी के खिलाफ पहले एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज है व इस मामले में आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है व इस मामले में आरोपी को अदालत के सम्मुख पेश किया गया व नशे की इस कारोबार में संलिप्त आरोपी के अन्य साथियों का पता लगाने हेतु मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# अवैध हथियार के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल, 3 जुलाई ( संदीप रोहिला ):** सीआईए-3 की टीम ने अवैध हथियार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा 315 बोर बरामद किया है। जानकारी के अनुसार टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव रकबा रावर से आरोपी सतीश उर्फ बल्लू निवासी गांव रावर व प्रिंस निवासी बाल्मीकि बस्ती मॉडल टाउन करनाल को गिरफ्तार किया गया। इस मामले के संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियो के खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। इस संबंध में आज दोनों आरोपियो को अदालत के सामने पेश किया गया व इस मामले में गहनता से जांच हेतु अग्रिम अनुसंधान जारी है

# कलायत भाकियू का भाजपा पर कॉर्पोरेटपरस्ती का आरोप, स्मार्ट मीटर का विरोध

**कलायत, 3 जुलाई ( सूबे सिंह मोर ):** हरियाणा भारतीय किसान यूनियन ( भाकियू) के युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद ने भाजपा सरकार



पर कॉर्पोरेट घरानों के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली सस्ती करने का वादा किया था, लेकिन अब दाम बढ़ा दिए हैं और बिजली निगम को निजी कंपनियों को सौंपने के लिए स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी कर रही है। भाकियू इसका पुरजोर विरोध करेगी। बिजली बिलों में धांधली और सरकार की दोहरी नीति पर सवाल आजाद ने बताया कि बिजली निगम के अधिकारी मनमर्जी से बिल भेजकर उपभोक्ताओं और किसानों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाए, खासकर प्रदूषण के मुद्दे पर। उनका कहना था कि बड़ी कंपनियां विदेशों से टायर जलाती हैं तो सरकार चुप रहती है, लेकिन किसानों द्वारा पराली जलाने पर मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। उन्होंने 10 साल पुराने वाहनों को हटाने की बात के साथ 13 साल पुराने जहाजों को उड़ाने की अनुमति देने पर भी नाराजगी जताई, हाल ही में पुराने जहाजों के कारण हुए हादसों का भी जिक्र किया। 4 जुलाई को कैथल में होगी भाकियू की बैठक रवि आजाद ने घोषणा की कि क्षेत्र में बिजली-पानी, खाद, बिजली पोल और ड्रेन की सफाई जैसी समस्याओं को लेकर 4 जुलाई को कैथल लघु सचिवालय में भारतीय किसान यूनियन की बैठक होगी। इस बैठक में संबंधित अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया जाएगा और यदि जल्द समाधान नहीं होता है, तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान भाकियू जिला अध्यक्ष गुरनाम सहारण, किसान नेता सुरेंद्र चौशाला, संदीप गिल और भीम सिंह भी मौजूद थे।

# जयकवार कंसल बने श्री नागक्षेत्र मंदिर सुधार समिति के अध्यक्ष

**सफीदों,3 जुलाई ( एस.के.मित्तल ):** श्री नागक्षेत्र मंदिर सुधार समिति की एक बैठक श्री नागक्षेत्र मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमोद कुमार ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा श्री नागक्षेत्र मंदिर सुधार समिति का अध्यक्ष चुनाव रहा। काफी विचार विमर्श के उपरांत उपस्थित लोगों ने एकमत होकर जयकवार कंसल के नाम पर अपनी सहमति जताई। सभी ने करतल ध्वनि के साथ जयकवार कंसल को समिति का अध्यक्ष चुना। अपने संबोधन में नवनियुक्त अध्यक्ष जयकवार कंसल ने कहा कि समिति के सदस्यों व समाज के मौजिज लोगों ने उन पर जो विश्वास किया व्यक्त किया है उसके लिए उनके उनका भी सदैव आभारी रहेंगे और उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान मंदिर के उत्थान के लिए बढ़-चढ़कर कार्य करेंगे। इस मौके पर प्रमोद कुमार, हरीश शर्मा, शंकर दास अरोड़ा, रवि थनई, पवन धवन, कृष्ण शर्मा, राकेश मित्तल विनोद शर्मा व पुजारी यतींद्र कौशिक विशेष रूप से मौजूद थे।



